CMYK

अधिकतम : 22°C
न्यूनतम : 12°C

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुजफ्फरनगर, शुक्रवार 10 अप्रैल 2026 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 27 अंक 82 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | बैसाख कृष्ण पक्ष 8 विक्रमी सम्वत् 2083 | 21 शव्वाल 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



बेकाबू हो रहे इजरायल पर लगाम कसे अमेरिका: उमर अब्दुल्ला पेज 2



शुभमन गिल पर लगा 12 लाख रुपये का जुर्माना खेल टाइम्स



क्या भारतीय राजनीति में अब उम्र की सीमा तय होनी चाहिए सम्पादकीय



सऊदी अरब और तेहरान के बीच नजदीकियां बढ़ीं पेज 12

# इजरायल का लेबनान पर बड़ा हमला

## 254 लोगों की मौत, 1100 से अधिक नागरिक घायल

**बेरूत, वार्ता**


**युद्धविराम समझौता होने के कुछ ही घंटों बाद अब तक का सबसे भीषण हमला किया**

**बेरूत, बेका घाटी, माउंट लेबनान, सिडोन, दक्षिणी गांवों सहित कई क्षेत्रों को बनाया निशाना**

**IDF ने हिजबुल्लाह के अली यूसुफ हर्षी को भी मारने का दावा किया, अभी तक पुष्टि नहीं**

**अमेरिका और** ईरान के बीच युद्धविराम समझौते के कुछ ही घंटों बाद इजरायल ने लेबनान में अब तक का सबसे भीषण हमला किया है, जिसमें भारी विनाश हुआ है और बड़ी संख्या में लोग हताहत हुए हैं। लेबनान के नागरिक सुरक्षा विभाग ने एक बयान में कहा कि बेरूत, बेका घाटी, माउंट लेबनान, सिडोन और दक्षिणी गांवों सहित कई क्षेत्रों में हुए हवाई हमलों में कम से कम 254 लोग मारे गए हैं और 1,100 से अधिक घायल हुए हैं।

इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ) ने तर्क दिया कि इन हमलों का उद्देश्य हिजबुल्लाह से जुड़े बुनियादी ढांचे को नष्ट करना था। हमलों के मुख्य निशाने लितानी नदी पर बने प्रमुख क्रॉसिंग थे। इजरायल इसे दक्षिणी लेबनान को अलग-थलग करने और अपनी सीमा से लगभग 30 किलोमीटर तक बफर जोन स्थापित करने की एक व्यापक रणनीति का हिस्सा बता रहा है। आईडीएफ ने हिजबुल्लाह के अली यूसुफ हर्षी को भी मारने का दावा किया है, हालांकि हिजबुल्लाह ने अभी तक इसकी पुष्टि नहीं की है। इस अभियान की व्यापकता और तीव्रता ने पूरी दुनिया को स्तब्ध कर दिया है। इजरायली सेना ने कथित तौर पर कुछ ही मिनटों के भीतर लगभग 100 स्थानों पर हमला किया। संयुक्त राष्ट्र के अधिकारियों ने इस बमबारी को 'विशाल' बताया है। लेबनान के अस्पताल घायलों की बढ़ती संख्या के कारण जूझ रहे हैं और रक्तदान के लिए तत्काल अपील की गई है।



संयुक्त राष्ट्र ने इन हमलों की निंदा करते हुए चेतावनी दी है कि यह हिंसा उस समय हुई जब शांति की उम्मीदें -शेष पृष्ठ दो पर

### होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने के बाद मुंबई पहुंचा एलपीजी जहाज 'ग्रीन आशा'

**मुंबई।** मुंबई के पास स्थित जवाहरलाल नेहरू पोर्ट अथॉरिटी (जेएनपीए) ने गुरुवार को 'ग्रीन आशा' नामक एक भारतीय ध्वज वाले एलपीजी जहाज का स्वागत किया। इस जहाज ने रणनीतिक रूप से संवेदनशील होर्मुज स्ट्रेट को सफलतापूर्वक पार किया है। यह जहाज बीपीसीएल- आईओसीएल द्वारा संचालित लिक्विड बर्थ पर लंगर डाल चुका है। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, इस जहाज में 15,400 टन लिक्विफाइड पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) लदी हुई थी।

## ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट से सुरक्षित निकलने का मैप किया जारी




**तेहरान।** ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने वाले जहाजों के लिए नया मैप जारी किया है। इसका मकसद जहाजों को समुद्र में बिछी बारूदी सुरंगों से बचाना है।

इस मैप में उन खतरनाक इलाकों को दिखाया गया है, जहां जहाजों का जाना मना है। रिपोर्ट के मुताबिक, पहले जहाज ओमान के किनारे के पास से गुजरते थे, लेकिन अब उन्हें ईरान के किनारे के पास से निकलने की सलाह दी गई है। इससे माइन वाले इलाकों से बचा जा सकता है। ईरान ने जहाजों से कहा है कि वे पहले उसके अधिकारियों से संपर्क करें, तभी उन्हें सुरक्षित रास्ता बताया जाएगा। ईरान अब इस रास्ते से गुजरने वाले तेल के जहाजों पर नजर भी रखेगा। हर जहाज को पहले अपने माल यानी कार्गो की पूरी जानकारी देनी होगी, उसके बाद ही आगे जाने की इजाजत मिलेगी। वहीं फाइनेंशियल टाइम्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक, ईरान हर बैरल

- **कहा: धमाके से बचने के लिए हमसे बात करें, रिपोर्ट: प्रति बैरल एक डॉलर टोल लगाएगा ईरान**
- **ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट दोबारा बंद किया**
- **लेबनान पर इजरायल के भीषण हमले के बाद फैसला**

तेल पर 1 डॉलर टैक्स लेने की तैयारी कर रहा है और यह पैसा क्रिप्टोकरेंसी में लेना चाहता है। ईरान इस रास्ते से गुजरने वाले हर जहाज पर नजर रखेगा और कंट्रोल करेगा। जहाजों को पहले अपने माल (कार्गो) की जानकारी देनी होगी, उसके बाद ही आगे जाने की इजाजत मिलेगी। ईरान के अधिकारी हामिद होसैनी ने कहा कि यह इसलिए किया जा रहा है ताकि अमेरिकी -शेष पृष्ठ दो पर

# मंदिरों में एंट्री रोकने से समाज बंटेगा: सुप्रीम कोर्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में गुरुवार को सबरीमाला केस की सुनवाई के दौरान मंदिरों के रीति-रिवाजों का जिक्र हुआ। जस्टिस नागरत्ना ने कहा कि मंदिरों में सिर्फ खास समुदाय की एंट्री और बाहरी लोगों की मनाही से समाज बंटेगा। यह हिंदू धर्म के लिए ठीक नहीं है।

उन्होंने आगे कहा कि मान लीजिए (सबरीमाला केस को छोड़कर), अगर यह कहा जाए कि सिर्फ गौड़ सारस्वत लोग ही एक मंदिर में आएं या कांची मठ के लोग सिर्फ कांची ही जाएं, दूसरे मठ (जैसे श्रृंगेरी) न जाएं तो यह ठीक नहीं होगा। बल्कि जितने ज्यादा लोग अलग-अलग मंदिरों और मठों में जाएंगे, उतना ही धर्म मजबूत बनेगा। उधर केंद्र सरकार की तरफ से पेश हुए सीनियर एडवोकेट वैद्यनाथन ने कहा कि इतिहास में ऐसे कई उदाहरण



- **अदालत ने इससे हिंदू धर्म को नुकसान बताया**
- **केंद्र ने कहा: धार्मिक मामलों में अदालतों का दखल ठीक नहीं**

हमारे सामने हैं, जब धर्म से जुड़े विवाद संवेदनशील होते हैं। वहां अदालतें हस्तक्षेप नहीं करतीं हैं। सुप्रीम कोर्ट की 9 जजों की बेंच ने गुरुवार को धार्मिक स्थलों पर महिलाओं के साथ भेदभाव से जुड़े मामलों में लगातार तीसरे दिन सुनवाई की। इसमें विभिन्न धर्मों में प्रचलित धार्मिक स्वतंत्रता की सीमा और दायरे पर भी विचार किया जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि मान लीजिए (सबरीमाला केस को छोड़कर), अगर यह कहा जाए कि सिर्फ गौड़ सारस्वत लोग ही एक मंदिर में आएं या कांची मठ के लोग सिर्फ कांची ही जाएं, दूसरे मठ (जैसे श्रृंगेरी) न जाएं तो यह ठीक नहीं होगा। बल्कि जितने ज्यादा लोग अलग-अलग मंदिरों और मठों में जाएंगे, उतना ही धर्म मजबूत बनेगा। आर्टिकल 17 (छुआछूत खत्म करना) बहुत ताकतवर प्रावधान है। यह सिर्फ कानून के तहत अपराध नहीं है, बल्कि संविधान इसे अपराध घोषित करता है। यह कानूनी ही नहीं, संवैधानिक स्तर पर भी गंभीर मामला है।

### दिल्ली विस समेत कई इमारतों को बम से उड़ाने की धमकी

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा समेत कई सरकारी कार्यालयों को गुरुवार को बम से उड़ाने की धमकी संबंधी ईमेल मिले। इसके बाद सुरक्षा एजेंसियों में हड़कंप मच गया। इसके बाद राष्ट्रीय राजधानी में प्रमुख सरकारी प्रतिष्ठानों और सार्वजनिक स्थानों पर व्यापक सुरक्षा जांच शुरू की गई। जांच के बाद सभी जगह बम होने की सूचना झूठी निकली। यह ईमेल सुबह 8.14 बजे विधानसभा और दिल्ली सरकार के कार्यालयों से जुड़ी ईमेल आईडी सहित कई आधिकारिक ईमेल आईडी पर भेजे गए।

## मणिपुर हिंसा: घायल मां से तीन दिन बच्चों की मौत छिपाई

**इंफाल।** मणिपुर के बिष्णुपुर जिले के मोइरांग ट्रोंगलाओबी में 6 अप्रैल की आधी रात एक घर पर बम से हमला हुआ। इसमें 5 साल के बेटे और 6 महीने की बच्ची की मौत हो गई, जबकि उनकी मां बिनाता ओइनाम गंभीर रूप से घायल हो गईं।

अस्पताल में भर्ती बिनाता तीन दिन तक अपने बच्चों के बारे में पूछती रहीं। परिवार के लोग उनकी हालत को देखते हुए सच्चाई छिपाते रहे। उन्होंने बताया कि बच्चों का इलाज चल रहा है। गुरुवार सुबह

- **अस्पताल में अखबार से सच पता चला, बम हमले में दो बच्चों की हुई थी मौत**

बिनाता को एक अखबार पढ़कर पता चला कि उनके दोनों बच्चे अब नहीं रहे। खबर पढ़ते ही बिनाता ओइनाम को गहरा सदमा लगा। वह रोने लगीं और बार-बार बेहोश होने लगीं। डाक्टरों ने दवाएं देकर उन्हें शांत किया। उनकी हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है।

## संक्षिप्त समाचार

### 2026-27 में 6.6 प्रतिशत रहेगी भारत की जीडीपी वृद्धि दर

**नई दिल्ली।** विश्व बैंक ने गुरुवार को कहा कि मौजूदा वित्त वर्ष 2026-27 में भारतीय अर्थव्यवस्था 6.6 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी और एक बार फिर दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगी। विश्व बैंक की यहां जारी भारत विकास अपडेट में कहा गया है कि पश्चिम एशिया संकट के कारण ईंधन की ऊंची कीमतों और आपूर्ति श्रृंखला में आई बाधा का आर्थिक गतिविधियों पर प्रभाव पड़ेगा, लेकिन इस सुस्ती के बावजूद भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली बड़ी अर्थव्यवस्था बना रहेगा।

### ईडी ने कोलकाता में मर्लिन ग्रुप पर छापा मारा

**नई दिल्ली।** ईडी के कोलकाता क्षेत्रीय कार्यालय ने सुशील मोहता और साकेत मोहता द्वारा प्रवर्तित मर्लिन प्रोजेक्ट्स लिमिटेड के खिलाफ चल रही मनी लॉन्ड्रिंगजांच के सिलसिले में सात परिसरों पर छापेमारी की। छापेमारी में पता चला कि आरोपियों और उनसे जुड़ी संस्थाओं ने कथित तौर पर जाली दस्तावेज बनाकर सार्वजनिक भूमि सहित कई भूखंडों पर धोखाधड़ी से कब्जा किया था। जांच में पता चला है कि सुशील मोहता, साकेत मोहता और उनसे जुड़ी संस्थाओं ने विभिन्न भूखंडों को अवैध रूप से हासिल करने के लिए जाली दस्तावेज बनाए।

# टीएमसी राज में मां-मानुष डरे हुए: मोदी

**कोलकाता।** पीएम मोदी गुरुवार को पश्चिम बंगाल में 3 चुनावी रैलियां कीं। उन्होंने बीरभूमि में कहा कि हम ऐसा समाज देखने चाहते हैं। जहां हर कोई भय से मुक्त हो। ये मां, माटी और मानुष की बात करते हैं। मां आज रो रही है, माटी पर घुसपैठियों का कब्जा हो रहा है और मानुष भयभीत है, डरा हुआ है।'

उन्होंने कहा कि 'गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर ऐसा समाज देखना चाहते थे, जहां हर कोई भय से मुक्त हो, लेकिन टीएमसी के महाजंगलराज ने एकदम उल्टा कर दिया। टीएमसी ने देश की पहली आदिवासी महिला राष्ट्रपति का अपमान किया था।' उन्होंने कहा कि आपने टीएमसी पर विश्वास

- **कहा: चार मई के बाद गुंडागर्दी का हिसाब लेंगे**
- **कांग्रेस और लेफ्ट एक थाली के चट्टे-बट्टे**

किया था, लेकिन टीएमसी ने बंगाल में बर्बरता की सारी हदें पार कर दीं हैं। 4 मई के बाद हर गुंडागर्दी का हिसाब लिया जाएगा। बंगाल में अब टीएमसी का भय नहीं, भाजपा का भरोसा चलेगा। बंगाल में 23 और 29 अप्रैल को वोटिंग है। रिजल्ट 4 मई को आएंगे। हल्दिया में पीएम ने 47 मिनट की स्पीच दी, भाजपा की 6 गारंटियां दीं। पहली- भय के माहौल में आज लोगों को बार-बार कानून से मदद मांगनी पड़ती है। लेकिन हमारी सरकार में आपको न्याय मिलेगा। दूसरी- सरकारी सिस्टम जनता के लिए जवाबदेह होगा। तीसरी- घोटाले, दुष्कर्म हर क्राइम की फाइल खुलेगी। चौथी- जिसने भी करप्शन किया है, उसकी जगह जेल में होगी। मंत्री हो या संत्री, जनता का पैसा नहीं खाने देंगे। पांचवीं- जो शरणार्थी हैं, उन्हें सम्मान मिलेगा, जो घुसपैठी हैं, उन्हें खदेड़ा जाएगा। छठवीं- सभी सरकारी कर्मचारियों को इस निर्मम सरकार ने भयभीत करके रखा है। मोदी सरकार आपके साथ खड़ी है। सरकार बनते ही यहां 7वां पे कमीशन लागू करवाएंगे।

# असम, केरलम और पुड्डुचेरी में बंपर वोटिंग

**नई दिल्ली।** देश के दो राज्यों असम, केरलम और केंद्र शासित प्रदेश पुड्डुचेरी में गुरुवार (9 अप्रैल) को विधानसभा चुनाव के लिए शाम 6 बजे तक वोटिंग हुई। चुनाव आयोग के अनुसार शाम 5 बजे तक असम में 84.42 प्रतिशत, केरलम में 75.01प्रतिशत और पुड्डुचेरी में 86.92 प्रतिशत वोटिंग हुई। असम में चुनाव संबंधी हिंसा में करीब 30 लोग घायल हो गए और सात लोगों को गिरफ्तार किया गया।

श्रीभूमि जिले के पथारकंडी में कांग्रेस और भाजपा समर्थकों की इस झड़प में करीब 25 लोग घायल हो गए, दो की हालत गंभीर है। पुड्डुचेरी में मन्नादिपेट में पोलिंग बूथ पर कांग्रेस और भाजपा समर्थकों में झड़प हो गई। पुलिस ने भीड़ पर लाठीचार्ज किया। पुडुचेरी के सीएम रंगास्वामी वोट डालने के लिए पोलिंग बूथ तक बाइक से पहुंचे। केरलम में पूर्व रक्षा मंत्री और कांग्रेस लीडर एके एंटनी ने तिरुवनंतपुरम में वोट डाला। असम के सीएम हिमंता बिस्व सरमा ने गुवाहाटी में मां कामाख्या मंदिर में पूजा की। -शेष पृष्ठ दो पर



- **असम में 84.42 फीसदी, केरलम में 75.01 फीसदी और पुड्डुचेरी में 86.92 प्रतिशत मतदान**
- **असम में चुनावी हिंसा में 30 घायल**
- **पुड्डुचेरी में भी कांग्रेस, भाजपा समर्थक भिड़े**

# संयुक्त राष्ट्र में भारत की बड़ी कूटनीतिक सफलता

**न्यूयॉर्क, वार्ता**

**संयुक्त राष्ट्र** में भारत को बड़ी कूटनीतिक सफलता मिली है। भारत ने आर्थिक और सामाजिक परिषद (ईसीओएसओसी )से जुड़े चार अहम निकायों के चुनाव में निर्विरोध जीत हासिल की है। इन सभी चुनावों में भारत का चयन सर्वसम्मति से हुआ, जो वैश्विक मंच पर उसकी मजबूत स्थिति को दर्शाता है। इन चुनावों में भारत को विकास के लिए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी आयोग , गैर-सरकारी संगठनों की समिति और कार्यक्रम एवं समन्वय समिति में चुना गया है।

इसके साथ ही, भारत की वरिष्ठ राजनयिक रहीं प्रीति सरन को आर्थिक,



सामाजिक और सांस्कृतिक अधिकारों की समिति में फिर से चुना गया है। वह इससे पहले इस समिति के सत्र की अध्यक्षता भी कर चुकी हैं। प्रीति सरन का 36 वर्षों का लंबा कूटनीतिक अनुभव रहा है, जिसमें उन्होंने वियतनाम में भारत की राजदूत के रूप में सेवा दी, साथ ही टोरंटो, जेनेवा, ढाका, काहिरा और मास्को जैसे महत्वपूर्ण स्थानों पर भी तैनाती संभाली। सीईएससीआर में 18 स्वतंत्र विशेषज्ञ शामिल होते हैं, जो आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक अधिकारों से जुड़े अंतर्राष्ट्रीय समझौते के पालन की निगरानी करते हैं। यह समिति भोजन, आवास, शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक सुरक्षा, पानी और

- **आर्थिक और सामाजिक परिषद से जुड़े चार अहम निकायों के चुनाव में निर्विरोध जीत हासिल की**

स्वच्छता जैसे बुनियादी अधिकारों से जुड़े मामलों पर नजर रखती है। वहीं, एनजीओ समिति संयुक्त राष्ट्र में सिविल सोसाइटी संगठनों की भागीदारी तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी आयोग विकास और सतत भविष्य से जुड़े मुद्दों पर दिशा तय करता है, जबकि कार्यक्रम एवं समन्वय समिति संयुक्त राष्ट्र एजेंसियों के कामकाज में तालमेल सुनिश्चित करती है। गौरतलब है कि ईसीओएसओसी संयुक्त राष्ट्र की उस केंद्रीय व्यवस्था का हिस्सा है, जो सतत विकास के तीनों आयाम आर्थिक, सामाजिक और पर्यावरणीय को आगे बढ़ाने का काम करती है। यह सफलता इन वैश्विक मुद्दों पर भारत की बढ़ती भूमिका और प्रभाव को भी रेखांकित करती है।

## सिक्किम में बर्फबारी, लैंडस्लाइड फंसे 135 पर्यटकों को सेना ने बचाया

**नई दिल्ली।** सिक्किम में भारी बर्फबारी के बीच कई जगह लैंडस्लाइड के कारण सड़क संपर्क टूट गया। लाचेन में करीब 1,000 पर्यटक फंसे हुए हैं और उन्हें जल्द से जल्द बचाने के लिए निरंतर प्रयास जारी हैं।

सेना ने कुल 135 फंसे पर्यटकों को बचाया है। उत्तर भारत में 3 वेस्टर्न डिस्टरबेंस के असर से अप्रैल में भी सर्दी का अहसास हो रहा है। राजस्थान में 20 दिनों से बदले मौसम के कारण तापमान 7 डिग्री तक कम हुआ है। मौसम विभाग ने गुरुवार के लिए छत्तीसगढ़ और बिहार समेत 17 राज्यों में आंधी-तूफान का अलर्ट जारी किया है। जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़, ओडिशा, सिक्किम, बंगाल, अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में बारिश का ऑरेंज अलर्ट है। बिहार में काल बैसाखी सिस्टम एक्टिव हो गया है।

- **राजस्थान में अप्रैल में सर्दी, उत्तराखंड व हिमाचल में बर्फ गिरी**

## संक्षिप्त समाचार

### प्रयागराज में अशरफ के गनर की गोली मारकर हत्या

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश में प्रयागराज जिले के करेली क्षेत्र में बीच सड़क पर अशरफ के गनर रहे इरफान गद्दी की गोली मार कर हत्या कर दी गई। पुलिस ने गुरुवार को बताया कि बीती रात गौस नगर में अज्ञात बदमाशों ने इरघन के सीने में गोली मार दी। इरफान सड़क पर ही काफी देर तंपता रहा, बाद में उसे अस्पताल पहुंचाया गया लेकिन खून ज्यादा बहने की वजह से उसकी मौत हो गई। वारदात की सूचना पर पुलिस आयुक्त सिटी मनीष कुमार शांडिल और सहायक पुलिस आयुक्त राजकुमार मीणा भी मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। फौरी तौर पर पुरानी रंजिश में हत्या की बात सामने आ रही हैं। सूत्रों ने बताया कि मृतक इरघन गद्दी दिवंगत अशरफ के साथ उनकी सुरक्षा मे बन्दूक लेकर चलता था। इलाके के लोग बता रहें हैं कि उसकी रंजिश चकिया के आशिफ दुर्रानी से चल रही थी। मामले की जांच पुलिस अभी कर रही हैं। मृतक के परिवार के सदस्य की तहरीर पर आशिफ दुर्रानी सहित एक अन्य पर मुकदमा दर्ज हुआ है।

### मुफ्त इलाज का झांसा देकर ठगी महिला गिरफ्तार

**कानपुर।** उत्तर प्रदेश में कानपुर की स्वरूपनगर पुलिस ने इलाज कराने के नाम पर ठगी कर आभूषण लूटने वाली एक महिला ठग को गिरफ्तार किया है। पुलिस उपायुक्त सेंट्रल अतुल कुमार श्रीवास्तव ने गुरुवार को यहां पत्रकारों को बताया कि बीते छह अप्रैल को हृदयरोग संस्थान में एक अज्ञात महिला द्वारा मरीज की पत्नी को इलाज कराने का झांसा देकर सोने के टॉप्स, मंगलसूत्र और पायल सहित करीब तीन लाख रुपये के आभूषण ठग लिए गए थे। इस संबंध में थाना स्वरूपनगर में मामला दर्ज किया गया था।

# बेकाबू हो रहे इजरायल पर लगाम कसे अमेरिका: उमर

## जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री ने कहा: युद्धविराम की विफलता के लिए ईरान दोषी नहीं होगा

**श्रीनगर, वार्ता**

जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने गुरुवार को कहा कि युद्धविराम की स्थिति सुनिश्चित करने के लिए अमेरिका को इजरायल पर लगाम कसनी चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि निरंतर होते हमले पश्चिम एशिया में शांति प्रयासों को पटरी से उतार सकते हैं।

उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के आचरण की भी आलोचना की और उनके बयानों में 'असंगति तथा अनुचित भाषा' का आरोप लगाते हुए कहा कि यह उनके पद की गरिमा के अनुकूल नहीं है। मुख्यमंत्री ने श्रीनगर में एक कार्यक्रम के इतर पत्रकारों से कहा कि ईरान ने संघर्ष की शुरुआत नहीं की थी और युद्ध उस पर ष्थोपाष गया था। उन्होंने युद्धविराम के बाद अमेरिका के जीत के दावों पर भी सवाल उठाए। उमर ने वाशिंगटन से ष्इजरायल को नियंत्रित करनेष का आह्वान किया और लेबनान में जारी हमलों तथा नागरिक हताहतों पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने



स्पष्ट किया कि यदि युद्धविराम विफल होता है, तो इसकी जिम्मेदारी ईरान पर नहीं बल्कि इजरायल पर डाली जानी चाहिए। श्री उमर ने भारत की विदेश नीति पर कांग्रेस की आला. चना के संबंध में कहा कि वह इसे विफलता या सफलता का नाम नहीं देंगे, लेकिन उन्होंने स्वीकार किया कि पाकिस्तान ष्वह करने में सफल रहा जो दूसरे नहीं कर सके। उन्होंने कहा कि इजरायल के साथ भारत के घनिष्ठ संबंधों ने शायद उसके राजनयिक दायरे को सीमित कर दिया है। उन्होंने सुझाव दिया कि यदि ऐसा न होता, तो अमेरिका और ईरान दोनों के साथ बेहतर संबंधों के कारण नई दिल्ली अधिक प्रभावी भूमिका निभा सकती थी। उमर ने कहा कि यदि पाकिस्तान ने इसमें योगदान दिया है, तो ष्इसकी सराहना की जानी चाहिए और हमें आगे बढ़ना चाहिए।ष श्री उमर ने महिला आरक्षण विधेयक की आवश्यकता पर सवाल उठाते हुए कहा कि संसद पहले ही इस मुद्दे पर कानून पारित कर चुकी है और सरकार को स्पष्ट करना चाहिए कि अब क्या बदल गया है। उन्होंने कहा कि अब तक कोई स्पष्ट उत्तर नहीं दिया गया है। उन्होंने पूछा कि अब क्या बदल गया है? उन्होंने ध्यान दिलाया कि यह कानून भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली राजग सरकार ही लाई और उसी के नेतृत्व में इसे पारित किया गया था, न कि यह किसी पिछली सरकार से विरासत में मिला था। उमर ने महिला आरक्षण के प्रति समर्थन दोहराया लेकिन कहा कि कुछ तो सही नहीं है। उन्होंने भारत सरकार, विशेष रूप से भाजपा से इस पर सच्चाई सामने रखने का आग्रह किया कि मौजूदा कानून होने के बावजूद नए विधेयक पर विचार क्यों किया जा रहा है।

# यूपी में 12 आईपीएस के तबादले

## कई जिलों में नई तैनाती



**प्रदेश सरकार ने कानून-व्यवस्था को प्रभावी बनाने के लिए बड़े पैमाने पर एएसपी व डीएसपी भी किए इधर से उधर**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने गुरुवार को भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के 12 अधिकारियों का तबादला कर दिया। इस संबंध में पुलिस मुख्यालय की तरफ से जारी आद. `श के तहत विभिन्न जनपदों और पुलिस कमिश्नरेट में तैनात अधिकारियों को नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। जारी सूची के अनुसार, आईपीएस अधिकारी सागर जैन को सहारनपुर (ग्रामीण) से प्रयागराज पुलिस कमिश्नरेट में पुलिस उपायुक्त बनाया गया है। मनोज कुमार रावत को गोंडा (पूर्वी) से संभल (दक्षिणी) में अपर पुलिस अधीक्षक के पद पर भेजा गया है। वहीं आयुष विक्रम सिंह को मेरठ (नगर) से बहराइच (नगर) में नई तैनाती दी गई है। इसी क्रम में विनायक गोपाल भोसले को सीतापुर से मेरठ (नगर) और अंतरिक्श जैन को मेरठ से बुलंदशहर (ग्रामीण) में अपर पुलिस अधीक्षक बनाया गया है। सुश्री दिविकल जैन को गौतमबुद्धनगर से लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट तथा सुश्री लिपि नागायच को गाजियाबाद से वाराणसी पुलिस कमिश्नरेट में अपर पुलिस उपायुक्त के पद पर नियुक्त किया गया है। राजकुमार मीणा को प्रयागराज से मिर्जापुर (नक्सल) और कुशभ रूनवाल को लखनऊ से सोनभद्र (नक्सल) में अपर पुलिस अधीक्षक के रूप में तैनाती मिली है। आलोक कुमार को संभल से प्रतापगढ़ (नगर पूर्वी) तथा डा. ईशान सोनी को वाराणसी से जालौन भेजा गया है। इसके अलावा मयंक पाठक को अलीगढ़ से सहारनपुर (ग्रामीण) में अपर पुलिस अधीक्षक के रूप में नियुक्त किया गया है। वहीं सरकार ने कानून-व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से गुरुवार को बड़े स्तर पर पुलिस विभाग में फेरबदल करते हुए कई अधिकारियों के तबादले किए हैं। जारी आदेश के तहत विभिन्न जिलों, पुलिस कमिश्नरेट और विशेष इकाइयों में तैनात अपर पुलिस अधीक्षकों (एएसपी) व पुलिस उपाधीक्षकों (डीएसपी) को नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।

# भाजपा के लिए एआई का मतलब इनकम: अखिलेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सपा प्रमुख ने कहा: सरकार जाते-जाते हर तरीके से जनता से पैसे वसूलने में लगी हुई है**

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि सरकार जाते-जाते हर तरीके से जनता से पैसे वसूलने में लगी हुई है। उन्होंने कहा कि पहले ट्रैफिक पुलिस के माध्यम से वसूली कराई जा रही थी और अब एआई के नाम पर जनता को लूटने का नया तरीका निकाला गया है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि भाजपाइयों के लिए एआई का मतलब आमदनी (इनकम) बन गया है।

यादव ने गुरुवार को एक्स पर लिखा ट्रैफिक जाम के पीछे कई वास्तविक कारण हैं, जिन पर सरकार ध्यान नहीं दे रही है। इसकी वजह सड़कों की खराब स्थिति, संकरी सड़कें, खराब ट्रैफिक सिग्नल, नाकाबंदी, रूट डायवर्जन, वन-वे व्यवस्था की कमी, जलभराव, डिवाइडर की खराब हालत और ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन आदि है। ट्रैफिक पुलिस की कार्य परिस्थितियां भी बेहद खराब हैं और उन्हें बुनियादी सुविधाएं तक उपलब्ध नहीं हैं। ड्राइवरों पर समय पर पहुंचने का दबाव, मानसिक तनाव और वाहनों की खराब फिटनेस भी दुर्घटनाओं और जाम की वजह बन रही है। सपा अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि चौराहों पर ट्रैफिक पुलिस की मौजूदगी कम रहती है, जबकि आगे मोड़ों पर छिपकर चालान काटने की प्रवृत्ति बढ़ गई है।

## उप्र में क्लस्टर आधारित समन्वित कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश

# बुनकर प्रदेश की अर्थव्यवस्था के महत्वपूर्ण आधार:योगी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**मुख्यमंत्री का दावा: बुनकरों की आय, सम्मान और स्थायित्व सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिकता**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि बुनकर प्रदेश की अर्थव्यवस्था के महत्वपूर्ण आधार हैं और उनकी आय, सम्मान व आजीविका की स्थिरता सुनिश्चित करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने बुनकरों की समस्याओं के समाधान के लिए क्लस्टर आधारित समन्वित कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए हैं।

गुरुवार को हथकरघा विभाग की समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि बुनकरों को कच्चे माल की बढ़ती लागत, आधुनिक डिजाइन व तकनीक की कमी और सीमित बाजार पहुंच जैसी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। इन समस्याओं के समाधान के लिए योजनागत सहायता के साथ एक मजबूत और परिणामोन्मुख तंत्र विकसित करना आवश्यक है। बैठक में बताया गया कि प्रदेश में करीब 1-99 लाख बुनकर कार्यरत हैं और देश में उत्तर प्रदेश इस क्षेत्र में छठे स्थान पर है। कालीन, दरी व मैट उत्पादन में प्रदेश अग्रणी है, जबकि बेडशीट, फर्निशिंग व ब्लैंकेट के उत्पादन में भी राज्य की महत्वपूर्ण भागीदारी है। वर्ष 2024-25 में देश के कुल हथकरघा निर्यात 1178.93 करोड़ रुपये में प्रदेश का योगदान 109.40 करोड़ रुपये रहा, जो लगभग 9.27 प्रतिशत है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि बुनकर बहुल क्षेत्रों की पहचान कर वहां क्लस्टर विकसित किए जाएं, ताकि उत्पादन, गुणवत्ता और विपणन को एकीकृत किया जा सके। उन्होंने कहा कि क्लस्टर केवल उत्पादन तक सीमित न रहकर वैल्यू चेन मॉडल पर विकसित हों, जिसमें डिजाइन, ब्रांडिंग, पैकेजिग और बाजार तक पहुंच शामिल हो। उन्होंने प्रत्येक क्लस्टर में बुनकरों को संगठित कर पंजीकृत इकाइयों के रूप में विकसित करने तथा उन्हें आधुनिक तकनीक, उन्नत उपकरण और कौशल प्रशिक्षण से जोड़ने पर जोर दिया।

### मुख्यमंत्री युवा योजना से बढ़ा इनोवेटिव स्टार्टअप का दायरा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार की 'सीएम युवा' पहल से युवाओं में इनोवेटिव व्यवसायों के प्रति रुचि तेजी से बढ़ रही है। प्रदेश में अब तक 10 हजार से अधिक इनोवेटिव उद्यम स्थापित हो चुके हैं, जिससे न केवल रोजगार के नए अवसर सृजित हो रहे हैं, बल्कि युवा स्वयं भी रोजगार देने वाले बन रहे हैं। अधिकारियों के अनुसार योजना के तहत स्थापित कुल उद्यमों में वर्तमान में लगभग 10 प्रतिशत इनोवेटिव मॉडल पर आधारित हैं। सरकार ने वित्तीय वर्ष 2026-27 तक इस हिस्सेदारी को बढ़ाकर 25 प्रतिशत करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इससे प्रदेश में स्टार्टअप संस्कृति को और मजबूती मिलने की उम्मीद है। सेक्टरवार आंकड़ों में फूड एवं रेस्टोरेंट व्यवसाय युवाओं की पहली पसंद बनकर उभरा है, जहां सर्वाधिक 763 इकाइयां स्थापित हुई हैं।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



**सेंसेक्स** 76631.65
**निफ्टी** 23775.10



**सोना** 147000
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



**चांदी रु.** 231000
प्रति किलो



# बैंकिंग, वित्तीय कंपनियों में बिकवाली, सेंसेक्स 931 अंक लुढ़का

**मुंबई, वार्ता**

विदेशों से मिले नकारात्मक संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजारों में गुरुवार को बैंकिंग एवं वित्तीय कंपनियों में बिकवाली हावी रही और बीएसई का सेंसेक्स 931.25 अंक (1.20 प्रतिशत) टूटकर 76,631.65 अंक पर बंद हुआ।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 222.25 अंक यानी 0.93 प्रतिशत नीचे 23,775.10 अंक पर आ गया। पिछले कारोबारी दिवस पर संसेक्स में तकरीबन चार प्रतिशत की तेजी के बाद आज हुई मुनाफा वसूली से प्रमुख सूचकांक गिरावट में रहे। हालांकि कुल मिलाकर निवेश धारणा मजबूत रही। मझौली और छोटी कंपनियों



के सूचकांक बढ़त में रहे। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.22 प्रतिशत और स्मॉलकैप.100 सूचकांक 0.17 प्रतिशत चढ़ा। बैंकिंग और वित्तीय कंपनियों पर सबसे अधिक दबाव देखा गया। ऑटो, तेल एवं गैस, रियलटी, एफएमसीजी और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद समूहों के सूचकांक भी टूट गए। धातु, फार्मा, स्वास्थ्य और आईटी सेक्टरों में तेजी रही। संसेक्स की कंपनियों में इंडिगो का शेयर साढ़े तीन प्रतिशत से अधिक की गिरावट में बंद हुआ। एलएंडटी, इटरनल, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और कोटक महिंद्रा बैंक के शेयर दो से तीन प्रतिशत के बीच टूटे। भारतीय स्टेट बैंक, टाइटन, अल्ट्राटेक सीमेंट, ट्रेंट, रिलायंस इंडस्ट्रीज, बजाज फिनसर्व, महिंद्रा एंड महिंद्रा, बजाज फाइनेंस, इंफोसिस और एक्सिस बैंक के शेयर एक से दो प्रतिशत की बीच गिरे। एशियन पेंट्स, हिंदुस्तान यूनीलिवर और अडानी पोर्ट्स के शेयर भी लाल निशान में बंद हुए। बीईएल का शेयर डेढ़ प्रतिशत से ज्यादा चढ़ा। पावरग्रिड, एनटीपीसी और टीसीएस के शेयर भी एक फीसदी से अधिक मजबूत हुए।

### राष्ट्र के समग्र विकास के लिए विज्ञान और अध्यात्म में संतुलन जरूरी : आनंदीबेन

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीब. `न पटेल ने कहा कि राष्ट्र के समग्र विकास के लिए विज्ञान और अध्यात्म का संतुलन आवश्यक है। उन्होंने कहा कि मानव बनना जरूरी है, लेकिन उससे भी अधिक महत्वपूर्ण मानवीय बनना है। जनभवन में 'विश्व णमोकार महामंत्र दिवस' के अवसर पर सामूहिक रूप से णमोकार महामंत्र का जाप कर विश्व शांति, सद्भावना और सकारात्मक ऊर्जा का संदेश दिया गया। कार्यक्रम का आयोजन जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन द्वारा किया गया, जिसमें 100 से अधिक देशों में लाखों लोगों ने सहभागिता की। इस मौके पर राज्यपाल आनंद. `बेन पटेल ने अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि देश 'सबका साथ, सबका विकास' के सिद्धांत पर आगे बढ़ रहा है और एकजुट होकर विकास के पथ पर अग्रसर है। कार्यक्रम में विशिष्ट व्यक्तियों को सम्मानित भी किया गया। राज्यपाल ने जनभवन में संचालित जनहितकारी कार्यों का उल्लेख करते हुए बताया कि यहां गरीब बच्चों की शिक्षा, गौसेवा और सामाजिक सहायता से जुड़े कई कार्य किए जा रहे हैं।

# चावल, गेहूं, चीनी नरम, दालों और खाद्य तेलों में रही घट-बढ़

**नई दिल्ली, वार्ता**

घरेलू थोक जिंस बाजारों में गुरुवार को चावल का औसत भाव टूट गया। गेहूं और चीनी में भी गिरावट देखी गयी। वहह्र, दालों और खाद्य तेलों में उतार.चढ़ाव का रुख रहा। औसत दर्जे के चावल का औसत भाव 28 रुपये घटकर 3,838 रुपये प्रति क्विंटल रह गया। गेहूं तीन रुपये सस्ता हुआ और 2,768 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। आटे की कीमत 11 रुपये प्रति क्विंटल गिर गई।

दाल-दलहनों में मिश्रित रुख देखा गया। चना दाल की औसत कीमत 37 रुपये प्रति क्विंटल घट गयी। मूंग दाल 34 रुपये और तुअर दाल 25 रुपये सस्ती हुई। उड़द दाल का भाव 21 रुपये और मसूर दाल का दो रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गया। मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में जून का पाम ऑयल वायदा 56 रिंगिट चढ़कर 4,642 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.52 प्रतिशत की मजबूती के साथ 67.77 सेंट प्रति पौंड के भाव बोला गया।



स्थानीय बाजारों में पाम ऑयल औसतन 109 रुपये और वनस्पति 77 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। सूरजमुखी तेल में भी 38 रुपये की गिरावट देखी गयी। सरसों तेल 11 रुपये और मूंगफली तेल सात रुपये महंगा हुआ। सोया तेल में भी चार रुपये प्रति क्विंटल की बढ़त रही। मीठे के बाजार में आज गुड़ का औसत भाव 16 रुपये प्रति क्विंटल घट गया। चीनी भी पांच रुपये सस्ती हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल.दलहन: दाल चना 7658.98 रुपये, मसूर काली 8074.54 रुपये, मूंग दाल 10127.32 रुपये, उड़द दाल 10814.44 रुपये, तुअर दाल 11256.89 रुपये प्रति क्विंटल रही।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**इजरायल का...** उभरने लगी थीं। संयुक्त राष्ट्र की विशेष समन्वयक जीनिन हेनिस-प्लासचार्ट ने जोर देकर कहा कि कोई भी पक्ष बल के माध्यम से जीत हासिल नहीं कर सकता है। संयुक्त राष्ट्र अधिकारियों के अनुसार, शत्रुता बढ़ने के बाद से लेबनान की आबादी का लगभग पांचवां हिस्सा, यानी 12 लाख से अधिक लोग विस्थापित हो गए हैं। यह संख्या 2024 के इजरायल-हिजबुल्लाह संघर्ष के स्तर को भी पार कर गई है। सहायता एजेंसियों ने चेतावनी दी है कि कमजोर समूह इसका खामियाजा भुगत रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (यूएनएफपीए) का अनुमान है कि विस्थापितों में 13,000 से अधिक गर्भवती महिलाएं शामिल हैं, जिनमें से कई चिकित्सा देखभाल से वंचित हैं। स्वास्थ्य सेवाएं ठप होने की कगार पर हैं और विश्व स्वास्थ्य संगठन ने स्वास्थ्य सुविधाओं पर 100 से अधिक हमलों की पुष्टि की है। अमेरिका और ईरान के बीच युद्धविराम को क्षेत्र को स्थिर करने के एक अवसर के रूप में देखा जा रहा था, लेकिन इजरायली बलों और हिजबुल्लाह के बीच जारी संघर्ष ने शांति वार्ता पर संदेह उत्पन्न कर दिया है। संयुक्त राष्ट्र के प्रवक्ता फरहान हक ने सभी पक्षों से बातचीत का रास्ता चुनने का आग्रह किया है। ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेशक्यान ने गुरुवार को कहा कि लेबनान में इजरायली हमलों को रोकना संघर्ष को समाप्त करने के ईरान के 10-सूत्रीय योजना की एक प्रमुख शर्त है।

**ईरान ने...** सैन्य ठिकानों तक दो हफ्तों में हथियारों की आवाजाही न हो सके। उन्होंने कहा कि जहाजों को जाने दिया जाएगा, लेकिन प्रोसेस में समय लग सकता है क्योंकि ईरान किसी जल्दी में नहीं है। लेबनान में इजरायल के हमले लेकर ईरान ने सख्त रुख अपनाया है। ईरानी समाचार एजेंसी के मुताबिक, सैन्य सूत्रों ने दावा किया है कि इजरायल के खिलाफ जवाबी कार्रवाई की तैयारी चल रही है। ईरानी मीडिया के अनुसार, एक सीनियर ईरानी अधिकारी ने कहा कि इस अपराध और युद्धविराम उल्लंघन के लिए इजरायल को सजा दी जाएगी। अधिकारी ने आरोप लगाया कि इजरायल ने युद्धविराम की शर्तों का उल्लंघन किया है और क्षेत्र में तनाव बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि इजरायल अपने वादों का पालन नहीं करता और उसे केवल ताकत के जरिये ही रोका जा सकता है।

**असम, केरल...** इसके बाद पत्नी के साथ जालुकबाड़ी में वोट डाला। असम में 126 सीटों पर 41 पार्टियों के 722 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। वहीं केरलम में 2.71 करोड़ वोटर 890 उम्मीदवारों में से अपना नेता चुनेंगे। यहां 140 सीटें हैं। पुड्डुचेरी में 30 सीटों के लिए वोटिंग हुई। असम के श्रीभूमि जिले के पथारकंडी में कांग्रेस कैंडिडेट ने ईवीएम तोड़ दी। इसके चलते यहां करीब तीन घंटे तक वोटिंग रुकी रही। चुनाव अधिकारियों ने दूसरी ईवीएम रखी तब वोटिंग फिर शुरू हुई। असम के बरपेटा में सुबह से तेज बारिश के कारण वोटिंग में परेशानी आई। केरलम के सीएम पिनाराई विजयन ने कन्नूर में आरसी अमला बेसिक अपर प्राइमरी स्कूल में वोट डाला। केंद्रीय मंत्री और भाजपा सांसद सुरेश गोपी ने त्रिशूर में मतदान किया। पुड्डुचेरी में रोबोट ने पोलिंग बूथ पर आए वोटर्स का स्वागत किया।

# नवकार मंत्र का सामूहिक जाप सार्थक और प्रासंगिक: अमित शाह

**नई दिल्ली, वार्ता**

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह गुरुवार को यहां 'विश्व नवकार महामंत्र दिवस' पर आयोजित समारोह में शामिल हुए और कहा कि दुनिया के अनेक हिस्सों में संघर्ष की स्थिति के बीच समस्त विश्व के कल्याण के लिए नवकार मंत्र का सामूहिक जाप सार्थक और प्रासंगिक है।

गृह मंत्रालय ने एक वक्तव्य जारी कर कहा कि शाह ने मुख्य अतिथि के रूप में अपने संबोधन में कहा कि जब विश्व के विभिन्न हिस्सों में अपने विचारों को स्थापित करने के लिए संघर्ष की स्थिति बनी हुई है, ऐसे समय में यहां से समस्त विश्व के कल्याण हेतु नवकार मंत्र का सामूहिक जाप किया जाना अत्यंत सार्थक और प्रासंगिक है। उन्होंने कहा कि भारत विविध संप्रदायों और धर्मों का देश है, जहां प्रत्येक परंपरा में मंत्रों की विशेष



महत्ता और आध्यात्मिक शक्ति का वर्णन मिलता है। केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि मंत्र मानव जीवन को उच्च दिशा प्रदान करते हैं, ष्हमारे चैतन्य को जागृत करते हैं और शुभ संकल्पों को सुदृढ़ बनाते हैं। जब लोग श्रद्धापूर्वक एक ही मंत्र का सामूहिक जाप करते हैं, तो उससे न केवल व्यक्ति, बल्कि समूचे देश और विश्व का भी कल्याण होता है। शाह ने कहा कि भारतीय सिद्धों ने पीढ़ियों तक अथक साधना कर समस्त मानवता के कल्याण के लिए इन मंत्रों की रचना की है। सभी को श्रद्धापूर्वक स्वीकार इन्हें कर उनका अनुकरण भी करना चाहिए। उन्होंने कहा कि नवकार मंत्र पूर्णत: निराकार, निरपेक्ष और सार्वभौमिक प्रार्थना है, जिसमें काल, जाति, क्षेत्र या धर्म के आधार पर कोई भेदभाव नहीं होता है। विश्व में इस प्रकार की समावेशी और सर्वमान्य प्रार्थना मिलना अत्यंत दुर्लभ है।

### शाह ने सीआरपीएफ शौर्य दिवस पर बल के वीर जवानों को श्रद्धांजलि दी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) शौर्य दिवस के अवसर पर बल के वीर जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की है। शाह ने गुरुवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि सीआरपीएफ वीरता दिवस पर हमारे वीर जवानों के अदम्य साहस और बलिदान को नमन।

# कमजोर पड़ा पश्चिमी विक्षोभ का असर, बढ़ेगा तापमान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**आने वाले कुछ दिनों में गर्मी का असर देखने को मिल सकता है: मौसम विभाग**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के अधिसंख्य क्षेत्रों में पिछले दिनो आंधी,बारिश और ओलावृष्टि से दिन और रात के तापमान में खासी गिरावट दर्ज की गई हालांकि गुरुवार को पश्चिमी विक्षोभ के कमजोर पड़ने से आने वाले कुछ दिनों में गर्मी का असर देखने को मिल सकता है।

मौसम विभाग के अधिकारियों के अनुसार बारिश और ओलावृष्टि से लखनऊ में दिन का तापमान सामान्य से करीब 10 डिग्री सेल्सियस नीचे चला गया था। बुधवार को यहां अधिकतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 10.02 डिग्री कम है। यह तापमान फरवरी माह के औसत अधिकतम तापमान (26.2 डिग्री सेल्सियस) के लगभग बराबर रहा। वहीं न्यूनतम तापमान 18.8 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से 0.9 डिग्री कम है। मौसम विभाग के अनुसार शाम 5:30 बजे तक 0.2 मिमी बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग के वरिष्ठ वैज्ञानिक मोहम्मद दानिश ने बताया कि मंगलवार और बुधवार को आए आंधी-तूफान का कारण जम्मू-कश्मीर के ऊपर सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ और उत्तर-पश्चिमी उत्तर प्रदेश पर बने चक्रवाती परिसंचरण का संयुक्त प्रभाव था। हालांकि अब ये दोनों सिस्टम कमजोर पड़ रहे हैं। उन्होंने बताया कि गुरुवार के बाद मौसम साफ हो जाएगा और दिन व रात के तापमान में धीरे-धीरे बढ़ोतरी होगी।

# स्कार्पियो व ऑल्टो कार की भिड़ंत में एक की मौत

■ उत्तराखंड से मेरठ की ओर साथियों के साथ जा रहे था आकाश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** दिल्ली-देहरादून हाईवे पर बिलासपुर कट के निकट स्कार्पियो और आल्टो कार की आपस में भिड़ंत हो गई। जिसमें आल्टो कार सवार युवक की मौत हो गई, जबकि उसके दो साथी घायल हो गए।

उत्तराखंड के पौड़ी-गढ़वाल के श्रीनगर निवासी आकाश भारती स्व. अशोक कुमार अपने साथी प्रदीप कुमार और कैलाश के साथ आल्टो कार में सवार होकर मेरठ की तरफ जा रहे थे। बुधवार प्रातः लगभग साढ़े तीन बजे जैसे ही कार सवार नई मंडी में बिलासपुर कट के निकट पहुंचे तो सामने आ रही स्कार्पियो से आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। तेज रफ्तार होने के चलते वाहनों के परखच्चे उड़ गए।

हाईवे पर हादसे के बाद घायलों में चींख-पुकार मच गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। अस्पताल पहुंचने से पहले आकाश भारती की मौत हो गई।

पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हाउस भिजवाया है, जबकि घायलों का जिला अस्पताल में उपचार कराया गया। वहीं, बिलासपुर कट के निकट ही एक अज्ञात शव भी पड़ा मिला है। जांच के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हाउस भिजवाया है।

## हादसे में बुझ गया घर का इकलौता चिराग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जानसठ कस्बे में एक दर्दनाक हादसा उस समय हो गया जब एक मासूम विद्युत ट्रांसफार्मर की चपेट में आकर दर्दनाक मौत हो गई। जानसठ कस्बे में एक बेहद दर्दनाक हादसा सामने आया है। यहां बिजली के ट्रांसफार्मर की चपेट में आने से लगभग 6 वर्षीय मासूम बच्चे की मौत हो गई, जिससे पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। घटना की सूचना मिलते ही एसडीएम जानसठ राजकुमार भारती, डीएसपी रुपाली राय चौधरी, नायब तहसीलदार अजय कुमार, इंस्पेक्टर विनोद कुमार थाना जानसठ पुलिस के साथ मौके पर पहुंचें और शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

वहीं दूसरी और इस दर्दनाक हादसे की सूचना नगर में फैल गई और मौके पर चेयरमैन जानसठ डॉ. आबिद हुसैन, सभासद मोहम्मद अहसान, अब्दुल्ला कुरैशी, धर्मेश सैनी, सतपाल प्रजापति, राजन कुमार सहित नगर के गणमान्य लोग घटनास्थल पर जमा हो गए और उन्होंने एसडीएम जानसठ से वार्ता कर पीड़ित परिवार को आर्थिक मदद दिलाने की बात कही जिस पर एसडीएम जानसठ राजकुमार भारती ने इस दर्दनाक हादसे का गंभीरता के साथ संज्ञान लेते हुए तत्काल पीड़ित परिवार को आर्थिक मदद दिलाने का आश्वासन दिया है।

# बड़ी कार्रवाई: जीवन दाता हॉस्पिटल सील

## औचक निरीक्षण में अपेक्स हॉस्पिटल को नोटिस जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जनपद मुजफ्फरनगर में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील तेवतिया के निर्देशन में उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अजय कुमार द्वारा नगरीय क्षेत्र में संचालित निजी अस्पतालों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान गंभीर अनियमितताएं पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की गई।

निरीक्षण के दौरान कुकड़ा रोड, अलमासपुर चौक के पास स्थित जीवन दाता हॉस्पिटल का निरीक्षण किया गया, जहां अस्पताल पूर्णतः अपंजीकृत पाया गया। अस्पताल में न तो कोई पंजीकृत चिकित्सक उपस्थित था और न ही किसी प्रकार के आवश्यक अभिलेख उपलब्ध थे। यह अत्यंत गंभीर लापरवाही एवं नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर उक्त अस्पताल को तत्काल प्रभाव से सील कर दिया गया।

इसके उपरांत अपेक्स हॉस्पिटल का निरीक्षण किया गया, जहां 7 बच्चे भर्ती पाए गए। जांच में यह पाया गया कि पंजीकृत चिकित्सक डॉ. अभिषेक यादव द्वारा 1 अप्रैल से अस्पताल में कोई निरीक्षण/उपस्थिति नहीं की गई थी।

साथ ही अस्पताल में बाल रोग विशेषज्ञ चिकित्सक भी पंजीकृत नहीं था, तथा 6 अप्रैल के बाद से बाल रोग विशेषज्ञ द्वारा अस्पताल में विजिट नहीं की गई सबसे चिंताजनक तथ्य यह रहा कि बच्चों को बिना चिकित्सक की देखरेख के भर्ती किया गया था। उक्त अनियमितताओं के दृष्टिगत अपेक्स हॉस्पिटल को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है तथा निर्देशित किया गया है कि भर्ती सभी बच्चों को तत्काल प्रभाव से किसी अन्य मान्यता प्राप्त अस्पताल में शिफ्ट कराया जाए, जिससे उनकी सुरक्षा एवं समुचित उपचार सुनिश्चित हो सके। उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अजय कुमार ने बताया कि मुख्य चिकित्सा अधिकारी के नेतृत्व में जनपद में अवैध एवं मानकों के विपरीत संचालित अस्पतालों के विरुद्ध निरंतर अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि मरीजों की सुरक्षा के साथ किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा तथा नियमों का उल्लंघन करने वाले संस्थानों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।



मुजफ्फरनगर: योगी की जनसभा के लिए अधिवक्ताओं से सहयोग मांगते मंत्री कपिल देव।

# कल आएंगे बालीवुड सिंगर सलमान अली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** बॉलीवुड गायक सलमान अली 11 अप्रैल को एक कार्यक्रम में अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे।

रूडकी रोड स्थित रेस्टोरेंट मे मीडिया से कार्यक्रम को साझा करते हुए अमित गौतम, अमित शर्मा, मोहित बेनीवाल, अभिषेक शर्मा ने बताया कि न्यूमैक्स सिटी मे 11 अप्रैल को शाम 6 बजे से रात 10 बजे तक सुप्रसिद्ध गायम सलमान अली अपने सुफियाना अंदाज मे अपने गीत प्रस्तुत करेंगे। आयोजक अभिषेक शर्मा ने बताया कि सलमान अली धुरंधर, छावा आदि कई फिल्मो में अपनी गायकी का जलवा बिखेर चुके हैं।



पश्चिमी उत्तर प्रदेश में यह उनका पहला कार्यक्रम है। जिसके लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। जिसमे सांसद, मंत्री एवं विधायकों को आमंत्रित किया गया है। इसके अलावा ऑनलाइन एवं ऑफ लाईन टिकट की व्यवस्था की गई है। कार्यक्रम स्थल पर भी आफ लाइन टिकट का वितरण होगा। आयोजकों ने दावा किया कि कार्यक्रम में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रहेगी।

# हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट के बिना नहीं मिलेगा प्रदूषण प्रमाण पत्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जिन वाहन स्वामियों ने वाहनों पर हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट नहीं लगवाई गई है उन्हें अब भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है। परिवहन विभाग के नए नियमों के अनुसार, बिना हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट वाली गाड़ियों को अब भविष्य में प्रदूषण प्रमाण पत्र भी जारी नहीं किया जाएगा। उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग के मुताबिक राज्य में 16 अप्रैल 2026 से यह नई व्यवस्था पूरी तरह लागू की जा रही है। विभाग ने अब सर्वर को इस तरह अपडेट किया गया है कि बिना वैलिड एचएसआरपी युक्त नंबर के वाहन का डेटा विभागीय पोर्टल पर स्वीकार नहीं होगा। **हाई-सिक्योरिटी नंबर प्लेट नहीं होने पर 5 हजार का जुर्माना:** अगर आपके वाहन पर हाई-सिक्योरिटी नंबर प्लेट नहीं है, तो आप पर 5 हज़ार रुपये तक का भारी चालान हो सकता है। बिनाहाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट के प्रदूषण सर्टिफिकेट नहीं बनेगा, इसलिए आप बिना वैध एचएसआरपी के गाड़ी चलाने के भी दोषी माने जाएंगे, जिसका अलग से जुमार्ना भरना होगा। प्रदेश सरकार ने इन नियमों से उन लोगों को राहत दी है जिनके पास पुरानी या 'एंटीक' गाड़ियां हैं और उनकी निर्माता कंपनियां अब बंद हो चुकी हैं। परिवहन विभाग ने स्पष्ट किया है कि बंद हो चुके वाहन निर्माता कंपनियों के मॉडल्स को इस नियम से छूट मिलेगी।

# योगी व जयंत की जनसभा को ऐतिहासिक बनाने में जुटे मंत्री कपिल

## डोर-टू-डोर व कचहरी में अधिवक्ताओं से जनसंपर्क कर मांगा सहयोग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुज़फ्फरनगर।** आगामी 13 अप्रैल को मुज़फ्फरनगर के नुमाइश ग्राउंड में आयोजित होने वाली उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी की विशाल जनसभा को सफल एवं ऐतिहासिक बनाने के उद्देश्य से जनपद में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है।'

इसी क्रम में प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास कपिल देव अग्रवाल ने आज मुज़फ्फरनगर कचहरी परिसर में पहुंचकर अधिवक्ता बंधुओं के बीच सघन डोर-टू-डोर जनसंपर्क किया।' इस दौरान उन्होंने अधिवक्ताओं से व्यक्तिगत संवाद स्थापित करते हुए उन्हें 13 अप्रैल की जनसभा में अधिकाधिक संख्या में सहभागिता करने हेतु आमंत्रित किया। 'मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि यह जनसभा प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों, उपलब्धियों एवं विकास कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने का एक महत्वपूर्ण मंच है। उन्होंने अधिवक्ता समुदाय से आह्वान किया कि वे स्वयं भी कार्यक्रम में उपस्थित हों तथा अधिक से अधिक लोगों को भी प्रेरित करें, जिससे यह जनसभा ऐतिहासिक स्वरूप प्राप्त कर सके।'

जनसंपर्क के दौरान अधिवक्ता बंधुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला तथा सभी ने कार्यक्रम को सफल बनाने का आश्वासन दिया।'

इस अवसर पर उपस्थित प्रमुख अधिवक्ता एवं पदाधिकारीगण सुरेन्द्र मलिक (महासचिव, जिला बार संघ), चन्द्रवीर सिंह निर्वाल (पूर्व महासचिव), प्रदीप मलिक (पूर्व महासचिव), अनिल जिंदल (पूर्व अध्यक्ष), डीजीसी राजीव शर्मा, मानवेन्द्र जैन, रामफल सिंह पुंडीर, नेपाल सिंह वर्मा, अतुल हसन, सुरेन्द्र त्यागी, राजेश शर्मा, गोपाल माहेश्वरी, ओमप्रकाश उपाध्याय, रविन्द्र पाल, अमित त्यागी, शिवकुमार कश्यप, प्रदीप वर्मा, सीताराम वर्मा, प्रवीण जावला, अमित मित्तल, राजेन्द्र शर्मा, नीरज गौतम, रामफल सिंह गुर्जर, अंकित त्यागी, विवेक त्यागी, अनुप सिंह सैनी, राजकुमार बंसली, अमित सिंगल, विनोद कौशिक, अनुज गुप्ता, सुनील गुप्ता, हर्षपाल सिंह सहित अन्य अधिवक्ता गण उपस्थित रहे।'

अंत में अधिवक्ता बंधुओं से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी के विचारों को सुनने एवं जनसभा में अधिकाधिक संख्या में सहभागिता सुनिश्चित करने का आग्रह किया गया।

# प्रदूषण फैलाने वाली 16 फैक्ट्रियां सील

■ प्रशासन ने शिकंजा कसते हुए मीटर उखाड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** बढ़ते वायु प्रदूषण पर अंकुश लगाने के लिए जिला प्रशासन और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की टीम ने मानकों की अनदेखी करने वाली 16 औद्योगिक इकाइयों को पूरी तरह सील कर दिया है। कार्रवाई के दौरान इन फैक्ट्रियों के बिजली के मीटर तक उखाड़ दिए गए, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई से औद्योगिक क्षेत्र में हड़कंप मचा है।

दरअसल लगातार मिल रही शिकायतों के बाद टीम ने अलग-अलग जांच पड़ताल की तो मानकों का उल्लंघन पाया गया सरकारी निर्देशों के अनुसार, धुआं उत्सर्जित करने वाली सभी औद्योगिक इकाइयों में ऑनलाइन कंटीन्यूअस एमिशन मॉनिटरिंग सिस्टम ओसीएमएस लगाना अनिवार्य है, ताकि प्रदूषण की सीधे निगरानी की जा सके। सिटी मजिस्ट्रेट और क्षेत्रीय प्रदूषण अधिकारी की संयुक्त टीम ने जब औचक निरीक्षण किया, तो पाया कि लोहा, मेटल और केमिकल से जुड़ी 16 इकाइयां बिना इस सिस्टम के चल रही थीं। जिन फैक्ट्रियों पर सील की कार्यवाही की गई है उनमें उज्जवल कास्टिंग, तारा टेक्नोलॉजी, पीएसआर मेटल, श्री मैटल, एनआर मैटल, और तालिब मेटल सहित अन्य प्रमुख इकाइयां शामिल हैं। खामियां मिलने पर न केवल संचालन बंद कराया, बल्कि भविष्य में अवैध रूप से काम न हो सके, इसके लिए विद्युत कनेक्शन काटकर मौके से मीटर भी हटवा दिए गए। क्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड अधिकारी गीतेश चंद्रा ने बताया कि प्रदूषण पर प्रभावी नियंत्रण के लिए सभी इकाइयों पर ओसीएमएस सिस्टम लगाना अनिवार्य है।

# ई-स्मार्ट मीटर के विरोध में खालापार में प्रदर्शन

■ पुराने मीटर बहाल करने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुज़फ्फरनगर।** शहर के मोहल्हा खालापार क्षेत्र में ई-स्मार्ट मीटर के खिलाफ स्थानीय लोगों ने जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान भारतीय किसान मज़दूर सर्वसमाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रतिनिधि नदीम खान मौके पर पहुंचे और लोगों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने हपुराने मीटर वापस दो के नारे लगाए।

नदीम खान ने कहा कि ई-स्मार्ट (प्रीपेड) मीटर प्रणाली से आम जनता को कई दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने मांग की कि या तो प्रीपेड मीटर को पोस्टपेड प्रणाली में बदला जाए या फिर पुराने मीटर ही दोबारा लगाए जाएं।

प्रदर्शनकारियों का कहना था कि नई व्यवस्था से बिजली उपभोक्ताओं पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा है।

उन्होंने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

ADMISSION OPEN
Mom & Me
NURTURING WITH LOVE
PLAY | NURSERY | LKG | UKG | 1st to 4th
M.: 9997023008
Branch1- New Mandi, Near Bala ji Dham Chowk
Branch2- Circular Road, Opp. Canara Bank

किसान आई हॉस्पिटल
डॉ. गालिब हसन
M.B.B.S., D.O., M.S.
नेत्र रोग विशेषज्ञ व फेको सर्जन
(भूतपूर्व नेत्र सर्जन नेहरू हॉस्पिटल, टाउन हॉल, मुजफ्फरनगर)
फीस 100/- रुपये मात्र
M: 9897190592
सुविधाएं- मोतियाबिन्द ऑपरेशन फेको विधि द्वारा विदेशी लैन्स के साथ, शुगर व बी.पी. के मरीजों की पर्दे की जाँच व इलाज, आँखों के समस्त ऑपरेशन सस्ते दामों पर किए जाते हैं।
J&J
हमारे यहाँ जॉनसन एण्ड जॉनसन और एल्कोन के लैंस उपलब्ध है।
Alcon
मोतियाबिन्द ऑपरेशन फेको विधि (लेजर) द्वारा विदेशी लेंस के साथ आधुनिक मशीनों द्वारा बिना इंजेक्शन, बिना दर्द और बिना टांके किया जाता हैं।
मोतियाबिन्द ऑपरेशन मात्र 7500/- से शुरु
पता: चरथावल-थानाभवन बस स्टैण्ड, मेन रोड, भारत पैट्रोल पम्प के सामने, मुजफ्फरनगर मो. 9045591662

आवश्यकता है
जामिया इस्लामिया अरबिया मुरादिया स्कूल, चरथावल रोड
(English Medium - कक्षा 1 से 5 तक)
विद्यालय हेतु एक योग्य एवं अनुभवी प्रधानाचार्य (Principal) तथा प्रशिक्षित अध्यापकों (Teachers) की आवश्यकता है।
प्रधानाचार्य के लिए योग्यता:
स्नातक/स्नातकोत्तर (शिक्षा में वरीयता) B.Ed
अध्यापक के लिए योग्यता:
स्नातक/स्नातकोत्तर (संबंधित विषय में) B.Ed/BTC
आकर्षक वेतन (योग्यता एवं अनुभव के अनुसार), अनुशासित एवं शैक्षणिक वातावरण
प्रवेश संबंधित सूचना: प्रवेश प्रारंभ (Admissions Open)
मासिक शुल्क: 50 रु. मात्र, प्रवेश निःशुल्क (Free Admission)
स्थान: चरथावल रोड: इच्छुक अभ्यर्थी अपना Resume शीघ्र भेजें या संपर्क करें।
M. : 9368215210

जो माता-पिता अपने बच्चों की पढ़ाई से संतुष्ट नहीं हैं और अपने बच्चों को किसी भी क़ीमत पर होशियार और सफल बनाना चाहते हैं तो संपर्क करें!
ESTD. 1995
Unique COACHING CENTRE
UNIQUE SUCCESS POINT
पहले देखे! फिर विश्वास करें!
FREE 10 DAYS DEMO
आपकी एक मीटिंग हमारे साथ आपके बच्चों का जीवन बदल सकती है!
BOTH U.P. & C.B.S.E. BOARD STUDENTS CLASS I TO X
+91 7505612792
+91 9412507193
DIR- LOKESH CHAUHAN
M.Sc (Phy.), B.Ed.

# बच्चों की कहासुनी ने लिया खूनी मोड़

## पुजारी व युवक दोनों गंभीर, पुलिस की भूमिका पर उठे सवाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चरथावल।** थाना क्षेत्र के गांव रोनी हरजीपुर में गुरुवार को बच्चों के बीच शुरू हुआ मामूली विवाद देखते ही देखते हिंसक टकराव में बदल गया। घटना में मंदिर के पुजारी और एक युवक दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। दो समुदायों से जुड़े इस संवेदनशील मामले ने गांव में तनाव का माहौल पैदा कर दिया है।

पुलिस के अनुसार, गांव निवासी पवन पुत्र सुभाष, जो मंदिर में पूजा-अर्चना करते हैं, भैंसाबुग्गी से खेत की ओर जा रहे थे। रास्ते में कुछ स्कूली बच्चे उनकी भैंसाबुग्गी पर चढ़कर शोर-शराबा करने लगे। बच्चों को डांटने पर विवाद बढ़ गया। आरोप है कि बच्चों के परिजनों ने पवन के साथ मारपीट की, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद उच्च चिकित्सा केंद्र रेफर कर दिया गया।

सूचना मिलते ही क्षेत्राधिकारी सदर डॉ. रवि शंकर और थाना प्रभारी निरीक्षक सत्यनारायण दहिया मौके पर पहुंचे। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि मामले की हर पहलू से गंभीरता से जांच की जा रही है, खासकर क्योंकि यह दो समुदायों से जुड़ा हुआ है। उधर, घटना का दूसरा पक्ष भी सामने आया है। गांव निवासी मेहताब पुत्र सत्तार ने आरोप लगाया है कि पवन और कुछ अज्ञात नकाबपोश लोगों ने उसके घर पर धारदार हथियारों से हमला किया। इस हमले में मेहताब के सिर पर गहरी चोट आई और वह भी गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने से मामला और तूल पकड़ता जा रहा है।

इस बीच क्षेत्र में चर्चा है कि पुलिस ने एकतरफा कार्रवाई करते हुए पीड़ित पक्ष को ही आरोपी बना दिया है। इसको लेकर चरथावल पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। ग्रामीणों में आक्रोश है और निष्पक्ष जांच की मांग उठ रही है।

# कांग्रेस इस बार शहर सीट से उतार सकती है मुस्लिम उम्मीदवार

**■ अकिल राणा हो सकते है कांग्रेस से दावेदार घोषित**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** कांग्रेस पार्टी में अकील राणा का कद बढ़ता दिख रहा है। उनके संघर्ष और मेहनत को देखते हुए पार्टी उम्मीदवार घोषित कर सकती है।

सूत्रों के अनुसार पता चला है कि अक़ील राणा मीरापुर या सदर सीट से चुनाव लड़ सकते है। यदि पार्टी मौका देती है तो अक़ील राणा चुनावी समर में ताल ठोकने से पीछे नहीं हटेंगे। आपको बता दे कि अक़ील राणा कांग्रेस पार्टी के वजूददार नेताओं में से एक है और क्षेत्र में मज़बूत पकड़ भी मानी जाती है। अक़ील राणा कई दशकों



से ज़िले में जनहित के कार्यो में रुचि रखकर लोगो की मदद करते है। कांग्रेस पार्टी की मज़दूर यूनियन में भी 20 वर्ष पहले कार्य कर चुके है। उस समय मज़दूरों के हक़ की आवाज़ उठाने के लिए अक़ील राणा हज़ारों लोगों के साथ धरना प्रदर्शन करते थे और आज भी यही उनकी आदत में शुमार है। किसानों, मज़दूरों की आवाज़ बेबाकी से उठाते है। सपा सरकार के दौरान उन्होंने नुमाइश ग्राउंड में आरक्षण को लेकर बड़ी पंचायत भी की थी, जिसमे लगभग 5 हज़ार लोग शामिल हुए थे। अक़ील राणा राजनीति में करीब 40 सालों से एक्टिव है और अपने आवास पर मुसलसल कई दशकों से जन सुनवाई करते है। अब चर्चा है कि चुनावी मैदान उतरकर लोगो की आवाज़ सदन में उठाना चाहते है। यदि ऐसा हुआ तो पश्चिमी उत्तर प्रदेश की राजनीति में नया मोड़ आ जाएगा। कांग्रेस पार्टी ने आगामी विधानसभा चुनाव में अपने पुराने और जमीन से जुड़े मजबूत नेता अकील राणा को दावेदार के रूप में चुन सकती है। सूत्रों ने इसकी पुष्टि की है, जिससे स्थानीय कांग्रेसी कार्यकर्ताओं में जोश भर गया है। अकील राणा वर्षों से क्षेत्र में सक्रिय हैं। वे न केवल पुराने कांग्रेसी हैं, बल्कि एक सच्चे जमीनी नेता के रूप में विख्यात हैं। संगठन को मजबूत करने, गांव-गांव तक पार्टी की पहुंच बढ़ाने और जनता के मुद्दों को उठाने में उनकी भूमिका सराहनीय रही है। कार्यकर्ताओं का कहना है कि राणा की उम्मीदवारी से विपक्ष को कड़ी टक्कर मिलेगी। कांग्रेस हाईकमान उनकी मेहनत और लोकप्रियता को देखते हुए फैसला ले सकती है।

# तीन महीने में लेना होगा आईजीएल गैस कनेक्शन

**मुजफ्फरनगर।** जिला अधिकारी उमेश मिश्रा ने बताया कि पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशों के क्रम में आम जनता को यह सूचित किया जाता है कि जनपद मुजफ्फरनगर के जिन इलाकों में अधिकृत संस्था/आईजीएल ने पहले ही पाइपलाइन का इंफ्रास्ट्रक्चर बिछा दिया है या वह अलग-अलग घरों या किसी हाउसिंग एरिया में एक कॉमन पते पर नेचुरल गैस सप्लाई करने की स्थिति में है, ऐसे सभी घरों को घरेलू पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) कनेक्शन लेना ज़रूरी है। इसलिए, ऐसे इलाकों में आने वाले सभी घरों को यह निर्देश दिया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से 03 महीने के अंदर अधिकृत संस्था से घरेलू पीएनजी कनेक्शन के लिए अप्लाई करें और उसे ले लें।'ऐसे पते पर एलपीजी सप्लाई, सूचना की तारीख से तीन महीने बाद बंद हो जाएगी। ऑथराइज्ड एंटिटी: डोमेस्टिक पाइप्ड नेचुरल गैस कंज्यूमर बनने के लिए घर का कानूनी मालिक या उस जगह का मालिक अप्लाई कर सकता है। यह भी बताया जाता है कि ऊपर बताए गए 03 महीने के समय के खत्म होने पर, ऐसे घरों में एलपीजी सिलेंडर की सप्लाई, लागू गाइडलाइंस और नियमों के अनुसार बंद कर दी जाएगी। इसलिए, सभी संबंधित निवासियों को सलाह देते हुए पुन: अपील की जाती है कि वे किसी भी परेशानी से बचने के लिए तुरंत ज़रूरी कदम उठाएं।

# मुआवजा लेने के बावजूद निर्माण नहीं हटाने पर चला बुल्डोजर

**मीरापुर।** पानीपत खटीमा राष्ट्रीय राजमार्ग चौड़ीकरण को लेकर प्रशासन ने बुधवार को सख्त रुख अपनाते हुए बड़े पैमाने पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। इस दौरान एनएचएआई द्वारा अधिग्रहित भूमि पर बने कई होटल और दुकानों को बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया गया। प्रशास. निक अधिकारियों के अनुसार, जिन संपत्तियों को हटाया गया, उनके मालिकों को पहले ही मुआवजा दिया जा चुका था, लेकिन इसके बावजूद उन्होंने निर्माण खाली नहीं किया था, जिससे राजमार्ग के निर्माण कार्य में बाधा आ रही थी।

यह कार्रवाई एसडीएम जानसठ राजकुमार भारती और एनएचएआई के एसडीओ आशीष शर्मा की मौजूदगी में भारी पुलिस बल के साथ संपन्न हुई। अभियान के दौरान मीरापुर निवासी शिवम राजवंशी और सालारपुर निवासी ललित कुमार की दुकानों को गिराया गया। इसके अलावा मुझेड़ा निवासी मुस्तकीम, सलीम और शमीम के होटल पर भी बुलडोजर चलाया गया। मौके पर राजस्व निरीक्षक संजीव शर्मा और लेखपाल ओमबीर सिंह भी टीम के साथ मौजूद रहे और पूरी प्रक्रिया की निगरानी करते रहे। बताया गया कि पानीपत-खटीमा राष्ट्रीय राजमार्ग 709 एडी के चौड़ीकरण का कार्य लगभग 90 प्रतिशत पूरा हो चुका है। हालांकि मीरापुर क्षेत्र में मुझेड़ा से मोंटी तिराहे तक कुछ निर्माण ऐसे थे, जो एनएचएआई की अधिग्रहित भूमि पर बने होने के बावजूद हटाए नहीं गए थे। इसी कारण इस हिस्से में निर्माण कार्य लंबे समय से बाधित चल रहा था। पिछले करीब 15 दिनों से एनएचएआई के अधिकारी संबंधित लोगों को स्वयं निर्माण हटाने के लिए समझा रहे थे, लेकिन कोई ठोस पहल नहीं की गई। कार्रवाई के दौरान कुछ दुकानदारों और होटल मालिकों ने प्रशासन का विरोध भी किया। मौके पर एसडीएम के साथ उनकी तीखी नोकझोंक हुई। प्रभावित लोगों का कहना था कि उन्हें अब तक मुआवजा नहीं मिला है, इसलिए वे अपनी संपत्ति हटाने को तैयार नहीं थे। हालांकि एनएचएआई के एसडीओ आशीष शर्मा ने इन दावों को खारिज करते हुए कहा कि सभी पात्र लोगों को मुआवजा वितरित किया जा चुका है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जिन तीन लोगों का होटल गिराया गया, उनमें से दो भाइयों ने पहले ही मुआवजा प्राप्त कर लिया था। प्रशासन की इस कार्रवाई से उन लोगों में हड़कंप मच गया, जिन्होंने मुआवजा मिलने के बावजूद अपने निर्माण नहीं हटाए थे। अधिकारियों ने साफ संकेत दिए हैं कि भविष्य में भी ऐसे मामलों में सख्ती बरती जाएगी। एसडीओ आशीष शर्मा ने बताया कि राजमार्ग के दूसरी ओर स्थित अतिक्रमण को भी आगामी दो दिनों में हटाया जाएगा।

# नाबालिग से कुकर्म की शर्मनाक घटना को अंजाम देने वालों को भेजा जेल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भोपा।** क्षेत्र के गांव में 13 वर्षीय किशोर को बहला फुसला डेयरी पर ले जाकर कुकर्म की घटना को अंजाम देने का मामला प्रकाश में आया है। आरोपी युवक बीते एक साल से वीडियो प्रसारित करने की धमकी देकर कुकर्म की घटना को अंजाम देते रहे है।पीड़ित के पिता ने पांच आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। जिसके बाद पुलिस ने दो आरो. पियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। भोपा थाना क्षेत्र के गांव निवासी व्यक्ति ने थाने पर मुक. दमा दर्ज कराते हुए बताया कि बीते सोमवार की शाम को उसका 13 वर्षीय बेटा घर के बाहर खेल रहा था। आरोप है कि गांव का ही समीर, अमीर आलम, अमीर आजम, अब्दुल्ला, बिलाल उसके बेटे को बहला फुसला कर

समीर की डेरी में ले गए जहां पर खाली कमरे में ले जा कर समीर ने उसके बेटे के साथ कुकर्म किया। बच्चे के विरोध व शोर मचाने की आवाज सुनकर अनेक लोग आए तो अरोपी जान से मारने की धमकी देकर वहां से फरार हो गए। आरोप है कि समीर, अमीर आजम, अमीर आलम, अब्दुल्ला व बिलाल ने लगभग एक साल पहले भी उसके बेटे के साथ दुष्कर्म किया था तथा उसकी मोबाइल से वीडीओ बनाई थी। जिसके बाद से वीडियो प्रसारित करने की धमकी देकर कुकर्म की घटना को अंजाम दे रहे है। पुलिस ने पीडित को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया।थाना प्रभारी निरीक्षक जसवीर सिंह ने बताया कि गुरुवार को जौली गंग नहर से आरोपी अमीर आजम व अमीर आलम को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

# 100 सीटों पर चुनाव लड़ेगी सामाजिक न्याय पार्टी: इं. देवेन्द्र




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** पिछड़ी जातियों के उत्थान एवं उन्हे समाज मे राजनीतिक हिस्सेदारी दिलाने के लिए सामाजिक न्याय पार्टी का गठन किया गया है और पार्टी जमीनी स्तर पर अति पिछड़ों और गरीबों की लड़ाई लड़ने के लिए आगामी विधानसभा चुनाव में भी 100 सीटों पर प्रत्याशी मैदान में उतारेगी। यह विचार सामाजिक न्याय पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष इं. देवेन्द्र कश्यप ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए व्यक्त किए। देवेन्द्र कश्यप ने कहा कि बहुत समय से वे चाह रहे थे कि समाज की पिछडी सामाजिक न्याय पाटा सदस्यता अभियान शुरू करने जा रही है। रूडकी रोड स्थित रेस्टोरेंट में उन्होंने संगठन के विस्तार की भी घोषणा कीजातियों को उनका हक व न्याय दिलाने के लिए एक पार्टी का गठन किया जाए। इस उददेश्य को लेकर इस पार्टी की स्थापना की गई है। उन्होंने कहा कि पार्टी ने इसके लिए आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी शुरू कर दी। पार्टी ने 3 सीटों पर प्रत्याशियो का चुनाव भी कर लिया है। रामपुर मनिहारान सीट से रोशन बाल्मिकी, बुढाना से धनकुमार सैनी चुनाव लड़ेंगे। गंगोह सीट पर भी प्रत्याशी फाईनल हो चुका है। उन्होने बताया कि अब तक हम 10 हजार सदस्य बना चुके हैं। हमने पार्टी को चुनाव आयोग मे रजिस्टर्ड कराने के लिए भी प्रकिया शुरू कर दी है। इंजीनियर देवेन्द्र कश्यप ने बताया कि अन्य दल छोड़कर छोडकर विनोद गुर्जर, जान मौहम्मद, मदन सिह गुर्जर, मंजीत कुमार सहित लगभग चार दर्जन लोग पार्टी में शामिल हुए हैं।

पार्टी में शामिल हुए लोगों का पटका पहना कर स्वागत किया गया।

# भूमि विकास बैंक में पढ़े गए योगी के कसीदे

**बुढ़ाना।** भूमि विकास बैंक बुढ़ाना के दूसरी बार लगातार अध्यक्ष बने भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता विनोद सैनी को बृहस्पतिवार के दिन भाजपा बुढ़ाना मण्डल महामंत्री और बुढ़ाना नगर पंचायत के पूर्व सभासद मुकेश शर्मा ने भूमि विकास बैंक में पहुंचकर उनके गले में माला पहनाकर उनके दूसरे कार्यकाल की शुरुआत की जमकर सराहना की। यहां पर आयोजित स्वागत समारोह को संबोधित करते हुए भूमि विकास बैंक बुढ़ाना के अध्यक्ष विनोद सैनी ने बतलाया कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी महराज वाली सरकार के द्वारा जो लघु उद्योग पर ऋण वितरण किया जाता है। इसकी दर अब 11.50 प्रतिशत से घटाकर 6.5 प्रतिशत कर दी गई है। यह योगी सरकार में किसानो को उनकी उन्नति के लिए तोहफा दिया गया है। इस दौरान यहां पर मुख्य रूप से बैंक के प्रभारी और प्रबंधक निशांत कुमार, बैंक के फील्ड ऑफिसर सिद्धांत वर्मा, विपिन तोमर, सुभाष मौर्य, मजनेश सैनी, प्रवीण कुमार और सुरेंद्र कुमार आदि ने भी उपस्थित होकर भूमि विकास बैंक बुढ़ाना के अध्यक्ष विनोद सैनी और पूर्व सभासद मुकेश शर्मा का फूल मालाओं से स्वागत किया।




## कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता सहारनपुर वृत्त, लो0नि0वि0, सहारनपुर

पत्रांक 2195 /24एम0एस0-एस0(मु0नगर)/2026 दिनांक : 27.03.2026

अल्पकालीन ई-निविदा सूचना (प्रथम आंमत्रण)

महामहिम राज्यपाल, उत्तर प्रदेश की ओर से निम्न कार्य हेतु ऑन लाईन निविदायें http://etender.up.nic.in के माध्यम से उत्तर प्रदेश लोक निर्माण विभाग में रजिस्ट्रर्ड श्रेणी (जैसा लागू हो) (कॉलम-8 के अनुसार) सेतु कार्य हेतु अर्ह एवं अनुमोदित ठेकेदारों से ई-टैण्डरिंग के माध्यम से टी0-2 द्वारा प्रतिशत दर पर आधारित बिड नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु आमंत्रित की जाती है। निविदादाता बिड से सम्बन्धित अभिलेख (जैसे- कॉन्ट्रेक्ट डाटा, प्रपत्रों, कॉन्ट्रेक्ट की शर्ते, तकनीकी विशिष्टियाँ एवं बिड की संशोधित/परिशिष्ट शर्ते इत्यादि) की भली भांति जाँच कर लें।

| क्र0 सं0 /लॉट सं0 | जनपद का नाम | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (रु लाख में) | धरोहर धनराशि (रु लाख में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य जी0एस0टी0 सहित (टेण्डर कॉस्ट+ स्टेशनरी चार्जे+ जी0एस0टी0) | ठेकेदार के वांछित पंजीयन की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | मुजफ्फर नगर | जनपद मुजफ्फरनगर में खुब्बापुर से अलियारपुर मार्ग के कि0मी0 -1 में बरसाती नाले पर 2 5 मी0 स्पान की बाक्स कल्वर्ट पुलिया का निर्माण का कार्य। | 65.00 | 5.25 | 06 माह | 2000.00 + 300.00 + 414.00 = 2714.00 | सेतु श्रेणी ए बी एंव सी |

› बिल ऑफ क्वान्टिटी में लगायी गयी दरें सभी करों को जोडते हुए तथा जी0एस0टी0 को छोडते हुए लगायी गयी है।
› निविदा में मांगी गयी निविदा धरोहर धनराशि एवं निविदा प्रपत्र मूल्य (कॉलम नं0 5 एवं 7 के अनुसार) ऑन लाईन केवल नेट बैंकिंग द्वारा भुगतान के पश्चात् यू0टी0आर0 प्राप्ति रसीद के रूप में ही मान्य होगा।
› शासनादेश संख्या 14/2020/879/तेईस-7-2020-176(सा)/06, दिनांक 25.08.2020 के अनुसार निविदाएं प्रहरी एप्लीकेशन के माध्यम से प्राप्त की जायेगी।
› निविदा ऑन लाईन दिनांक 21.04.2026 को प्रातः 11:00 बजे से दिनांक 27.04.2026 की अपरान्हः 02:00 बजे तक अपलोड की जा सकती है। उक्त निविदा की तकनीकी बिड दिनांक 27.04.2026 को अपरान्हः 02:30 बजे खोली जायेगी। अर्ह निविदादाताओं की वित्तीय बिडे कार्यालय आदेशानुसार निर्धारित समय, दिनांक एवं स्थान पर खोली जायेंगी।
› शासनादेश संख्या 1/2018/3070/78-2-2018/42 आई0टी0/2017(22) दिनांक 03.01.2018 में निहित व्यवस्थानुसार निविदा की तकनीकी एवं वित्तीय बिड खोले जाने के उपरान्त निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख व्यक्तिगत रूप से विभाग/कार्यालय में प्रस्तुत किये जाने है। निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख प्रस्तुत न किये जाने की दशा में शासनादेश में निहित प्राविधानों के अनुरूप कार्यवाही की जायेगी।
› धरोहर धनराशि शासनादेश संख्या 622/23-12-2012-2 आडिट/08 टी0सी0-2 दिनांक 08-06-2012 एवं कार्यालय प्रमुख अभियन्ता लो0नि0वि0 लखनऊ के पत्रांक 01/बी0डी0डी0-एन0एच0/40 एम0टी0-11/14 दिनांक 01.01.15 द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुसार ही ली जायेगी।
› निविदा से सम्बन्धित नियम/शर्ते तथा विवरण http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0वि0वि0, मुजफ्फरनगर
pdpwdmzn@gmail.com

UPID: 249262 Date: 06/04/2026
Website: www.up.gov.in

अधीक्षण अभियन्ता
सहारनपुर वृत्त, लो0नि0वि0, सहारनपुर
sepwdsre@gmail.com


# वैष्णव स्टील में स्वास्थ्य जांच एवं प्रशिक्षण कैंप आयोजित




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** फेडरेशन के पूर्व अध्यक्ष अशोक अग्रवाल जी के प्रतिष्ठान मै. वैष्णव स्टील प्राइवेट लिमिटेड में राज्य कर्मचारी बीमा औषधालय की ओर से फैक्ट्री में कार्यरत कर्मचारियों हेतु स्वास्थ्य प्रशिक्षण एवं जांच कैंप का सफल आयोजन किया गया। कैंप में डॉ. नातिका सेन (प्रभारी चिकित्सा अधिकारी), राकेश कुमार (फार्मासिस्ट) एवं अन्य चिकित्सा स्टाफ उपस्थित रहे। इस दौरान कर्मचारियों का बीपी, शुगर, कोलेस्ट्रॉल आदि का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा आवश्यकतानुसार दवाइयों का नि:शुल्क वितरण किया गया। डॉक्टरों द्वारा कर्मचारियों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए जागरूक किया गया। उन्हें नियमित दिनचर्या, संतुलित एवं पौष्टिक आहार लेने तथा अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया गया, जिससे वे विभिन्न बीमा. रियों से बच सकें। साथ ही जागरूकता सत्र के माध्यम से यह भी बताया गया कि छोटे-छोटे बदलाव अपनाकर कर्मचारी अपने स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रख सकते हैं। इस अवसर पर फेडरेशन के पूर्व अध्यक्ष अशोक अग्रवाल जी ने कहा कि इस प्रकार के स्वास्थ्य कैंप का आयोजन भविष्य में भी निरंतर किया जाता रहेगा, ताकि आसपास की फैक्ट्रियों में कार्यरत कर्मचारियों का स्वास्थ्य उत्तम बना रहे और वे पूरी ऊर्जा एवं दक्षता के साथ कार्य कर सकें।


### संबंध विच्छेद सूचना

हमारे सबसे छोटा लडका शाहवेज उम्र 18 वर्ष हमारे परिवार के कहने सुनने मे नहीं है। गलत संगत में पड़कर परिवार के साथ लडाई झगडा करता है। इसलिए हमने शाहवेज को अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर इससे पूर्ण रूप से सम्बन्ध विच्छेद कर लिए हैं। अब शाहवेज का कोई सम्बन्ध किसी प्रकार का हमारे परिवार से बाकी नहीं रहा है। हमारे दो अन्य पुत्र शाहरूख व मारूफ से भी शाहवेज का अब कोई सम्बन्ध बाकी नहीं रहा है और न ही शाहवेज के किसी कृत्य के लिए हम व परिवार के अन्य सदस्य जिम्मेदार है। शाहवेज स्वयं जिम्मेदार होगा।

**श्रीमति हैदरी पत्नि नफीस**
**निवासी-ग्राम जौली,**
**थाना भोपा,**
**जनपद-मुजफ्फरनगर**

### संबंध विच्छेद सूचना

मेरा लड़का सागर कुमार पुत्र सतीश कुमार उम्र 27 वर्ष निवासी ग्राम पीनना थाना कोतवाली जिला मुजफ्फरनगर गलत आदतों का शिकार है तथा मेरे कहने सुनने में नहीं है वह हर समय घर मे लडाई झगडा व कलह करता है इसलिए मैने अपने लडके सागर कुमार को अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है मेरे लड़के सागर कुमार द्वारा किए गए किसी भी क्रियाकलाप या लेनदेन या किसी भी कार्य की मेरी व मेरे परिवार की किसी भी प्रकार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। मेरा व मेरे परिवार का सागर कुमार से किसी प्रकार का कोई मतलब वास्ता नही है।

**सतीश कुमार**
**पुत्र स्व. जगदीश प्रसाद ,**
**निवासी- ग्राम पीनना**
**थाना कोतवाली, मुजफ्फरनगर**


# साहित्य और समाज सेवा के लिए डॉ ताहिर क़मर को मिला सम्मान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरापुर।** नगर की चिकित्सक संस्था डॉक्टर्स एंड पैथ लैब एसोसिएशन द्वारा जनपद के प्रसिद्ध शायर एवं कवि डॉ ताहिर क़मर क़ुरैशी को उनकी साहित्यिक, शैक्षिक एवं सामाजिक सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। यह सम्मान समारोह मैक्स मिलियन रेस्टोरेंट, मीरापुर में आयोजित किया गया, जिसमें नगर के कई प्रतिष्ठित चिकित्सक उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ अशोक कुमार प्रजापति ने की, जबकि संचालन वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ प्रवीण शर्मा ने किया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी सदस्यों ने डॉ ताहिर क़मर का माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया और उनके योगदान की सराहना की। इस अवसर पर डॉ प्रवीण शर्मा ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि डॉ ताहिर क़मर ने अपनी शायरी के माध्यम से न केवल राष्ट्रीय बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

कार्यक्रम में डॉ उनेन्द्र गोयल, डॉ मनोज पाल, डॉ सरताज बैग, डॉ आरिफ़, डॉ साकिब क़ुरैशी, डॉ समीर राजपूत, डॉ रियासत अब्बासी, डॉ सुनील और डॉ निरंजन बंगाली सहित कई चिकित्सक मौजूद रहे। समारोह का समापन आपसी सौहार्द और सम्मान के वातावरण में हुआ।

# जैन कन्या कॉलेज व श्रीराम फाइनआर्ट्स के बीच समझौता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** फैकल्टी ऑफ फाइन आर्ट्स, श्री राम कॉलेज (ऑटोनोमस), मुजफ्फरनगर एवं जैन कन्या पाठशाला (पी.जी.) कॉलेज, मुजफ्फरनगर के मध्य एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन पर विधिवत हस्ताक्षर किए गए। यह समझौता कला शिक्षा, शोध, प्रशिक्षण तथा सांस्कृतिक आदान-प्रदान को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

इस अवसर पर फैकल्टी ऑफ फाइन आर्ट्स की ओर से निदेशक डॉ. मनोज धीमान तथा जैन कन्या पाठशाला (पी.जी.) कॉलेज की ओर से प्रधानाचार्य प्रोफेसर सीमा जैन ने समझौते पर हस्ताक्षर किए।

इस समझौता ज्ञापन का मुख्य उद्देश्य दोनों संस्थानों के बीच शैक्षणिक सहयोग को बढ़ावा देना तथा कला शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार, गुणवत्ता एवं व्यावहारिक अनुभव को सुदृढ़ करना है। इसके अंतर्गत निम्नलिखित प्रमुख सहयोग क्षेत्रों को शामिल किया गया है, फैकल्टी एक्सचेंज एवं गेस्ट लेक्चर, संयुक्त कार्यशालाएँ, सेमिनार एवं कला प्रदर्शनियाँ, विद्यार्थियों के लिए प्रशिक्षण, इंटर्नशिप एवं सम्मेलन अवसर, सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं कला प्रतियोगिताओं का आयोजन शोध कार्य एवं प्रकाशन गतिविधियाँ।

इस अवसर पर डॉ. मनोज धीमान ने कहा कि यह सहयोग



छात्रों के लिए नए अवसरों के द्वार खोलेगा तथा उन्हें शैक्षणिक और औद्योगिक क्षेत्रों से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। वहीं प्रोफेसर सीमा जैन ने इस पहल को कला शिक्षा के क्षेत्र में एक सराहनीय एवं दूरदर्शी कदम बताया।


## दि गंगा किसान सहकारी चीनी मिल्स लि., मोरना जनपद मुजफ्फरनगर

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

इस मिल समिति के पेराई सत्र 2025-26 की समाप्ति के उपरान्त कार्य संख्या 1, ब्राउन शुगर निकालने एवं ब्वायलिंग हाऊस में स्क्रैपिंग धुलाई का कार्य संख्या 2, स्प्रे पोण्ड एवं चैनल की सम्पूर्ण सफाई तथा ई. पी.टी के समस्त टैक आदि की सफाई का कार्य करने हेतु निविदायें दिनांक 13.04.2026 तक आमन्त्रित की जाती है। टेण्डर 200/- (वापिसी योग्य नही) तथा धरोहर राशि अंकन क्रमश रू0 5000.00 व 2500.00 जमा कर निविदा प्रपत्र मिल कोषागार से प्राप्त किये जा सकते है। नियम व शर्ते निविदा प्रपत्र पर अंकित है। एक अथवा सभी निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त / स्वीकार करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा।

**प्रबंधक**

# खतौली में विश्व ण्मोकार महामंत्र दिवस पर उमड़ा आस्था का सैलाब



**शाह टाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** विश्व णमोकार महामंत्र दिवस के अवसर पर बुधवार को खतौली में भक्ति और श्रद्धा का विशेष वातावरण देखने को मिला। अखिल भारतीय जैन युवा फेडरेशन शाखा खतौली एवं पीसनो पाड़ा मंदिर समिति के संयुक्त तत्वावधान में णमोकार मंत्र का सामूहिक जाप बड़े ही भव्य और श्रद्धापूर्ण तरीके से आयोजित किया गया। इस दौरान जैन समाज के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने सहभागिता कर पूरे वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर कर दिया।

गौरतलब है कि 9 अप्रैल 2025 को प्रधानमंत्री छंतमदकतं डवकप द्वारा इस दिवस की शुरुआत किए जाने के बाद से 'ि्वव णमोकार महामंत्र दिवस' को वैश्विक पहचान मिली है। तभी से यह दिन हर वर्ष 9 अप्रैल को विश्वभर में मनाया जा रहा है, जिसमें अनेक देशों में सामूहिक मंत्र जाप का आयोजन होता है। खतौली में भी इस अवसर पर विभिन्न जैन मंदिरों, संस्थाओं और शिक्षण संस्थानों में विशेष धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने णमोकार महामंत्र की महिमा पर प्रकाश डालते हुए इसे जैन धर्म का मूल और सर्वश्रेष्ठ मंत्र बताया। उन्होंने कहा कि यह मंत्र पंच परमेष्ठियों अरिहंत, सिद्ध, आचार्य, उपाध्याय और साधु की वंदना का प्रतीक है, जो आत्मशुद्धि और मानसिक शांति प्रदान करता है। कलपेन्द्र जैन ने अपने विचार रखते हुए कहा कि यह दिवस आध्यात्मिक जागरूकता का प्रतीक है, जिसका उद्देश्य समाज में सकारात्मकता और धर्म के प्रति आस्था को बढ़ावा देना है।

वहीं सुशील जैन मंडी वालों ने कहा कि आधुनिक जीवन की व्यस्तता के बीच यह पर्व आत्ममंथन और आंतरिक शांति का संदेश देता है।

इस दौरान मंदिरों और घरों में सामूहिक जाप, पूजा-अर्चना, ध्यान एवं प्रवचनों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज के अनेक गणमान्य लोग और श्रद्धालु बड़ी संख्या में उपस्थित रहे, जिन्होंने पूरे उत्साह और भक्ति के साथ आयोजन को सफल बनाया।

# छात्रा नैंसी एक दिन के लिए बनी थाना प्रभारी

**बुढ़ाना।** छात्रा नैंसी ने एक दिन के लिए बुढ़ाना महिला थाने की प्रभारी बनकर कई महत्वपूर्ण काम किए। उन्होंने ऑफिस में कुसह्ल पर बैठकर फरियादियों की शिकायतें सुनीं और अधीनस्थ अधिकारियों को शिकायतों के निस्तारण के निर्देश दिए। इसके अलावा, उन्होंने बुढ़ाना महिला थाना कार्यालय में विभिन्न पटलों का निरीक्षण किया और महिला थाना प्रभारी की जिम्मेदारियों को बारीकी से समझा। नैंसी ने अपने एक दिन के कार्यकाल में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए जिनमें से नैंसी ने ऑफिस में आने वाले फरियादियों की शिकायतें सुनीं और उनकी समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए। नैंसी ने कार्यालय में विभिन्न पटलों का निरीक्षण किया और प्रभारी की जिम्मेदारियों को बारीकी से समझा। नैंसी ने अधीनस्थ अधिकारियों को शिकायतों के निस्तारण के निर्देश दिए और उन्हें अपने काम में सुधार करने के लिए कहा। इस दौरान यहां पर बुढ़ाना कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक सुभाष बाबू अत्री और महिला थाना प्रभारी सुमन शर्मा भी उपस्थित रही।



# एसडीएम से समस्याग्रस्त व्यापारियों की हुई सकारात्मक बातचीत

**शाह टाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** गुरुवार को खतौली में व्यापारियों की समस्याओं को लेकर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल का एक प्रतिनिधिमंडल उपजिलाधिकारी डॉ. ललित मिश्रा से मिला। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने क्षेत्र के व्यापारियों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को विस्तार से उनके समक्ष रखा और उनके समाधान की मांग की। बैठक के दौरान बाजार में अव्यवस्था, अतिक्रमण, बिजली एवं पानी की दिक्कतें, कर संबंधी परेशानियां तथा प्रशासनिक सहयोग की कमी जैसे मुद्दों पर गंभीर चर्चा हुई। व्यापारियों ने बताया कि इन समस्याओं के चलते उनके व्यवसाय पर नकारात्मक असर पड़ रहा है, जिससे आर्थिक गति. विधियां भी प्रभावित हो रही हैं।

प्रतिनिधिमंडल ने प्रशासन से अपील की कि व्यापारियों की समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान कराया जाए, ताकि बाजार का माहौल बेहतर बन सके और व्यापार सुचारु रूप से चल सके।

इस पर उपजिलाधिकारी डॉ. ललित मिश्रा ने व्यापारियों की बातों को ध्यानपूर्वक सुनते हुए भरोसा दिलाया कि जो समस्याएं स्थानीय स्तर पर सुलझाई जा सकती हैं, उन पर तुरंत कार्रवाई की जाएगी। साथ ही अन्य मामलों को संबंधित विभागों के पास भेजकर उनके शीघ्र निस्तारण का प्रयास किया जाएगा। बैठक में व्यापार मंडल अध्यक्ष राजेश जैन के नेतृत्व में अरविंद वर्मा, मदन छाबड़ा, भावेश गुप्ता, रवि ग्रोवर, मुकेश तायल और संजय जैन समेत कई व्यापारी नेता मौजूद रहे। सभी ने एकजुट होकर अपनी बात प्रशासन के सामने रखी। अंत में व्यापारियों ने प्रशासन के सकारात्मक रुख की सराहना करते हुए उम्मीद जताई कि जल्द ही समस्याओं का समाधान होगा और क्षेत्र में व्यापारिक माहौल और अधिक मजबूत बनेगा।



# फुले दंपति को भारत रत्न दिलाने की मांग तेज



**खतौली।** क्षेत्र के गांव पमनावली में बुधवार को आयोजित पंचायत में समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा राव फुले और माता सावित्रीबाई फुले को भारत रत्न दिए जाने की मांग जोर-शोर से उठाई गई। कार्यक्रम महात्मा ज्योतिबा राव फुले राष्ट्रीय एकता मिशन के तत्वावधान में आयोजित हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों और समाजसेवियों ने भाग लिया। पंचायत के दौरान वक्ताओं ने फुले दंपति के ऐतिहासिक योगदान को याद करते हुए कहा कि उन्होंने समाज में समानता, शिक्षा और महिला सशक्तिकरण की मजबूत नींव रखी। कहा गया कि उन्होंने उस समय पुणे में पहला बालिका विद्यालय स्थापित कर सामा. जिक बदलाव की दिशा में बड़ा कदम उठाया। इस अवसर पर बताया गया कि 12 अप्रैल को लावड़ में फुले जयंती के उपलक्ष्य में एक भव्य समारोह आयोजित किया जाएगा, जिसकी तैयारियां तेजी से चल रही हैं।

इसी क्रम में क्षेत्र के विभिन्न गांवों में जागरूकता रैली भी निकाली गई। रैली को डा. बबलू सैनी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, जो पमनावली से शुरू होकर कई गांवों से होते हुए संपन्न हुई। रैली में शामिल लोगों ने हाथों में तख्तियां लेकर फुले दंपति को भारत रत्न देने की मांग दोहराई और उनके समर्थन में नारे लगाए।

संस्था के जिलाध्यक्ष मुरारी लाल आर्य डा. बबलू सैनी, मोहन सैनी, मुरारी लाल आर्य, प्रधान राजेश्वर सैनी, डा. कूढ़े सैनी, जगदीश प्रधान, सुनील आढ़ती, सुभाष चंद, मास्टर राजवीर सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## एक नजर

### टावर से सामान हुए चोरी में रिपोर्ट दर्ज

**बुढ़ाना।** एक टावर से कुछ कीमती सामान चोरी होने की घटना की रिपोर्ट बुढ़ाना पुलिस ने एक संबंधित अधिकारी की तहरीर पर दर्ज कर ली है। मिली जानकारी के अनुसार माखनलाल पुत्र मेवाराम जीटीएल इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड टेक्नीशियन मंगल पांडे नगर यूनिवर्सिटी रोड मेरठ ने बुढ़ाना पुलिस को एक तहरीर देते हुए बतलाया कि उनकी जीटीएल इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड कंपनी का मोबा. इल टावर किशनपाल तोमर पुत्र इलम चंद तहसील कॉलोनी ईदगाह रोड बुढ़ाना की जमीन पर लगा था। टावर का आधिकारिक नाम कांधला रोड था तथा साइट आईडी भी थी। बीती 30 मार्च को जब मैं टावर के निरीक्षण के लिए पहुंचा तो मुझे संपूर्ण टॉवर का संबंधित समस्त सामान मौके पर नहीं मिला तो चोरी की सूचना मैंने तत्काल अपनी कंपनी के अधिकारियों को फोन पर दी और उनको चोरी की घटना के संबंध में बताया। संबंधित अधिकारी माखन लाल ने बुढ़ाना पुलिस से अज्ञात चोर के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज किए जाने की मांग की है। उधर बुढ़ाना पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### दो लोगों पर 90 हजार रुपये की चोरी का आरोप

**बुढ़ाना।** एक जनसेवा केंद्र के संचालक ने दो ई-रिक्शा चालकों पर उसके जनसेवा केंद्र से 90 हजार रुपये की नगदी चोरी करने का खुला आरोप लगाते हुए बुढ़ाना पुलिस से अपने 90 हजार रुपये दिलवाए जाने की गुहार लगाई है। पुलिस ने दोनों ई-रिक्शा चालकों के खिलाफ मामला दर्ज कर दोनों की तलाश शुरु कर दी है। दुष्यंत सिंह पुत्र कुंवरपाल सिंह निवासी ग्राम छाजपुर ने बुढाना पुलिस को बतलाया की गांव छाजपुर में उसने एक जनसेवा केंद्र संचालित किया हुआ है। बीती 06 अप्रैल को वह खाना खाने गया हुआ था तो उसी समय अज्ञात चोर उसके जनसेवा केंद्र में रखी मेज की दराज में से 90 हजार रुपये चोरी करके ले गए। दुष्यंत सिंह के अनुसार उसके जनस. वा केंद्र के पास अक्सर गांव छाजपुर के ही 02 रिक्शा चालक जिनमें हारुन पुत्र लतीफ और रियासत पुत्र नसीर खडे रहते हैं। जब उसने इस घटना की सूचना डायल नंबर 112 व बुढाना पुलिस को दी तो पुलिस कुछ ही देर बाद उसके जनसेवा केंद्र पर आई तो दोनो ई-रिक्शा चालक हारुन व रियासत पुलिस को दूर से आता हुआ देख घटनास्थल से फरारहो गए। पीडित दुष्यंत ने बुढ़ाना पुलिस को दोनोंं फरार आरो. पियों के खिलाफ तहरीर देते हुए अपने 90 हजार रुपये दिलाए जाने व दोनों ई-रिक्शा चालकों के विरुद्ध कार्यवाही की गुहार लगाई है। वहीं बुढ़ाना सर्किल के सीओ गजेंद्र पाल सिंह के मुताबिक इस घटना के दौरान पुलिस टीम पर लगे आरोप असत्य और निराधार हैं।

### कोतवाल ने दो ईनामी बदमाश पकड़े

**बुढ़ाना।** कोतवाल बुढ़ाना सुभाष बाबू अत्री ने स्वयं दो ईनामी बदमाशों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। बुढाना पुलिस ने दोनों बदमाशों को जेल भेज दिया है। इन दोनों बदमाशों पर पांच पांच हजार रुपये का इनाम था। पकड़े गये बदमाशों के नाम पप्पन पुत्र राम सिंह निवासी ग्राम उमरपुर व फराकत पुत्र किलावत निवासी ग्राम जौला हैं। तलाशी के दोरान इनके पास से एक अवैध चाकू मिला है। बुढ़ाना कोतवाल सुभाष बाबू अत्री ने बतलाया कि अभियुक्त पप्पन और फराकत के द्वारा बुढ़ाना कोर्ट के निर्देशों का पालन नहीं किया गया था। जिस कारण कोर्ट द्वारा वर्ष 2023 में एक अभियोग में फरार घोषित किये गये थे। इन वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए सीओ गजेंद्र पाल सिंह के नेतृत्व में एक टीम गठित कर दोनों को कोर्ट में पेश करने की तैयारी चल रही थी। इसी के तहत दोनों फरार बदमाशों को बृहस्पतिवार के दिन अलग अलग स्थानों से पकड़ा गया। जिसमें एक बदमाश मंदवाडा मार्ग पर भटे के सामने से और दूसरे बदमाश को मुखबिर की सटीक सूचना के आधार पर सुल्तानपुर जाने वाले रास्ते पर गांव उमरपुर के बाहर पकड़ा। टीम में सब इंस्पेक्टर शिव सिंह नागर सहित अन्य पुलिसकर्मी भी उपस्थित रहे। पुलिस के अनुसार बदमाशों पर पहले से ही तीन मामले दर्ज हैं। पुलिस ने दोनों को जेल भेज दिया है।

### गैंगस्टर का वांछित अभियुक्त किया गिरफ्तार

**बुढ़ाना/फुगाना।** पुलिस ने गैंगस्टर के एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया है। फुगाना सर्किल के सीओ यतेंद्र नागर के निर्देश पर फुगाना थाना अध्यक्ष विजय कुमार ने उप निरीक्षक रविंद्र कसाना, कांस्टेबल अजय तेवतिया, कांस्टेबल अमित कुमार और एण्टी रोमियो स्कवायड की संयुक्त टीम के सहयोग से किसी खास मुखबिर की सटीक सूचना के आधार पर एक स्थान से अभियुक्त संजीव कुमार पुत्र धर्मवीर सिंह निवासी ग्राम मौहल्ला इस्लामनगर बस्ती कैराना जनपद शामली को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जेल भेज गये आरोपी पर पहले से ही चार मामले दर्ज हैं।

# विश्व नवकार दिवस पर कुंद-कुंद जैन इंटर कॉलेज में हुआ भक्ति का कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** विश्व नवकार दिवस के अवसर पर गुरुवार को श्री कुंद-कुंद जैन इंटर कॉलेज में श्रद्धा और भक्ति से परिपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यालय परिसर में प्रार्थना स्थल पर छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और समस्त स्टाफ ने एक साथ एकत्र होकर नवकार महामंत्र का तीन बार सामूहिक उच्चारण किया, जिससे वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से ओत-प्रोत हो उठा। कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना सभा से हुई, जिसमें विद्यार्थियों ने अनुशासन और एकाग्रता के साथ भाग लिया। सामूहिक मंत्रोच्चारण के दौरान पूरे परिसर में शांति, श्रद्धा और सकारात्मकता का अद्भुत संगम देखने को मिला।

विद्यालय के प्रधानाचार्य अनुराग जैन ने अपने संबोधन में नवकार महामंत्र के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि यह मंत्र जैन धर्म की आधारशिला है, जो व्यक्ति को आत्मिक शुद्धता, मानसिक संतुलन और जीवन में सही दिशा प्रदान करता है।

सहायक अध्यापिका ऋतु जैन ने नवकार महामंत्र के प्रत्येक पद की व्याख्या करते हुए बताया कि यह किसी एक देवता की आराधना नहीं, बल्कि समस्त सिद्ध, आचार्य, उपाध्याय और साधु-संतों के प्रति श्रद्धा का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि नियमित जाप से मन की एकाग्रता बढ़ती है और जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आते हैं।

# सीएमओ ने गढ़ी नौआबाद सीएचसी का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** सीएमओ डाक्टर सुनील तेवतिया ने बृहस्पतिवार को बुढ़ाना ब्लॉक क्षेत्र के गांव गढी नौआबाद सीएचसी व कस्बा सिसौली में ओपीडी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता, व्यवस्थाओं व मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का गहनता से जायजा लिया। उन्होंने दोनों स्वास्थ्य केंद्रों पर साफ सफाई, दवाओं की उपलब्धता, चिकित्सकीय उपकरणों की स्थिति व मरीजों को दी जा रही सेवाओं की समीक्षा कर स निर्देशित किया कि सब केंद्रों पर समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएं सुनिश्चित की जाएं जिससे आमजन को बेहतर उपचार मिल सके। निरीक्षण में उन्होंनें सीएचसी सिसौली में ओपीडी भी की।

उन्होंने विशेष रुप से हढी रोग ऑर्थोपेडिक से संबंधित मरीजों का परीक्षण कर उन्हें आवश्यक परामर्श व उपचार प्रदान किया। मरीजों ने उनकी सेवाओं से संतोष व्यक्त किया। उन्होंने बताया अब वे प्रत्येक बृहस्पतिवार को सीएचसी सिसौली में नियमित रुप से ओपीडी करेंगे जिससे क्षेत्र के मरीजों को विशेष रूप से हढी रोग संबंधी उपचार के लिए दूर जाने की जरुरत न पड़े और उन्हें स्थानीय स्तर पर ही विशेषज्ञ चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो। उन्होंने संबंधित स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सकों व कर्मचारियों को निर्देशित किया मरीजों के प्रति संवेदनशीलता व जिम्मेदारी के साथ कार्य करें।



# आंबेडकर जयंती को लेकर हुई शांति समिति की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** आने वाली आंबेडकर जयंती के शुभ अवसर पर मद्देनजर कोतवाली बुढ़ाना क्षेत्र में शांति और सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए बुढ़ाना कोतवाली परिसर में पीस कमेटी की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। एसडीएम बुढ़ाना कृष्णकांत विश्वकर्मा की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में सर्व समाज के प्रबुद्ध नागरिकों और जयंती कार्यक्रम के आयोज. कों ने हिस्सा लिया। यहां बुढ़ाना सर्किल के पुलिस क्षेत्राधिकारी गजेंद्र पाल सिंह ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जयंती का पर्व पूरी तरह पारंपरिक रीति रिवाजों के साथ मनाया जाए। उन्होंने किसी भी प्रकार की नई परंपरा की शुरुआत न करने की हिदायत दी।

अधिकारियों ने सभी वर्गों से आपसी प्रेम और भाईचारा बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि त्योहारों का मूल उद्देश्य सामा. जिक समरसता को बढ़ावा देना होता है। कार्यक्रम आयोजकों से रूट और समय का पालन करने तथा पुलिस प्रशासन का सहयोग करने को भी कहा गया। सीओ गजेंद्र पाल सिंह ने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि सभी नागरिक मिल जुलकर हर्षोल्लास के साथ बाबा साहेब की जयंती मनाएं। किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें और शांतिपूर्ण माहौल बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें। बैठक में मौजूद विभिन्न समुदायों के संभ्रांत व्यक्तियों और आयोजनकर्ताओं ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। सभी ने एक स्वर में कहा कि वे शहर में शांति व्यवस्था कायम रखेंगे और त्योहार को आपसी सौहार्द के साथ संपन्न कराएंगे। इस अवसर पर बुढ़ाना कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक सुभाष बाबू अत्री सहित अन्य पुलिसकर्मी और क्षेत्र के गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहे।



# व्यापारी नेता के घर पर लगा गए स्मार्ट मीटर

■ स्थानीय विद्युत विभाग पर उबले व्यापारी

**बुढाना।** एक व्यापारी के घर के बाहर विद्युतकर्मी स्मार्ट मीटर लगा गये। पता चलने पर व्यापारियों ने इस बात का कडा विरोध किया है। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल रजिस्टर्ड इकाई बुढाना के नगर अध्यक्ष संजीव कुमार संगल ने आरोप लगाया है कि स्मार्ट मीटर लगाकर व्यापारियों में डर पैदा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि उनका मीटर खराब बताकर झूठ बोलकर स्मार्ट मीटर लगा दिया गया है और दो हजार रुपये भी ले लिए गए हैं। संगल ने कहा कि स्मार्ट मीटर लगने से व्यापारियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ेगा जबकि केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री ने संसद में स्पष्ट किया था कि प्रीपेड मीटर लगाना अनिवार्य नहीं हैं। यह पूरी तरह उपभोक्ताओं की इच्छा पर निर्भर करता है। इस बात को देखते हुए अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल स्मार्ट मीटर का कस्बे में लगाने पर विरोध प्रकट करती है। व्यापारियों ने स्मार्ट मीटर लगाने का विरोध करने का फैसला किया है। इस मौके पर राजीव कुमार गर्ग, नसीम भटियारा, तनवीर कुरैशी, आयुश गर्ग और अनुराग संगल आदि व्यापारी मौजूद रहे।

# अपराधियों की खैर नहीं: एसएसपी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** एसएसपी कार्यालय पहुंचे शाहपुर नगर के दैनिक शाह टाइम्स पत्रकार भाग्य शर्मा और वरिष्ठ भाजपा नेता एवं समाजसेवी नवदीप मित्तल ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा एवं नवनियुक्त पुलिस अधीक्षक (देहात) संजय अक्षय महादिक को शॉल उड़ाकर सम्मानित किया तथा शिष्टाचार भेंट कर विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। इस दौरान युवा पत्रकार भाग्य शर्मा ने कानून व्यवस्था, जनसुनवाई और मीडिया से जुड़े विषयों को प्रमुखता से उठाया।

मुलाकात के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने जिले में अपराध नियंत्रण, महिला सुरक्षा एवं आम जनता के साथ बेहतर संवाद स्थापित करने को अपनी प्राथमिकता बताया। उन्होंने आश्वासन दिया कि पत्रकारों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। साथ ही जिले में कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा अपराध पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए निरंतर प्रयास जारी रहने की बात कही।



# डुंगर में चलाया संचारी रोग नियंत्रण अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** शासनादेश अनुसार बृहस्पतिवार के दिन खंड शिक्षा अधिकारी किरण यादव के अनुपालन में कंपोजिट स्कूल डुंगर में स्कूल प्रभारी प्रधान अध्यापक चौधरी जमील अहमद के नेतृत्व में संचारी रोग नियंत्रण अभियान जो कि बीती एक अप्रैल से शुरू होकर आगामी 30 अप्रैल तक के लिए चलाया जा रहा है इस अभियान में विद्यालय में उपस्थित सब बच्चों, अध्यापक, अध्यापिकाओं ने भाग लिया। अभियान के दौरान संगीत के माध्यम से संचारी रोग के लक्षण व बचाव को जीत के माध्यम से बताया गया। इसके बाद देवेंद्र कुमार सहायक अध्यापक ने बताया कि संचारी रोग अभियान एक सरकारी पहल है जो मुख्य रूप से वर्षा ऋतु में डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया और फाइलेरिया जैसे रोगों को रोकने के लिए चलाया जाता है। अंत में स्कूल प्रभारी प्रधान अध्यापक चौधरी जमील अहमद ने बताया कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान में आशा वर्करों द्वारा घर घर जाकर सर्वे दस्तक अभियान, कीटनाशक छिड़काव, साफ सफाई, जल भराव की रोकथाम और जन जागरूकता गति. विधियां शामिल है। संचारी रोग नियंत्रण अभियान का पहले चरण अक्सर अप्रैल या मानसून से पूर्व जो जन जागरूकता और साफ सफाई पर केंद्रित होता है।



शाह टाइम्स

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# बाइक की टक्कर से महिला की मौत





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** सनौली टोल प्लाजा के पास गुरुवार सुबह दर्दनाक सड़क हादसे में गेहूं कटाई के लिए जा रही एक विधवा महिला की मौत हो गई, जबकि उसकी बेटी गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे के बाद एनएचएआई की एम्बुलेंस दोनों को कैराना सीएचसी लेकर पहुंची, जहां महिला को मृत घोषित कर दिया गया। इस घटना के बाद एनएचएआई की एम्बुलेंस व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।

जानकारी के अनुसार, मोहल्ला दरबार खुर्द निवासी प्रेमो (45) पत्नी स्वर्गीय जयचंद गुरुवार सुबह अपनी पुत्री पिंकी (25) के साथ हरियाणा के गांव रामड़ा में गेहूं कटाई की मजदूरी के लिए जा रही थी। जब मां-बेटी सनौली टोल टैक्स के पास सड़क पार कर रही थीं, तभी पीछे से तेज रफ्तार आ रही एक अज्ञात बाइक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गईं। हादसे में बाइक सवार भी घायल हो गया। मौके पर मौजूद एनएचएआई की एम्बुलेंस ने घायलों को उठाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कैराना पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने प्रेमो को मृत घोषित कर दिया, जबकि गंभीर रूप से घायल पिंकी को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। बताया जाता है कि मृतक महिला के परिवार में चार बेटियां हैं और पति का पहले ही निधन हो चुका है। मजदूरी कर किसी तरह परिवार का पालन-पोषण चल रहा था। मां की मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। उधर, हादसे के बाद हरियाणा पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस हादसे के बाद एक बार फिर एनएचएआई की एम्बुलेंस व्यवस्था कटघरे में आ गई है। लोगों का कहना है कि यदि गंभीर घायल मां-बेटी को हरियाणा के नजदीकी सनौली अस्पताल में तुरंत उपचार मिल जाता, तो शायद प्रेमो की जान बच सकती थी। स्थानीय लोगों का आरोप है कि हरियाणा क्षेत्र में दुर्घटना होने के बावजूद एनएचएआई की एम्बुलेंस घायलों को बार-बार कैराना सीएचसी ही लेकर आती है, जबकि घटनास्थल से बेहद कम दूरी पर सनौली का स्वास्थ्य केंद्र मौजूद है। समय पर प्राथमिक उपचार न मिलने के कारण कई घायलों की जान जा चुकी है, लेकिन इसके बावजूद एनएचएआई की व्यवस्था में कोई सुधार नहीं दिखाई दे रहा है। अब बड़ा सवाल यह है कि जब घटनास्थल के करीब हरियाणा का अस्पताल मौजूद है, तो आखिर एनएचएआई की एम्बुलेंस घायलों को कैराना क्यों लाती है? क्या लापरवाही और अव्यवस्था के कारण लोगों की जान यूं ही जाती रहेगी?

# नगर पंचायत के अधिक हाउस टैक्स वसूलने पर भड़का जनता का आक्रोश




नगर पंचायत को बुलानी पड़ी 13 अप्रैल को बोर्ड की बैठक।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** हाउस टैक्स के मुद्दे पर भड़के जनआक्रोश ने नगर पंचायत बोर्ड को पूरी तरह बैकफुट पर ला दिया है। कस्बे में मनमाने और भारी-भरकम टैक्स के खिलाफ पिछले कई दिनों से चल रहे विरोध ने अब ऐसा रूप ले लिया है कि बोर्ड को झुकने पर मजबूर होना पड़ा है। 13 अप्रैल को बुलाई गई बैठक अब नगर पंचायत के लिए किसी 'अग्निपरीक्षा' से कम नहीं मानी जा रही। कस्बेवासियों का आरोप है कि नगर पंचायत ने बिना जमीनी हकीकत समझे टैक्स थोप दिया। हालात ये हैं कि जिन घरों में पानी का कनेक्शन तक नहीं है उनसे भी जल कर वसूला जा रहा है। वहीं एक ही मकान की अलग-अलग मंजिलों पर अलग-अलग टैक्स लगाकर लोगों की जेब पर सीधा हमला किया गया है। व्यापारियों और आम जनता का गुस्सा अब खुलकर सड़कों से लेकर दफ्तरों तक दिखाई दे रहा है। विरोध कर रहे लोगों का कहना है कि यह टैक्स नहीं बल्कि जबरन वसूली है। व्यापारी नेता संजीव चावला ने दो टूक चेतावनी देते हुए कहा कि अगर 13 अप्रैल की बैठक में जनता के हित में ठोस फैसला नहीं हुआ तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा। उन्होंने साफ कहा कि जरूरत पड़ी तो नगर पंचायत के सभासदों का घेराव और बहिष्कार भी किया जाएगा। बताया जा रहा है कि पूर्व में अधिशासी अधिकारी जितेंद्र राणा बताया था बोर्ड मीटिंग के प्रस्ताव पर ही यह टैक्स बढ़ोतरी लागू की गई थी लेकिन अब वही फैसला नगर बैठक पर टिकी हैं। अब देखना होगा कि नगर पंचायत जनता को राहत देती है या फिर विरोध की चिंगारी बड़ा आंदोलन बनकर उभर सकती है।

## पिता की तहरीर पर झूला संचालक को भेजा जेल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** ब्लॉक क्षेत्र के गांव सोंता रसूलपुर में आयोजित धार्मिक जलसे के मेले में लगे एक झूले मे 10 वर्षीय मासूम बच्ची झूलते समय बाल फंसने से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई थीं।

बच्ची के पिता मुनीर ने थाना भवन थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया कि दिनांक 7 अप्रैल को दोपहर 2 बजे के समय शामली निवासी याकूब ने गांव मे छोटा झूला लगा रखा था जिस पर मेरी 10 वर्षीय पुत्री सवा उमर झूल रही थी झूला मलिक झूले को बड़ी लापरवाही से चला रहा था स जिससे मेरी वच्ची गिर गई और उसे गंभीर चोट पहुंची। जिसका शामली में उपचार चल रहा है स पीड़ित ने थाने में झूला मलिक के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जाँच शुरू कर दी है।

# महिलाओं को दिया सिलाई का प्रशिक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** नगर की सामाजिक संस्था अफ़कार इंडिया फाउंडेशन की ओर से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से सिलाई-कटाई का रोजगार प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। महिलाओं को घर बैठे सिलाई कार्य से जुड़कर आय अर्जित करने के तरीके बताए गए।कार्यक्रम में संस्था की टीम द्वारा प्रेरणादायक गीत तू ज़िंदा है तो ज़िंदगी जीत पर यकीन कर से हुई, जिसे राहुल कुमार बिलाल अहमद और यासमीन ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन बिलाल अहमद ने किया।

प्रशिक्षिका मेहरूनिशा सैफी ने महिलाओं को सिलाई-कटाई की बारीकियां, जरूरी सावधानियां और आवश्यक सामान के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उन्होंने करीब 30 हजार रुपये की पूंजी से अपना काम शुरू किया था और कई सामाजिक व पारिवारिक कठिनाइयों के बावजूद मेहनत से अपना रोजगार खड़ा किया।उन्होंने बताया कि बाद में चार मोटरयुक्त सिलाई मशीनें खरीदकर करीब दस महिलाओं को प्रशिक्षण दिया और उन्हें घर पर ही सिलाई से संबंधित काम उपलब्ध कराया।कार्यक्रम में 13 महिलाओं को सिलाई का प्रदर्शन करने के लिए मंच पर बुलाया गया, जिनमें से 11 महिलाएं सफल रहीं। कार्यक्रम में बताया कि सरकार के स्किल डेवलपमेंट और एनआरएलएम जैसे विभाग भी उत्पादों की मार्केटिंग में मदद कर सकते हैं। साथ ही विभिन्न जिलों में लगने वाले ट्रेड फेयर के माध्यम से भी रोजगार के अवसर बढ़ाए जा सकते हैं।आयशा मालिक, जिया कटारिया, इसराना और फिरदोस सहित आदि लोग मौजूद रहे।

# आज प्रकाशित होगी अंतिम निर्वाचक नामावली

**शामली।** जिला निर्वाचन कार्यालय, शामली से प्राप्त जानकारी के अनुसार, डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी अधिकारी, जिला निर्वाचन कार्यालय विनय प्रताप सिंह भदौरिया द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया गया है कि अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 के अंतर्गत तैयार की गई अंतिम निर्वाचक नामावलियों का प्रकाशन दिनांक 10 अप्रैल 2026 को किया जाएगा। यह अंतिम प्रकाशित निर्वाचक नामावली जनपद स्तर पर जिला निर्वाचन कार्यालय, शामली में तथा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र स्तर पर संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालयों में उपलब्ध रहेगी। इसके अतिरिक्त, जनपद के सभी मतदेय स्थलों पर भी यह सूची एक सप्ताह की अवधि के लिए निरीक्षण हेतु रखी जाएगी, जिससे आम नागरिक आसानी से इसका अवलोकन कर सकें। सभी मतदाताओं से अपील की गई है कि वे अपने-अपने मतदेय स्थलों या संबंधित कार्यालयों पर जाकर अंतिम प्रकाशित मतदाता सूची में अपना नाम तथा अपने परिवारजनों के नाम अवश्य जांच लें। यदि किसी प्रकार की त्रुटि या विसंगति पाई जाती है, तो निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार समय रहते उसका निराकरण कराया जा सकता है। इसके अतिरिक्त, नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए अंतिम प्रकाशित मतदाता सूची का निरीक्षण ऑनलाइन माध्यम से भी किया जा सकता है। इसके लिए जिला निर्वाचन अधिकारी, शामली की आधिकारिक वेबसाइट तथा मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश, लखनऊ की वेबसाइट पर जाकर सूची देखी जा सकती है।

# हसनपुर लुहारी में हुआ खूनी संघर्ष



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** क्षेत्र के गांव हसनपुर लुहारी में मामूली कहासुनी ने उस समय बड़ा रूप ले लिया जब दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई। घटना में दोनों पक्षों के कई लोग घायल हो गए जिनमें महिलाएं भी शामिल बताई जा रही हैं।

पीड़ित पक्ष के गय्यूर पुत्र शब्बीर ने थाना भवन थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया कि वह अपने घर के बाहर खड़ा था तभी गांव के ही एक युवक ने हंसी-मजाक के दौरान छेड़छाड़ शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपी युवक ने ग्राम प्रधान पति सहित कई लोगों को मौके पर बुला लिया। आरोप है कि सभी ने मिलकर घर में घुसकर हमला कर दिया और महिलाओं के साथ भी अभद्रता की। इस दौरान दोनों पक्षों में जमकर लाठी-डंडे चले जिससे कई लोग घायल हो गए। घटना के बाद गांव में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। पीड़ित पक्ष ने थाने पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। वहीं थानाभवन पुलिस निरीक्षक विजेंद्र सिंह रावत ने बताया कि मामला दो पक्षों के बीच आपसी विवाद का है। दोनों पक्षों का मेडिकल कराया गया है और पूरे मामले की गहन जांच की जा रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने निकल कर आएंगे। उनके आधार पर आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल बना हुआ है। जिसे देखते हुए पुलिस स्थिति पर नजर बनाए हुए। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि कादरगढ़ पुलिस ने दबंगो का साथ देते हुए उनके घर पर आकर घर में रखा।

**शामली।** जनपद के जैन मोहल्ला नौकुआ रोड स्थित श्री बाबा दयालदास मंदिर पर 11 अप्रैल को श्री बालाजी महाराज के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में विविध धार्मिक कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया जाएगा। आयोजन समिति के अनुसार कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 7 बजे संगीतमय सुंदरकांड पाठ से होगी। इसके पश्चात प्रातः 10 बजे संकट मोचन कष्ट निवारण महायज्ञ आयोजित किया जाएगा। प्रातः 11 बजे 108 दीप प्रज्ज्वलन के साथ बाबा को छप्पन भोग अर्पित किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। दोपहर एक बजे श्री बालाजी महाराज की भव्य शोभायात्रा मंदिर परिसर से प्रारंभ होकर नगर के विभिन्न मार्गो से निकाली जाएगी और पुनः मंदिर पर पहुंचकर सम्पन्न होगी। शोभायात्रा के दौरान भक्तजन भजन-कीर्तन करते हुए पूरे नगर को भक्तिमय बनाएंगे।

# मौसम के बदलते मिजाज से बढ़े मरीज



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** क्षेत्र में मौसम के बदलते मिजाज का असर अब लोगों के स्वास्थ्य पर साफ दिखाई देने लगा है। थानाभवन नगर व देहात क्षेत्र में खांसी, जुकाम, बुखार, सांस,टाइफाइड संबंधी बीमारियों और वायरल संक्रमण के मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। हालात यह हैं कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र थानाभवन में रोजाना बड़ी संख्या में मरीज इलाज के लिए पहुंच रहे हैं जिससे अस्पताल में भीड़ का दबाव बढ़ गया है।

सीएचसी अधीक्षक डॉ. सुशील कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि दोपहर 1 बजे तक ही 250 के लगभग मरीजों का पंजीकरण हो चुका था जबकि पूरे दिन में ओपीडी मरीजों की संख्या लगभग 450 तक पहुंच जाती है। उन्होंने बताया कि इनमें ज्यादातर मरीज सर्दी-खांसी, जुकाम, बुखार और वायरल इंफेक्शन से पीड़ित हैं। बदलते मौसम में लापरवाही और खानपान में अनियमितता के चलते यह समस्याएं और बढ़ रही हैं। एसएमओ डॉ. नवजीत बेदी ने बताया कि नजला-जुकाम के साथ बुखार, जोड़ों का दर्द,और लगातार खांसी के मामलों के मरीज आ रहे है। इसके अलावा कुछ मरीजों में टाइफाइड के लक्षण भी सामने आए हैं जो चिंता का विषय है। उन्होंने बताया कि सांस की तकलीफ वाले मरीजों की संख्या में भी बढ़ोतरी हुई है खासकर बुजुर्गों और बच्चों को अधिक परेशानी हो रही है। साथ ही इन दिनों लोगों में कैल्शियम की कमी के मामले भी अधिक देखने को मिल रहे हैं जिससे कमजोरी और हड्डियों से जुड़ी समस्याएं बढ़ रही हैं। वही दूसरी ओर 10 अप्रैल से दस्तक अभियान शुरू किया जा रहा है, जिसके तहत स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर लोगों की जांच करेंगी। इन्होंने बताया कि वेक्टरजनित बीमारियों जैसे- डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया, जापानी इंसेफेलाइटिस को रोकने के लिए चलाया जाने वाला अभियान है। जिसमें मरीजों को घर-घर जाकर जागरूक करना है। इस अभियान में आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता घर-घर जाकर बुखार, कुपोषित और बीमार बच्चों की पहचान करती हैं और उपचार के लिए उन्हें प्रेरित करती हैं। इस दौरान यह पता लगाया जाएगा कि किस प्रकार की बीमारियां ज्यादा फैल रही हैं और जरूरत पड़ने पर तुरंत इलाज या परामर्श दिया जाएगा।

डा. सुशील कुमार ने लोगों से अपील की है कि बदलते मौसम में विशेष सावधानी बरतें ठंडे-गर्म से बचें, साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें और किसी भी प्रकार के लक्षण दिखाई देने पर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर संपर्क करें ताकि समय रहते उपचार मिल सके और बीमारियों को फैलने से रोका जा सके।

# दहेज की मांग न पूरी होने पर विवाहिता से मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** कोतवाली क्षेत्र में दहेज उत्पीड़न का मामला सामने आया है। एक विवाहिता ने अपने पति पर दहेज की मांग को लेकर मारपीट करने और 'तीन तलाक' की धमकी देकर घर से निकालने की कोशिश करने का आरोप लगाया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

मोहल्ला दरबार कला निवासी भूरी पत्नी परवेज ने बताया कि उसका निकाह करीब एक वर्ष पहले हुआ था। आरोप है कि शादी के बाद से ही उसका पति उस पर दहेज में नकदी और गाड़ी लाने का दबाव बना रहा था। मांग पूरी न होने पर उसके साथ लगातार मारपीट की जाती रही। पीड़िता के अनुसार, एक अप्रैल 2026 को उसने थाना कैराना में मारपीट की शिकायत दी थी, जिस पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ निरोधात्मक कार्रवाई की थी। इसके बावजूद जमानत पर छूटने के बाद आरोपी ने फिर से उसे प्रताड़ित करना शुरू कर दिया।महिला का आरोप है कि पति ने उसे 'तलाक-तलाक-तलाक' कहकर संबंध समाप्त करने की बात कही और घर से अलग करने की धमकी दी। इससे वह मानसिक रूप से काफी आहत है। पीड़िता ने कोतवाली कैराना पहुंचकर आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि महिला की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और मामले की जांच कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# आंगनबाड़ी पर बीस हजार की ठगी का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** ऊन के गांव तहारपुर में एक परिवार से शादी अनुदान के नाम पर बीस हजार की ठगी करने का आरोप एक आंगनबाडी कार्यकत्री पर लगा है। जिलाधिकारी को दिए गये प्रार्थनापत्र मे आरोप लगाया गया है कि आंगनबाडी ने पत्नी व बेटी को डराया कि अगर पैसे नही दोगे तो सभी सामान व 60 हजार वापस भिजवा दूँगी। खाते से पैंसे निकलने के बाद पिता को जानकारी हुई तो पूरे प्रकरण से पर्दा उठ गया। पीडित ने कार्यवाही की मांग की है।

चौसाना चौकी क्षैत्र के गांव ताहरपुर निवासी रामभूल का कहना है कि उसकी बेटी की 21 अप्रेल को सरकार की महत्वकांक्षी योजना के अन्तर्गत सामुहिक विवाह मे शादी होनी है। इसके लिये शादी का समस्त सामान व अन्य खर्चे के लिए साठ हजार की रकम को उसकी बेटी के पोस्ट ऑफिस के खाते मे आये है। एक सप्ताह से गांव की आंगनबाडी लगातार उसके घर के चक्कर लगाकर उसकी बेटी व पत्नी को परेशान कर रही थी। आरोप है कि आंगनबाडी नगद राशि से बीस हजार की रकम की मांग कर रही थी। जिलाधिकारी को दिए गए पत्र मे आरोप है कि आंगनबाडी ने धमकी दी है कि अगर पैसे नही दोगे तो सारा सामान व पैसे वापस चले जायेगे। बेटी ने डर के मारे पोस्ट ऑफिस से पैसे निकालकर आंगनबाडी को दे दिये। पिता के मोबाईल पर मैसेज गया तो पिता ने आंगनबाडी का विरोध किया लेकिन इसके बाद भी पैसे नही लौटाये गए। पीडित ने जिलाधिकारी अरविंद कुमार को प्रार्थनापत्र देकर कार्यवाही की मांग की है। वही दूसरी ओर आरोपी आंगनबाडी ने आरोपी को निराधार बताया है।

# सीएचसी में उमड़ी गर्भवतियों की भीड़



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित एचआरपीडी के अवसर पर गुरुवार को गर्भवती महिलाओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। कस्बे के साथ-साथ आसपास के दूर-दराज गांवों से भी बड़ी संख्या में महिलाएं अपनी स्वास्थ्य जांच कराने के लिए अस्पताल पहुंचीं।अस्पताल परिसर में महिलाओं की लंबी कतारें देखने को मिलीं। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सभी महिलाओं का पंजीकरण कर उनकी जांच कर दवाई वितरित की।चिकित्सकों ने गर्भवती महिलाओं का ब्लड प्रेशर, हीमोग्लोबिन, शुगर लेवल सहित अन्य आवश्यक चिकित्सकीय जांच कीं। विशेष रूप से हाई रिस्क प्रेग्नेंसी यानी उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था से जुड़ी महिलाओं की जांच के बाद दवाइयां वितरित की गईं और स्वास्थ्य संबंधी जरूरी परामर्श दिया गया।चिकित्सकों ने गर्भवती महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान समय-समय पर जांच कराते रहने, संतुलित और पौष्टिक आहार लेने तथा किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर तुरंत अस्पताल पहुंचने की सलाह दी। इसके साथ ही सुरक्षित मातृत्व को बढ़ावा देने के लिए संस्थागत प्रसव के महत्व के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई।।चिकित्सा अधीक्षक डॉ. वीरेंद्र सिंह ने बताया कि इस प्रकार के विशेष स्वास्थ्य कार्यक्रमों से ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं को काफी लाभ मिल रहा है। जिससे सुरक्षित प्रसव और मातृ-शिशु स्वास्थ्य को बढ़ावा मिल रहा है।

# मारपीट व धमकी के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव इस्सोपुर टील में महिला और उसके बच्चों के साथ मारपीट व जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया है । विगत 29 को गांव इस्सोपुर टील निवासी महिला रेखा देवी पत्नी राजपाल ने आरोप लगाया था कि पीड़िता गांव में दूध की देरी चलती है और अपने दूध की डेरी में बैठी हुई थी तभी गांव के ही बाबू पुत्र नरसिंह, आकाश पुत्र बाबू, छोटा पुत्र बाबू और हिमांशु पुत्र नरेंद्र सहित अन्य लोगों ने लाठी-डंडों से उसके और उसके बच्चों के साथ मारपीट कर उन्हें घायल कर दिया था। आरोप है कि इस दौरान आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी थी।पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी थी बृहस्पतिवार को पुलिस अधीक्षक एन.पी. सिंह के निर्देश पर चलाए जा रहे वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक सुमित शुक्ला के मार्गदर्शन और क्षेत्राधिकारी कैराना हेमंत कुमार के नेतृत्व में थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार व उनकी पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए बाबूराम पुत्र नरसिंह और आकाश पुत्र बाबूराम निवासी इस्सोपुर टील को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया है। बाकी आरोपियों की तलाश में पुलिस जुटी हुई है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक विक्रम सिंह और हेड कांस्टेबल संजीव शामिल रहे।

# टयूबवैल से हजारों का सामान हुआ चोरी

**चौसाना।** क्षेत्र के गांव लक्ष्मीपुरा मे जसवंत सिंह के खेत में बदमाशों ने टयूबवैल पर चोरी की घटना को अंजाम दिया। पीडित किसान का दावा है कि बदमाशों ने टयूबवैल पर लगे 325 मीटर केबिल को चोरी करने के साथ स्टार्टर व कटआउट के सेटअप को भी चोरी कर लिया। सुबह होने पर घटना से दहशत फैल गई।

इसके बाद किसानो ने मिलकर चोरी किए गये सामान की तलाश की लेकिन कोई सुराग नही लगने पर पीडित ने पुलिस को शिकायतीपत्र देकर मुकदमा दर्ज कराने की मांग की है।

# वार्डों में चलाया जा रहा जागरूकता अभियान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नगर निगम के अधिकारी-कर्मचारी और आईटीसी मिशन सुनहरा कल फोर्स के वालंटियर्स अब होटल व वैंकट हाल संचालकों को स्वच्छता के सम्बंध में समझाते हुए जागरुक कर रहे है कि गीला-सूखा कूड़ा अलग-अलग करते हुए उसे कैसे खाद के रुप में कन्वर्ट किया जा सकता है तथा अधिक कचरा उत्पन्न होने से किस तरह रोका जा सकता है। इसके अतिरिक्त एक अभियान के तहत घर-घर जाकर भी लोगों के स्वच्छता के प्रति जागरुक किया जा रहा है।

स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत आईईसी गतिविधियों के नोडल प्रभारी डॉ. संदीप मिश्रा के नेतृत्व में आज स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के अंतर्गत नगर निगम द्वारा आईटीसी मिशन सुनहरा कल से सम्बद्ध फोर्स एनजीओ के सहयोग से वार्ड संख्या 07 में एक बैठक आयोजित की गयी। जिसमें अम्बाला रोड स्थित होटल राजम. हल व रॉयल रेजिडेंसी के प्रबंधकों एवं जाटव नगर के लोग शामिल रहे। बैठक में बीडब्लूजी (बल्क वेस्ट जनरेटर) कूड़ा जनरेट के संबंध में चर्चा करते हुए होटल में कार्यरत सभी कर्मचारियों को बीडब्लूजी के विषय में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई तथा उन्हें स्वच्छता मानकों के पालन हेतु जागरूक किया गया।



इसी कड़ी में वार्ड संख्या 42 एवं वार्ड संख्या 8 में डोर-टू-डोर जाकर स्वच्छता सर्वेक्षण के संबंध में भी जानकारी दी गई। वार्ड 42 के सभी वेस्ट पिकर्स( घरों से कूड़ा एकत्रित करने वाले ) के साथ भी बैठक कर स्वच्छ सर्वेक्षण के विषय में मुख्य बिंदुओं पर बात करते हुए उन्हें भी जागरुक किया गया। उक्त बैठकों को सम्बोधित करते हुए आईईसी गतिविधियों के नोडल प्रभारी डॉ. संदीप मिश्रा ने कहा कि स्वच्छता केवल सरकारी संसाधनों के भरोसे नहीं रखी जा सकती, इसके लिए प्रत्येक नागरिक को जागरुक होकर अपने परिवार व बच्चों को भी स्वच्छता के प्रति संस्कारित और शिक्षित करना होगा। उक्त कार्यक्रमों में निगम के मुख्य सफाई निरीक्षक परमानंद, सफाई निरीक्षक राजेश कुमार आदि शामिल रहे।

# शिव सेना शिंदे गुट का स्कूलों पर शोषण का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** शिव सेना (शिंदे गुट)के कार्यकर्ताओं ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर प्राइवेट स्कूलों पर अभिभावकों के शोषण का आरोप लगाते हुए आवश्यक नियम बनाए जाने की माँग की है।

शिव सेना (शिंदे गुट) के जिला प्रमुख सोनू तोमर के नेतृत्व में कार्यकर्ता तहसील कार्यालय पहुँचे और उत्तर प्रदेश के शिक्षा मंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम डॉ पूर्वा शर्मा को सौंपा।ज्ञापन में कहा गया है कि सरकारी स्कूलों में शिक्षा का स्तर अच्छा न होने के कारण अभिभावकों में प्राइवेट स्कूलों में बच्चों को पढ़ाने का चलन बढा है।प्राइवेट स्कूलों द्वारा शिक्षा का व्यवसायीकरण कर दिया गया है।महंगी फीस,ड्रेस और कोर्स के नाम पर अभिभावकों का शोषण किया जा रहा है। पहली कक्षा पास कर दूसरी कक्षा में जाने पर एडमिशन फीस का नियम बना दिया गया है। कमीशन खोरी के चलते 1000 रुपये का कोर्स 5000 में और 200 रुपये में मिलने वाली ड्रेस 1500 रुपये तक पहुँचा दिया है।पब्लिक स्कूलों ने शिक्षा का बाजारीकरण कर दिया है।जिससे अभिभावक पूरी तरह परेशान हैं। ज्ञापन में एक ही स्कूल में पढ़ने वाले छात्र छात्रा द्वारा एक कक्षा पास कर दूसरी कक्षा में जाने एडमिशन फीस पर रोक लगाए जाने, पाठ्यक्रम और ड्रेस कहीं से भी खरीदने की सुविधा अभिभावकों को दिए जाने और निर्धारित दुकान से कोर्स या ड्रेस खरीदने के बाध्य करने वाले स्कूल मैनेजमेंट के खिलाफ कार्रवाही किए जाने सहित विभिन्न मांग की गई है। इस दौरान शिव कुमार सक्सेना, शुभम पँवार, प्रियांशू,अरविंद भटनागर, अंकित शर्मा, मनोज भटनागर, विशाल, जसवीर सिंह, सागर पँवार, राजीव सैनी, नीतीश, बबलू, सागर आदि मौजूद रहे।

## घर के बाहर खड़ी गाड़ी को जलाया

**कोतवाली देहात।** थाना क्षेत्र के ग्राम उमरी कलां निवासी तसलीम अहमद की गाड़ी उनके घर के बाहर खड़ी रहती है। मंगलवार रात लगभग करीब 12:30 बजे जब तसलीम अहमद का परिवार सोया हुआ था, तभी अचानक तेज धमाका हुआ। जिससे परिजनों की आंख खुल गई। जब उन्होंने नीचे आकर देखा, तो तसलीम अहमद की गाड़ी में आग लग रही है। परिजनों ने पानी डालकर किसी तरह आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक गाड़ी में काफी नुकसान हो गया था।

## जिला बदर पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** थाना फतेहपुर पुलिस ने जिलाबदर आरोपी को तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया।

थानाध्यक्ष विनय शर्मा के कुशल नेतृत्व में उप निरीक्षक बबलू कुमार, हैड कांस्टेबल ललित कुमार, हैड कांस्टेबल बबलू राणा और कांस्टेबल धनुज कुमार ने मुजफ्फरपुर रोड के पास जिला बदर अनुज उर्फ घोसी पुत्र सुभाष निवासी ग्राम मुसैल थाना फतेहपुर को गिरफ्तार किया आरोपी के कब्जे से एक तमंचा .315 बोर तथा एक जिंदा कारतूस .315 बोर बरामद हुआ। पुलिस ने इस मामले में मुकदमा दर्ज कर धारा 10 यूपी गुण्डा एक्ट तथा धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई शुरू कर दी है।

# बच्चों को शिक्षित अवश्य करें: वीरेंद्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**साढौली कदीम।** गुरूवार को आयोजित कार्यक्रम में बोलते हुए खंड शिक्षा अधिकारी वीरेंद्र शर्मा ने कहा कि शिक्षा ही एक मात्र साधन है जो इंसान को अपनी क्षमताओं को समझने और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में मदद करता है। उन्होंने ग्रामीणों से अपने बच्चो को शिक्षित करने का आह्वान किया।



स्कूल के पूर्व छात्र इंजी. नियर मोहन सिंह ने कहा कि शिक्षा के माध्यम से हम अंधकार को मिटाकर ज्ञान का दीप जला सकते हैं और एक सभ्य समाज का निर्माण कर सकते हैं। उन्होंने अपने बच्चों को प्राइवेट स्कूलों के बजाय सरकारी स्कूल में पढ़ाने की अपील की। कार्यक्रम के बाद वार्षिक परीक्षाफल घोषित किया गया। जिसमें अपनी कक्षाओं में प्रथम आने वाले पांच छात्रों को साइकिल वितरित की गई। इस दौरान ग्राम प्रधान बालेश्वर सिंह, राकेश देवी सुधीर वर्मा,योगेश कुमार, मोनू कुमार, शकील अहमद,के अलावा धर्मपाल सिंह, कंवरपाल सिंह, मोहम्मद इंतजार आदि ग्रामीणों की मौजूदगी रही।

# छात्राओं की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मनमोहा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** मुन्नालाल एण्ड जयनारायण खेमका गर्ल्स कॉलेज का वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष मुख्य अतिथि पैरी कुकरेजा, प्राचार्या प्रो.अनुपम बंसल, प्रबंध समिति के सदस्य नीरज माहेश्वरी, वरिष्ठ प्रवक्ता प्रो. अमिता अग्रवाल, महाविद्यालय की प्रक्तान छात्रा श्रीमती अरुणेश कुकरेजा तथा अन्य प्रवक्तागण के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ मुख्य अतिथि को पुष्प गुच्छ व स्मृति चिन्ह भेंट कर किया गया। सर्वप्रथम महाविद्यालय की वार्षिक स्मारिका सत्रांश का विमा. चन किया गया। प्राचार्या प्रो. अनुपम बंसल द्वारा रचित एवं संगीत विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर तान्या सिंह द्वारा स्वरबद्ध किए हुए महाविद्यालय के कुलगीत का विमोचन किया गया। मुख्य अतिथि श्रीमती पैरी कुक. रेजा ने कहा कि आज की नारी अपने आप में पूर्ण है एवं सभी कठिनाइयों का सामना करने के लिए सशक्त है। सत्र 2024-25 में शैक्षिक खेल, सांस्कृतिक एवं अन्य समितियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। शिक्षकों में प्रोफेसर अनुपम बंसल, प्रोफेसर अमित अग्रवाल सहित 12 शिक्षिकाओं को अकादमिक उत्कृष्टता हेतु सम्मानित किया गया। प्रबंध समिति के सदस्य नीरज माहेश्वरी ने प्रवक्ताओं एवं कर्मचारीगण के कार्यों की प्रशंसा की। महाविद्यालय को सतत् आगे ले जाने के लिए उन्हें और अधिक प्रोत्साहित किया। संचालन एसोसिएट प्रो. श्रीमती अनुपम गुप्ता द्वारा किया गया।




# मेंस्टुअल कप का निःशुल्क वितरण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** मां शाकम्भरी विश्वविद्यालय द्वारा छात्राओं के स्वास्थ्य एवं स्वच्छता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 100 मेंस्टुअल कप का निशुल्क वितरण किया गया। यह पहल कुलपति प्रो.वाई. विमला के मार्गदर्शन में की गई। उन्होंने सुरक्षित एवं स्वच्छ मासिक धर्म प्रबंधन के महत्व पर प्रकाश डाला तथा पर्यावरण के अनुकूल विकल्पों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। कुलपति ने कहा कि इस प्रकार की पहल न केवल महिलाओं के स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है, बल्कि प्लास्टिक कचरे को कम करने में भी सहायक है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने भविष्य में भी इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम एवं स्वास्थ्य संबंधी पहलें जारी रखने का संकल्प व्यक्त किया। कार्यक्रम का सफल संचालन डा. ममता चौधरी, डा.कोमल त्यागी, डा.अपूर्वा के समन्वय में किया गया। छात्राओं को मेंस्टुअल कप के उपयोग, उसके लाभ तथा रखरखाव के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी गई।

## बिल्किस बेगम व नवेद शम्सी के इंतकाल पर दुख

**नजीबाबाद।** नगर के मोटर मैकेनिक नसीम अहमद व तहसील के टाईपिस्ट शमीम अहमद की वालिदा बिल्किस बेगम (85 वर्ष) पत्नी मरहूम अब्दुल मलिक का बीमारी के चलते इंतकाल हो गया। उनके इंतकाल पर काफी संख्या में शहर के लोगों ने उनके निवास मौहल्ला दरोदग्रान पहुंचकर रंजोगम का इजहार किया। उनका बुधवार को दोपहर जौहर की नमाज के बाद मोटाआम स्थित कब्रिस्तान पर दफीना किया गया। उनके पूर्व चेयरमैन मौअज्जम खां एड., शहबाज खान, नगर पंचायत साहनपुर के चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी, फरहान खान, डॉ. एसएम परवेज, डॉ. सुहैल सिद्दीकी, नामित सभासद कलवा शेख मंसूरी, सभासद इरशाद अहमद आदि रहे।

# किसानों का गुस्सा फूटा, तहसील में धरना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नकुड़।** तहसील मुख्यालय पर गुरुवार को किसानों का गुस्सा सड़कों पर फूट पड़ा, जब भाकियू टिकैत संगठन के नेतृत्व में सैकड़ों किसान अपनी मांगों को लेकर जोरदार धरने पर बैठ गए। हाथों में झंडे और जुबां पर नारे पूरा तहसील परिसर किसानों की आवाज से गूंज उठा। किसानों की भारी भीड़ और आक्रोश को देखते हुए प्रशासनिक अमले में हड़कंप मच गया और अधिकारी स्थिति पर नजर बनाए रखने को मजबूर दिखे।



गुरुवार को धरने से पहले ब्लॉक सभागार में आयोजित मासिक बैठक में संगठन ने अपने विस्तार को धार देते हुए अहम घोषणाएं की। राव फारुख को नगर अध्यक्ष और पूर्व सभासद डॉ. इदरीश अहमद को युवा विंग का नगर अध्यक्ष बनाकर संगठन ने युवाओं को आगे लाने का स्पष्ट संदेश दिया। पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपते हुए संगठन को जमीनी स्तर पर और मजबूत करने का आह्वान किया गया। बैठक के बाद सहारनपुर मंडल अध्यक्ष चौधरी अशोक कुमार के नेतृत्व में किसानों का विशाल काफिला तहसील मुख्यालय पहुंचा, जहां धरना-प्रदर्शन शुरू हुआ। किसानों ने स्मार्ट मीटर, राशन कार्ड और अन्य जनसमस्याओं को लेकर प्रशासन के खिलाफ तीखा रोष जताया। उनका आरोप था कि बार-बार शिकायतों के बावजूद समस्याओं का समाधान नहीं हो रहा, जिससे आम जनता त्रस्त है। किसानों ने सात सूत्रीय मांगपत्र उपजिलाधिकारी सुरेंद्र कुमार और क्षेत्राधिकारी रूचि गुप्ता को सौंपते हुए स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि समस्याओं का जल्द समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा। धरने के दौरान युवा विंग के प्रदेश सचिव चौधरी मेवाराम, संजय चौधरी, ब्लॉक अध्यक्ष ब्लेन्द्र चौधरी, सुरेंद्र चौधरी, प्रदीप ठाकुर, अमरीश चौधरी, संजय आर्य, कलीम मलिक, अर्जुन सिंह, बीर सिंह, योगेश मौजूद रहे।

## चैकिंग के दौरान एक वारन्टी चाकू समेत दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** थाना पुलिस टीम ने गश्त तथा चैकिंग के दौरान एक वारण्टी को अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पूर्व से भी शराब व नशा तस्करी करने आदि के सम्बन्ध में आधा दर्जन से भी अधिक मुकदमे दर्ज है।

जानकारी के मुताबिक एएसपी थाना प्रभारी सिमरन सिंह की अगुवाई में पुलिस टीम ने चौकिंग व गश्त के दौरान एक आरोपी फारूख पुत्र मकसूद निवासी ग्राम दूधगढ थाना चिल. काना को धौलाहेडी पुल के निकट से गिरफ्तार किया है। जिसके कब्जे से 1 चाकू नाजायज बरामद किया गया। आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

आरोपी के खिलाफ न्यायालय द्वारा पूर्व से दर्ज एक मुकदमे में वारण्ट भी जारी किए गए थे। गिरफ्तारी टीम में एसआई चन्द्रपाल सिंह तथा हैड कांस्टेबल मोहित शर्मा शामिल रहे।

# हाईवे पर किसानों का हंगामा



**गागलहेड़ी।** थाना क्षेत्र के गांव हरियाबांस के किसानों ने दिल्ली देहरादून हाइवे पर सर्विस रोड की मांग की वही सुरक्षा की दृष्टि से भारी पुलिस बल मौके पर रहा।

कंपनी कर्मचारी जब गांव हरियाबांस के पास बने कट को बंद करने पहुंचे तो गांव के ग्रामीणों ने सर्विस रोड की मांग करते हुए हंगामा शुरू कर दिया, किसानों का कहना है हम बहुत समय से सर्विस रोड की मांग कर रहे है जो अभी तक पूरी नहीं हुई और अब ये कट भी बंद किए जा रहे है जिससे हमारा आने जाने का रास्ता बंद हो जायेगा बहुत देर तक जद्दोज. हद होने के कंपनी कर्मचारीयों ने हाइवे किनारे किसानों के आने जाने के रास्ते को सही करने का आश्वासन दिया तब कही मामला शांत हुआ।

# भाकियू ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** तहसील परिसर में भारतीय किसान यूनियन (टिकैत गुट) के ब्लॉक अध्यक्ष चौधरी धर्मवीर गुर्जर की अध्यक्षता में किसानों की मासिक बैठक हुई।

बैठक के बाद चौधरी धर्मवीर गुर्जर के नेतृत्व में किसानों ने अपनी समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री के नाम एक 8 सूत्रीय ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा। ज्ञापन में बेमौसम बारिश से बर्बाद फसलों के लिए 25,000 रुपये प्रति बीघा मुआवजा, कर्ज माफी और एमएसपी पर रबी फसलों की पारदर्शी खरीद की मुख्य मांग रखी गई। किसानों ने आवारा पशुओं के स्थायी समाधान, ग्रामीण क्षेत्रों में सिंचाई के लिए मुफ्त बिजली और दिल्ली-यमुनोत्री नेशनल हाईवे पर पुल निर्माण की धीमी गति पर भी रोष जताया इसके साथ ही नई तहसील भवन में रजिस्ट्रार कार्यालय शिफ्ट न होने की परेशानी और निजी स्कूलों द्वारा अभिभावकों से की जा रही मनमानी वसूली का कड़ा विरोध किया गया। किसानों ने प्रशासन को स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि उनकी इन सभी समस्याओं का जल्द समाधान नहीं हुआ, तो भारतीय किसान यूनियन बड़े स्तर पर आंदोलन करने को मजबूर होगी।

# अवैध रेत खनन से भरे ट्रैक्टर ट्राली व लोडर पकड़े

**सरसावा।** क्षेत्र में अवैध खनन के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस एवं राजस्व विभाग की संयुक्त तीन ने सख्त कार्रवाई करते हुए अवैध रेत खनन का परिवहन कर रहे एक ट्रैक्टर-ट्राली एक ट्रैक्टर लोडर को पकड़ लिया। कार्रवाई के दौरान मौके पर हड़कंप मच गया।

थाना सरसावा प्रभारी प्रवेश कुमार शर्मा के नेतृत्व में शाहज. हांपुर चौकी प्रभारी सौरभ सिंह यादव पुलिस एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम अवैध खनन रोकथाम हेतु चेकिंग कर रहे थे।इस दौरान टीम को दो सोनालि. का ट्रैक्टर एक ट्राली एक लोडर दिखाई दिए ट्रैक्टर-ट्राली को रोक. कर जांच की गई, जिसमें बिना किसी वैध परमिट के खनन सामग्री ले जाई जा रही थी। आवश्यक दस्तावेज न दिखा पाने पर दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर शाहजहांपुर पुलिस चौकी पर भिजवा दिए गए। थाना प्रभारी ने बताया कि अवैध खनन और उसके परिवहन के खिलाफ सख्त अभियान जारी रहेगा। दोषियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। पुलिस की इस कार्रवाई से अवैध खनन करने वालों में हड़कंप मचा हुआ है।

**सूचना**

मैने अपने पुत्र मनीष को नाफरमानी के कारण अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। भविष्य में उसके कार्यो का मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नही होगा।

**जयविन्द्र पुत्र बाबुराम निवासी नयागांव उर्फ नयाबांस, थाना रामपुर मनिहारान, तहसील व जिला सहारनपुर।**

# परीक्षा के मेधावी छात्रों को बांटे पुरस्कार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** महर्षि दयानंद इन्टर कॉलेज उग्गरपुर में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित कर प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। ग्राम उग्गरपुर के महर्षि दयानंद इन्टर कॉलेज में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में भाजपा नेता सुनील सैनी, विनोद प्रधान तथा डॉ. विमल शर्मा ने मेधावी बच्चों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। उनहोने कहा कि सभी छात्र छात्राए अच्छे से मेहनत करें और क्षेत्र का नाम रोशन करे। प्रधानाचार्य अरविंद शास्त्री ने भी छात्र छात्राओं को सफलता के टिप्स दिए और अच्छे अंकों से पास होने वाले छात्र छात्राओं को सम्मानित किया। इस दौरान छात्र छात्राओं ने योग करके सभी को योग करने के लिए प्रेरित किया। अध्यक्षता मेजपाल आर्य व संचालन विशाल कांबोज ने किया। इस दौरान कुलदीप चौधरी, विशाल कांबोज, दिनेश, पंकज, रोशन दीप, सौरभ, दीपा, निशा, करुणा,रूबी, सोनिया, आंचल, प्रियांशी ,मीनाक्षी, अंजली आदि उपस्थित रहे।

## स्मार्ट मीटर के विरोध में धरना प्रदर्शन

**चांदपुर।** भारतीय किसान यूनियन (हिंद) के आह्वान पर एसडीओ कार्यालय पर स्मार्ट मीटर के विरोध में धरना प्रदर्शन किया गया। जबरन स्मार्ट मीटर न लगाए जाने को लेकर एसडीओ को ज्ञापन भी सौंपा गया। प्रदेश प्रवक्ता/ प्रभारी अकील अंसारी ने कहा कि किसी भी आमजन के यहां जबरन स्मार्ट मीटर नहीं लगाने दिया जाएगा। यदि जबरदस्ती किसी के यहां स्मार्ट मीटर लगाया जाता है, तो हम उसका विरोध करेंगे और मौके पर घेराव करने से भी नहीं चूकेंगे। उन्होंने विद्युत अधिकारियों से कहा कि जबरदस्ती किसी भी उपभोक्ता के घर पर स्मार्ट मीटर न लगाया जाए। उन्होंने स्मार्ट मीटर के अंदर आ रही गड़बड़ी से अवगत कराते हुए कहा कि यह स्मार्ट मीटर सही नहीं है।

# मंत्र पाठ कर विश्व शांति की कामना



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** जैन समाज रामपुर मनिहारान द्वारा विश्व नमो. कार दिवस के अवसर पर मंत्र पाठ कर विश्व शांति की कामना की गई।

छोटे जैन मंदिर में पवित्र पाठ के दौरान नमोकार मंत्र का निरंतर उच्चारण करते हुए पंच परमेष्ठी की आराधना की गई। उपस्थित सभी लोगों ने इस आयोजन में विश्व में शांति के साथ-साथ देश में सुख, शांति और समृद्धि की प्रार्थना की। पूरे कार्यक्रम का सफलतापूर्वक संचालन श्री भक्तांबर महिला मित्र मंडल द्वारा किया गया। इस धार्मिक आयोजन में जैन समाज के प्रधान मनोज जैन और महामंत्री निपुण जैन,अभिषेक जैन, पुनीत जैन, अर्चित जैन,शशांक जैन सहित आदि श्रद्धालु उपस्थित रहे।

**कार्यालय उप निदेशक (निर्माण)**

**राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद, उ०प्र०**

**नवीन मण्डी स्थल, चिलकाना रोड, सहारनपुर।**

पत्रांक निर्माण / स०पुर/ निविदा/2026-27 | **ई-निविदा सूचना** | दिनांकः-09-04-2026

मण्डी परिषद निर्माण खण्ड, सहारनपुर के क्षेत्रान्तर्गत अधोलिखित कार्य हेतु वित्तीय रूप से सुदृढ़ एवं अनुभवी मण्डी परिषद में पंजीकृत ठेकदारा स ई-निविदा दिनांक 04.05.2026 को शाम 5.00 बजे तक ऑनलाइन आमन्त्रित की जाती है। आनलाइन निविदा www.etender.up.nic.in पर दिनांक 10.04.2026 को अपरान्ह 2.00 बजे से दिनांक 04.05.2026 की शाम 5.00 बजे तक डाउनलोड कर अपलोड की जा सकती है निविदा की तकनीकी बिड दिनांक 05.05 2026 को पूर्वान्ह 11.00 बजे खोली जायेगी एवं तकनीकी बिड उपयुक्त पाये जाने के उपरान्त वित्तीय बिड दिनांक 05.05.2026 को अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में खोली जायेगी। उक्त निर्धारित तिथि को कोई सार्वजनिक अवकाश घोषित हो जाने की दशा में अगले कार्य दिवस में उक्त निर्धारित समय के अनुसार ही तकनीकी बिड व वित्तीय बिड खोली जायेगी कार्य का विवरण निम्नानुसार है।

| क्र. सं. | कार्य का विवरण | निर्माण कार्य की लागत सहित (लाख रु० में) | धरोहर धनराशि (लाख रु० में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य+जी०एस०टी० (रु० में) | कार्य पूर्ण करने की तिथि | निविदा की वैधता | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नवीन मण्डी स्थल, कांधला में फल सब्जी मण्डी में 20 नग स श्रेणी की दुकानों का निर्माण चाहरदीवारी की मरम्मत एवं गेट नं0-01 की मरम्मत कार्य। Tender Id 2026_RKUMP_1134887_1 | 127.02 | 8.36 | 19100+3430 | 6 माह | 90 दिन | 'ब' |

1- निविदा के साथ नॉन रिकेडेबिल निविदा मूल्य ऑनलाइन भारतीय स्टेट बैंक (IFSC Code SBIN0006688) के खाता संख्या 30394554900 में जमा कराकर रसीद ई-निविदा के साथ अपलोड करना अनिवार्य होगा। 2- धरोहर धनराशि की धनराशि ऑनलाइन भारतीय स्टेट बैंक (IFSC Code SBIN0006688) के खाता संख्या 30394554966 में जमा कराकर रसीद ई-निविदा के साथ अपलोड करना अनिवार्य होगा। 3- ई-निविदा स्वीकृति / अस्वीकृति करने का पूर्ण अधिकार उप निदेशक (निर्माण), मण्डी परिषद, सहारनपुर को होगा। 4- परिषद पत्रांक मु0अभि0- 2 / (1168) भाग - 4 / 2005) / 2022-1190 दिनांक 17.11.2022 द्वारा निविदाओं की पारदर्शी बनी रहे तथा और अधिक प्रतिस्पर्धात्मक दरें प्राप्त हो सके, मण्डी परिषद में पंजीकृत अन्य श्रेणी के ठेकेदार Standard Bidding Documents (S.B.D) में Qualification of Bidders section 4.6 में दी गई व्यवस्था के अनुसार निविदाओं में प्रतिभाग कर सकेंगे। 5- मुख्य नियम व शर्तें एवं सामान्य नियम व शर्तें कार्यालय अवधि में तथा वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर एवं उक्त निर्धारित अवधि में ऑनलाइन देखी / डाउनलोड की जा सकती है। 6- निविदा में अंकित कार्य की लागत का 1/3 भाग का (भवन कार्य कराने) अनुभव प्रमाण पत्र अपलोड करना अनिवार्य है।

उप निदेशक (निर्माण)

# विशेषज्ञों ने की गन्ना फसल की स्थिति की समीक्षा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** केंद्रीय एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन केंद्र की विशेषज्ञों की टीम देवबंद पहुंची। उन्होंने जिले के गन्ना अधिकारियों को साथ लेकर क्षेत्र का भ्रमण किया और विभिन्न स्थानों पर पहुंच गन्ना फसल की वर्तमान स्थिति, कीट प्रकोप तथा उनके प्रभावी नियंत्रण को किए जा रहे कार्यों की स्थलीय समीक्षा की। साथ ही किसानों को उन्नत कृषि तकनीक की जानकारी भी दी।

टीम में शामिल डा. किरण नेगी, दिव्या जोशी, सतेंद्र कुमार शर्मा समेत अन्य विशेषज्ञों ने किसानों को गन्ना फसल की सुरक्षा हेतु समुचित तकनीकी सलाह दी। उन्होंने कहा कि उत्पादन एवं गुणवत्ता सुधार के लिए उन्नत कृषि तकनीकों का प्रयोग जरूरी है। उन्होंने एकीकृत कीट प्रबंधन के अंतर्गत फेरोमोन ट्रैप के उपयोग, प्रभावित पौधों की समयबद्ध कटाई (शूट/लीफ कटिंग) एवं अन्य वैज्ञानिक उपायों को अपनाने पर विशेष बल दिया। गन्ना उत्पादन एवं गुणवत्ता में वृद्धि के लिए टीम ने स्थानीय गन्ना अधिकारियों को निर्देशित किया कि वह किसानों से समन्वय स्थापित करते हुए उनका समय समय पर उनका तकनीकी मार्गदर्शन करें और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराएं।



इस दौरान टीम के साथ जिला गन्ना अधिकारी सुशील कुमार, गन्ना विकास निरीक्षक टोडरपुर देवेन्द्र सिंह, देवबंद चीनी मिल महाप्रबंधक (गन्ना) शिवकुमार त्यागी, अपर महाप्रबंधक (गन्ना) विपिन त्यागी तथा सहायक महाप्रबंधक (गन्ना विकास) रणपाल तेवतिया समेत संबंधित क्षेत्रों के जोनल इंचार्ज एवं सुपरवाइजर मुख्य रूप से शामिल रहे।

# सभासद मंजू शर्मा को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** पालिका में सभासद मंजू शर्मा को नामित किये जाने पर हर्ष जताते हुए उनको पटका पहनाकर सम्मानित किया गया।

श्री गीता प्रचार समिति की सभा में समिति सदस्य मंजू शर्मा को नामित सभासद बनाए जाने पर हर्ष व्यक्त किया गया। इस दौरान पदाधिकारियों ने उन्हें पटका पहनाकर और भगवान श्री कृष्ण का चित्र भेंटकर कर सम्मानित किया। जनकपुरी में हुए कार्यक्रम में समिति अध्यक्ष अजय बंसल ने कहा की मंजू शर्मा का पालिका सभासद नामित होना समिति के लिए गर्व का विषय है। इस मौके पर उपाध्यक्ष पंकज अग्रवाल, सुधीर, सचिन आदि शामिल रहे।

# विद्यार्थियों को वित्तीय प्रबंधन और नया उद्यम स्थापित करने के दिए टिप्स

**देवबन्द।** राजकीय माडल महाविद्यालय कपूरी गोविंदपुर में वित्तीय प्रबंधन विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें विद्यार्थियों को वित्तीय प्रबंधन और नया उद्यम स्थापित करने के टिप्स दिए गए।

इंस्टीट्यूट काउंसिल के तत्वावधान में आयोजित कार्यशाला में मुख्य अतिथि राजकीय महाविद्यालय देवबंद के प्रवक्ता प्रो. मोहम्मद आरिफ ने कहा कि जीवन में सही निवेश स्रोतों का चयन कर कुशल प्रबंधन के साथ नए उद्यम की शुरूआत करना बेहद जरूरी है। उन्होंने बजट निर्माण, जोखिम प्रबंधन, लागत नियंत्रण एवं लाभ की रणनीति के बारे में भी विस्तार से समझाया। इस दौरान मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत नारी सशक्तिकरण, महिला सम्मान, सुरक्षा व स्वावलंबन की जानकारी दी गई।



साथ ही महिलाओं को वित प्रबंधन, बचत की आदत, निवेश, डिजिटल बैंकिंग, यूपीआई, बीमा एवं सरकारी योजनाओं के बारे में बताया गया। कार्यशाला में डा. रेणु सिंह, डा. पूर्णिमा सिंह, डा. प्रशांत कुमार, डा. धीर सिंह, डा. सचिन कुमार, डा. मदनपाल सिंह आदि शाामिल रहे।

# पश्चिम प्रदेश निर्माण की मांग को लेकर पीएम से मिलेगा प्रतिनिधिमंडल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** भारतीय किसान यूनियन (वर्मा) व पश्चिम प्रदेश मुक्ति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष भगत सिंह वर्मा ने कहा कि पृथक राज्य की मांग और किसानों की समस्याओं को लेकर 14 अप्रैल को एक प्रतिनिधिमंडल पीएम नरेंद्र मोदी से मिलेगा।


स्थानीय कार्यालय पर आयोजित बैठक में भगत सिंह वर्मा ने कहा कि भगत सिंह वर्मा ने कहा कि छोटे-छोटे राज्यों के निर्माण से ही देश की उन्नति संभव है।

देश में हो रहे छोटे राज्यों के निर्माण के लिए चल रहे संघर्ष को देखते हुए राज्य पुनर्गठन आयोग गठित करना चाहिए और उत्तर प्रदेश को चार भागों में बांटकर पश्चिमी उत्तर प्रदेश के 26 जिलों को मिलाकर पृथक पश्चिम प्रदेश का निर्माण कराया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश बड़ा राज्य होने के कारण यहां कानून व्यवस्था चौपट हो चुकी है। प्रशासनिक व्यवस्था एकदम भ्रष्ट हो चुकी है।

प्रदेश के अधिकारी व कर्मचारी जनता को दोनों हाथों से लूट रहे हैं। उन्हें शासन का कोई भय नहीं है। अध्यक्षता हाफिज मुर्तजा त्यागी व संचालन डॉ. परविंद्र मलिक ने किया। इस मौके पर रजत शर्मा, रामकुमार, पंडित नीरज कपिल, रोहित गौतम आदि किसान व कार्यकर्ता शाामिल रहे।

# प्रशासन से निजी स्कूलों पर अंकुश लगाने की मांग

**देवबन्द।** शिक्षा के नाम पर अभिभावकों के शोषण एवं निजी स्कूलों की बेलगाम मनमानी के खिलाफ अब सामाजिक स्वर मुखर होने लगे हैं। श्री त्रिपुर मां बाला सुंदरी देवी मंदिर सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष पंडित सतेंद्र शर्मा ने शासन प्रशासन से निजी स्कूलों की तानाशाही पर रोक लगाने की मांग की है। पंडित सतेंद्र शर्मा ने बृहस्पतिवार को जारी बयान में कहा कि महंगी फीस और किताबों के भारी-भरकम खर्च के जरिए अभिभावकों का मानसिक और आर्थिक उत्पीड़न किया जा रहा है। सहारनपुर डीएम के निजी स्कूलों को सख्त निर्देश दिए गए थे कि वह अभिभावकों को किसी खास दुकान से किताबें या ड्रेस खरीदने के लिए मजबूर न करें। इसके बावजूद, धरातल पर इन आदेशों का कोई असर



नहीं दिख रहा है। उन्होंने कहा कि स्कूलों ने कार्रवाई से बचने के लिए अब नया तरीका अपना लिया है। वह लिखित सूची देने के बजाए मौखिक रूप से चुनिंदा दुकानों का पता बता रहे हैं, जहां किताबें सामान्य से कई गुना अधिक दामों पर बेची जा रही हैं। उन्होने कहा कि सरकार का नारा है सब पढ़ें, सब बढ़ें लेकिन इन स्कूलों की मनमानी के कारण गरीब का बच्चा अच्छी शिक्षा से वंचित हो रहा है। कहा कि सरकार और प्रशासन ने इस पर नकेल न कसी कसी तो शिक्षा अमीरों की जागीर बनकर रह जाएगी।

## आईआईए ने एक्सईएन से की भेंट

**देवबन्द।** इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (आईआईए) के प्रतिनिधिमंडल ने एक्सईएन से मुलाकात की। उद्यमियों ने औद्योगिक क्षेत्र की बिजली समस्याएं बताते हुए उनके निराकरण की मांग रखी।एसोसिएशन के चौप्टर चेयरमैन विज. ेश कंसल के नेतृत्व में पहुंचे प्रतिनिधिमंडल ने एक्सईएन मृत्युंजय शाही को बताया कि औद्योगिक क्षेत्र में रखा ट्रांसफार्मर उद्योगों के लिए नाकाफी है। जिसके चलते उद्यमियों को बिजली समस्या से जूझना पड़ रहा है। इससे उनके उद्योगों पर भी असर पड़ रहा है। बताया कि गर्मी का मौसम शुरू हो चुका है, ऐसे में यदि समस्या का समाधान नहीं हुआ तो उद्यमियों को और अधिक बिजली समस्या से जूझना पड़ेगा। उन्होंने नीचे लटके विद्युत तारों को भी दुरुस्त कराने की मांग की। एक्सईएन ने उद्यमियों को आश्वस्त किया कि जल्द ही औद्योगिक क्षेत्र में 10 एमवीए का बड़ा ट्रांसफार्मर लगवाया जाएगा। साथ ही उक्त ट्रांसफार्मर से क्षेत्र से जुड़ी चारों कालोनियों की लाइन को भी हटवाकर अन्यत्र स्थानांतरित कराया जाएगा। विद्युत तारों को भी जल्दी ही दुरुस्त करा दिया जाएगा। प्रतिनिधिमंडल में पूर्व अध्यक्ष दीपकराज सिंघल, विजय गिरधर, जर्रार बेग व पंकज गुप्ता शामिल रहे।

# बुकिंग के बाद भी सिलेंडर के लिए करना पड़ रहा इंतजार

**देवबन्द।** पश्चिम एशिया में जारी सैन्य संघर्ष थम गया है लेकिन गैस की किल्लत अभी भी बनी हुई है। घरेलू गैस पाने को लोग कतारबद्ध हैं। बुकिंग के बाद भी उपभोक्ताओं को सिलिंडर पाने को लंबा इंतजार करना पड़ रहा है। लोगों ने शासन प्रशासन से समस्या से निजात दिलाने की मांग की है। रसोई गैस को लेकर फिलहाल स्थिति सामान्य होती नहीं दिख रही है। जिन लोगों ने मार्च माह में गैस बुि. कंग कराई थी उन्हें अभी तक सिलिंडर नहीं मिल पाया है। क्षेत्र की गैस एजेंसियों पर अभी भी लोगों की भारी भीड़ बनी हुई है। रेलवे रोड निवासी राजेश गुप्ता, अबुलबरकात निवासी मोहम्मद तलहा, कायस्थवाड़ा निवासी सुरेश कुमार, दारुल उलूम क्षेत्र निवासी मुजाहिद व नेचलगढ़ निवासी दिलशाद चार्ली आदि का कहना है कि बेहद मुश्किलों का सामना करने के बाद गैस बुकिंग हो रही है। अगर जैसे तैसे कर गैस बुक हो भी जाती है सिलिंडर नहीं मिलने की समस्या बनी रहती है। बताया कि उन्होंने मार्च माह में बुकिंग कराई थी, उन्हें डीएसी (डिलीवरी ऑथेंटिकेशन कोड) आने के बाद भी गैस नहीं मिल रही है। लोगों का आरा. ेप है कि गैस की कालाबाजारी चरम पर है, जिसके चलते आम उपभोक्ताओं को किल्लत से जूझना पड़ रहा है। वहीं, रेलवे रोड स्थित इंडेन गैस एजेंसी के अधिकारी अर्जुन सिंह ने बताया कि गैस की कमी नहीं है और रुटीन में गैस आ रही है और उपभोक्ताओं को डिलीवर हो रही है। केवाईसी अपडेट और मोबाइल नंबर संशोधित आदि के लिए बड़ी संख्या में लोग एजेंसी पहुंच रहे है।

# द एसडी पब्लिक विद्यालय परिसर में अग्नि सुरक्षा मॉक ड्रिल का आयोजन

**मुजफ्फरनगर।** विद्यालय परिसर में विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों की सुरक्षा को सर्वोपरि रखते हुए इको क्लब के सहयोग से अग्नि सुरक्षा मॉक ड्रिल का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन अग्निशमन केंद्र अधिकारी आर ।के।यादव जी व उनकी टीम के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में विशेषज्ञों द्वारा विद्यार्थियों एवं समस्त कर्मचारियों को आग लगने के संभावित कारणों, उनसे बचाव के उपायों तथा आपातकालीन स्थिति में अपनाई जाने वाली आवश्यक सावधानियों के विषय में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। उन्होंने सरल और व्यवहारिक उदाहरणों के माध्यम से यह





समझाया कि हथोड़ी-सी सतर्कता और सही समय पर लिया गया निर्णय किसी भी बड़ी दुर्घटना के प्रभाव को काफी हद तक कम कर सकता है। विशेषज्ञ द्वारा बताया गया कि प्राकृतिक आपदा के समय किस प्रकार हम अपने आप एवं दूसरों का बचाव कर सकते हैं, ड्रिल में अग्निशमन यंत्र के सही उपयोग का प्रदर्शन भी किया गया। विद्यार्थियों और शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक इसमें भाग लेते हुए स्वयं भी इन उपकरणों के उपयोग का अभ्यास किया, जिससे उनके आत्मविश्वास में वृद्धि हुई।

अंत में प्रधानाचार्या मती नीलम माहना जी द्वारा उपस्थित विशेषज्ञों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। यह मॉक ड्रिल विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक, प्रेरणादायक एवं उपयोगी सिद्ध हुई, जिसने सभी के मन में सुरक्षा के प्रति जागरूकता और जिम्मेदारी की भावना को और अधिक सुदृढ़ किया।

## बुढ़ाना में दारू पीकर गाली दे रहे फौजी की हुई पिटाई

**बुढ़ाना।** छुट्टी पर अपने घर आए एक फौजी ने पहले तो शराब पी और फिर उसके बाद नशा चढ़ते ही उसने बिना बात ही अपने पड़ोसी को गंदी गंदी गालियां देनी शुरु कर दी। तब पड़ोसी ने फौजी पर अपना नजला उतारते हुए हाथ साफ कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली की उकावली पुलिस चौकी क्षेत्र के गांव चंधेडी में एक फौजी छुट्टी पर अपने घर आया हुआ है। बृहस्पतिवार के दिन उसने शराब का सेवन कर लिया। कुछ ही देर में फौजी पर नशा सवार हो गया तो वह बाहर निकलकर आते जाते लोगों को देखकर बकवास करने लगा तो इस बात का विरोध एक पड़ोसी ने किया तो फौजी फिर उनको गंदी गंदी गालियां देने लगा। तब पडोसी ने उक्त शराबी फौजी की पिटाई कर उसका नशा कुछ ही देर बाद काफुर कर दिया। घटना की सूचना पड़ोसियों ने बुढ़ाना पुलिस को फोन पर दी तो कुछ ही देर बाद बुढ़ाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और हंगामा कर रहे फौजी को हिरासत में ले लिया। इस दौरान काफी भीड़ जमा हो गई थी और सभी ग्रामीण फौजी की ही गलती बता रहे थे। उधर दूसरी और समाचार लिखे जाने तक फिलहाल इस मामले में कोई भी तहरीर किसी की भी और से बुढ़ाना पुलिस को नहीं दी गई थी। दोंनो पक्षों में फैसले की बात चल रही थी ऐसी चर्चा गांव में थी।

# प्रशासन को 72 घंटे का अल्टीमेटम

## सांसद चंद्रशेखर ने मृतक प्रशांत के परिजनों से की मुलाकात





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** आसपा (कांशीराम) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद ग्राम हैजरपुर में मृतक प्रशांत सैनी के परिवार से मिले और उन्हें आश्वास्त करते कहा कि 72 घंटे में कार्रवाई न हुई, तो पीछे नहीं हटेंगे।

ग्राम हैजरपुर में प्रशांत सैनी को न्याय दिलाने की मांग को लेकर नगीना सांसद एवं आसपा राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद आज पीड़ित परिवार के घर पहुंचे और परिजनों से मुलाकात की। चंद्रशेखर आजाद ने पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने का आश्वासन दिया और प्रशासन को 72 घंटे का अल्टीमेटम देते हुए कहा कि यदि निर्धारित समय में दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं की गई, तो वे पीछे नहीं हटेंगे और न्याय की लड़ाई को और तेज किया जाएगा। इस दौरान जिला प्रभारी आसपा मौहम्मद ताहिर, शेरबाज पठान व बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और स्थानीय लोग मौजूद रहे। सांसद चंद्रशेखर आजाद ने कहा कि पीड़ित परिवार को हर हाल में न्याय दिलाया जाएगा और दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।

## अमरनाथ यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू

**बिजनौर।** गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी बाबा अमरनाथ यात्रा का आयोजन अमरनाथ सेवा मंडल, शाखा बिजनौर के द्वारा किया जा रहा है। यात्रा के संयोजक एसके बबली एड. ने बताया कि यात्रा के लिए पंजीकरण 9 अप्रैल से शुरु हो रहे हैं। जो 12 अप्रैल तक चलेंगे। जिनके रजिस्ट्रेशन व मेडिकल होंगे वो भक्त ही यात्रा में जा पायेंगे। यात्रा 12 दिन की होगी जो नि:शुल्क होगी। यात्रा एक जुलाई से शुरु होगी। ऐसे भक्त जो अपने पास से भोलेनाथ के दर्शन नहीं कर पा रहे हैं, उनको हमारी संस्था के द्वारा फ्री यात्रा कराई जाएगी। एक एसी बस के द्वारा यह यात्रा सम्पन्न होगी जो मां शकुम्भरी देवी से शुरु होकर अमृतसर गोल्डन टैम्पल, वाघा बॉर्डर, बाबा अमरनाथ जम्मू कश्मीर में माता वैष्णा देवी, शिव खोड़ी, हिमाचल प्रदेश की पांचों देवी, भाखड़ा नांगल डेम, गुरुद्वरा पौंटा साहिब, हरिद्वार होते हुए पूर्ण होगी। यात्रा के संचालक नानक खेड़ा होंगे।


**कार्यालय नगर पालिका परिषद देवबन्द (सहारनपुर)**

संख्या:- 78/न0पा0प0देव0/2026-27 दिनांक:- 9-042026

**-:आवश्यक सूचना:-**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद देवबन्द सीमान्तगर्त सेप्टिक टैंक स्थापित करने के लिए बी.आई.एस. कार्य संहिता प्रदान करता है (आई.एस. 2470 (भाग 1) 1985)। सेप्टिक टेंक के निर्माण के लिए यह कुद मान्यताओं के आधार पर डिजाइन मानदंड प्रदर्शित करता है। छोटे और बड़े क्षेत्रो के लिए यह आबादी को ध्यान में रखते हुए डिजाइन इंस्टॉलेशन का विवरण प्रदान करता है। केंद्रीय सार्वजनिक स्वास्थ्य एवं पर्यावरण अभियंत्रिकी संगठन और एम.ओ.एच.यू.ए. के अनुसंधान प्रभाग द्वारा प्रकाशित सीवरेज और मलजल उपचार पर मैनुअल के भाग ए में ओ.एस.एस.एस. पर व्यापक डिजाइन मानक दिए गए हैं। प्रचलित और सुरक्षित साइट स्वच्छता के लिए खंड में तकनीकी के मानक डिजाइन बताए गए हैं।

**सेप्टिक टैंक के विनिर्देशन**

. **आयताकार सेप्टिक टैंक हेतु:** लंबाई, चौड़ाई से 2 से 4 गुना ज्यादा होनी चाहिए तथा गहराई 1.0 से 2.5 मी० के बीच होनी चाहिए।

. **गोलाकार सेप्टिक टैंक हेतु:** टैंक का व्यास कम से कम 1.34 मी० होना चाहिए तथा गहराई 1.0 मी० से कम नहीं होनी चाहिए।

. **दो कक्ष:** पहला कक्ष कुल लंबाई का 2/3

. **तीन कक्ष:** पहला कक्ष कुल लंबाई का आधा

.मशीन-छेद (मैनहोल) प्रत्येक कक्ष के ऊपर

| उपयोगकर्ता की संख्या | लम्बाई (मी0) | चौड़ाई (मी0) | टैंक की गहराई (यदि सफाई अंतराल दो वर्ष हो) (मी0) |
|---|---|---|---|
| 5 | 1.5 | 0.75 | 1.05 |
| 10 | 2 | 0.90 | 1.40 |
| 15 | 2 | 0.90 | 2.00 |
| 20 | 2.3 | 1.10 | 1.80 |

**नोट 1 :-** सेप्टिक टैंक का आकार कुछ अनुमानों (तरल प्रवाह) पर आधारित होता है, सेप्टिक टैंक के आकार का चयन करते समय सटीक गणना की जानी चाहिए। इस बारे में जानकारी के लिए, कृपया बीआईएस 2470 (भाग 1), 1985 देखें।

**नोट 2 :-** फ्री बोर्ड के लिए 300 मिमी का प्रावधान रखना चाहिए।

**स्रोत :-** सीवरेज और मलजल उपचार पर मैनुअल-भाग ए : इंजीनियरिंग। सीपीएचईईओ, 2012

**सेप्टिक टैंक की क्षमता**

टैंक की क्षमता फीकल स्लज निकासी की अवधि को समझने में उपयोग होती है, सेप्टिक टैंक की क्षमता मापने में निम्नलिखित प्रमुख बिंदु हैं:


. **अवसादन (सेडिमेंटेशन):** निर्लंबित ठोस पदार्थों के पर्याप्त अवसादन के लिए प्रत्येक 10 ली/मिनट की पीक की दर से प्रवाह के लिए 0.92 वर्ग मीटर क्षेत्रफल की आवश्यकता होती है। आम तौर पर, आवसादन क्षेत्र की गहराई 0.3 मीटर होती है।

. **फीकल स्लज डाइजेशन:** डाइजेशन जोन की क्षमता प्रति कैपिटा 0.032 होनी चाहिए।

. **फीकल स्लज और मल भंडारण:** फीकल स्लज के 1 साल के अंतराल के लिए, एक फीकल स्लज भंडारण क्षमता 0.0002*365=0.073 उ3/कैपिटा की आवश्यकता होती है।

. **फ्री बोर्ड:** कम से कम 0.3 मी०

**सेप्टिक टैंक का मानक डिजाइन**




National Manual on Sewargemetne)

Seve: National Manual on Sierage ad Sewage Engineering - Hurt OPHEED./CPHEEO (2012)

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद**
**देवबन्द।**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद**
**देवबन्द।**

# KKR ने LSG को 182 रन का टारगेट दिया

### रघुवंशी ने 45, रहाणे ने 41 रन बनाए, 4 बालर्स को एक-एक विकेट



**कोलकाता, वार्ता।** कोलकाता नाइट राइडर्स ने आईपीएल के 15वें मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स को 182 रन का टारगेट दिया है। ईडन गार्डन्स स्टेडियम में लखनऊ ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। पहले बैटिंग करते हुए कोलकाता ने 20 ओवर में 4 विकेट पर 181 रन बनाए। अंगकृष रघुवंशी ने 45 और कप्तान अजिंक्य रहाणे ने 41 रन बनाए। लखनऊ की ओर से प्रिंस यादव, एम सिद्धार्थ, दिग्वेश राठी और आवेश खान ने एक-एक विकेट लिया।

पारी के आखिरी ओवर में प्रिंस यादव ने 12 रन दिए। उनके ओवर में ग्रीन और पावेल ने चौके लगाए। इसी के साथ कोलकाता ने लखनऊ को 181 रन का टारेगट दिया। 19वें ओवर में कैमरन ग्रीन और रोवमन पावेल ने 5वें विकेट के लिए फिफ्टी पार्टनरशिप की। शमी की दूसरी बाल पर कैमरन ग्रीन ने छक्का लगाया। इसी छक्के से साझेदारी 50 पार हो गई। 17वें ओवर में प्रिंस यादव 17 रन दिए। रोवमन पावेल ने आखिरी दो बाल पर बैक टु बैक बाउंड्री लगाई। इनमें एक चौका और एक छक्का शामिल रहा। 15वें ओवर में दिग्वेश राठी ने महज 3 रन दिए। तीनों रन सिंगल के जरिए आए। उन्होंने कैमरन ग्रीन को 4 बाल डाट कराई। 14वें ओवर में कोलकाता ने चौथा विकेट गंवा दिया। ओवर की दूसरी बाल आवेश खान ने गुड लेंथ पर आउट स्विंगर फेंकी। रिंकू सिंह डिफेंड करने गए, लेकिन बोल्ड हो गए। उन्होंने 4 रन बनाए। 12वें ओवर में कोलकाता ने तीसरा विकेट गंवा दिया। ओवर की चौथी बाल एम सिद्धार्थ ने गुड लेंथ पर फेंकी। अंगकृष रघुवंशी आगे निकलकर बड़ा शाट खेलने गए, लेकिन लान्ग ऑन पर ऐडन मार्करम के हाथों कैच हो गए। रघुवंशी ने 45 रन बनाए। 11वें ओवर में कोलकाता ने दूसरा विकेट गंवा दिया।

ओवर की दूसरी बाल दिग्वेश राठी ने फुलर लेंथ फेंकी। अजिंक्य रहाणे ने फ्लिक किया, लेकिन शार्ट मिड विकेट पोजिशन पर मोहम्मद शमी के हाथों कैच हो गए। रहाणे ने 41 रन बनाए। 7वें ओवर की 5वीं बाल पर अजिंक्य रहाणे और अंगकृष रघुवंशी ने दूसरे विकेट के लिए फिफ्टी पार्टनरशिप पूरी की। रहाणे ने एम सिद्धार्थ की बाल पर सिंगल लेकर साझेदारी का 50वां रन बनाया। टीम ने 15 रन के स्कोर पर पहला विकेट गंवाया था। टॉस हारकर बैटिंग कर रही कोलकाता ने मिलीजुली शुरुआत की है। टीम ने शुरुआती 6 ओवर में एक विकेट पर 56 रन बना डाले हैं। कप्तान रहाणे और रघुवंशी की जोड़ी क्रीज पर हैं। दोनों ने छठे ओवर में आवेश खान की बाल पर 16 रन बनाए। आवेश की आखिरी तीन बाल पर बाउंड्री लगी। इससे पहले फिन एलन 9 रन बनाकर आउट हुए। 5वें ओवर में अजिंक्य रहाणे ने दिग्वेश राठी की बाल पर लगातार दो चौके लगाए। उन्होंने चौथी और 5वीं बाल पर बाउंड्री लाइन के बाहर पहुंचाया। राठी के इस ओवर से 10 रन आए। कोलकाता की पारी के तीसरे और मोहम्मद शमी के दूसरे ओवर से 5 रन आए। इसमें एक चौका शामिल रहा। शमी ने अपने पहले ओवर में 6 रन दिए थे।

# भारतीय महिलाएं मेडल चार्ट में टॉप पर, 4 गोल्ड जीते

**उलानबटार, वार्ता।** भारतीय महिला टीम ने एशियन बॉक्सिग चैंपियनशिप 2026 में ऐतिहासिक प्रदर्शन किया, चार गोल्ड, दो सिल्वर और चार ब्रॉन्ज सहित कुल 10 मेडल जीतकर मेडल चार्ट में टॉप पर रही, जिससे कॉन्टिनेंटल स्टेज पर उनका दबदबा दिखा। हेड कोच सैंटियागो नीवा की देखरेख में, महिला टीम की हर सदस्य मेडल के साथ घर लौटी, जिससे कॉन्टिनेंटल कॉम्पिटिशन पर उनका दबदबा कायम हुआ।

बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के प्रेसिडेंट अजय सिंह की मौजूदगी में, मीनाक्षी (48किंग्रा) ने मंगोलिया की नोमुंदरी एनख-अमगलन पर 5-0 की शानदार जीत के साथ दिन का पहला गोल्ड जीतकर शुरुआत की। प्रीति (54किंग्रा) ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए, चीनी ताइपे की हुआंग सियाओ-वेन को, जो तीन बार की



वर्ल्ड चैंपियन और टोक्यो 2020 ओलंपिक ब्रॉन्ज मेडलिस्ट हैं, 5-0 के एकमत फैसले से हराकर टॉप पोडियम पर जगह बनाई। प्रिया (60किंग्रा) ने फाइनल में नॉर्थ कोरिया की वॉन उन-ग्योंग पर 3-0 की शानदार जीत के साथ भारत की गोल्ड मेडल की गिनती में और इजाफा किया। अरुंधति (70किंग्रा) ने भी अपनी कैटेगरी में कजाकिस्तान की बाकित सेइदिश के खिलाफ 4:1 से जीत दर्ज करके गोल्ड मेडल जीता। भारत ने अपनी गिनती में दो सिल्वर मेडल जोड़े, जिसमें जैस्मीन (57किंग्रा) एक मजबूत कैंपेन के बाद रनर-अप रहीं, जबकि अल्फियान पठान (80 किंग्रा) ने भी अपने आखिरी मुकाबले के बाद सिल्वर मेडल जीता। इस एडिशन में शामिल किसी भी देश से सबसे ज्यादा 16 मेडल पक्के करने के बाद, भारत शुक्रवार को टूर्नामेंट को मजबूती से खत्म करना चाहेगा, जिसमें दो पुरुष बॉक्सर फाइनल में होंगे।

### खेल विशेष

#### खालसा, एसआरसीसी व रामजस कॉलेज जीते

**नई दिल्ली, वार्ता।** मेजबान श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज, श्री राम कॉलेज ऑफ कॉमर्स, एसजीबीटी खालसा एलुमनाई और रामजस कॉलेज ने 5वें पीएसपीबी बाबा दीप सिंह बास्केटबॉल (पुरुष एवं महिला) टूर्नामेंट के तीसरे दिन लीग मैचों में आसान जीत दर्ज की। पुरुष वर्ग में मेजबान श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज ने किरोड़ीमल कॉलेज को 92-81से हराया। खालसा कॉलेज के अधिराज विक्रम सिंह को 'प्लेयर ऑफ द मैच' का पुरस्कार मिला। श्री राम कॉलेज ऑफ कॉमर्स ने एमिटी यूनिवर्सिटी को 55-31 से हराया। एसआरसीसी के भूमित को 'प्लेयर ऑफ द मैच' का पुरस्कार मिला। खालसा एलुमनाई टीम ने हंसराज कॉलेज को 82-58 से हराया। खालसा एलुमनाई के देशमुख माथुर को 'प्लेयर ऑफ द मैच' का पुरस्कार मिला। महिला वर्ग में रामजस कॉलेज ने इंद्रप्रस्थ कॉलेज फॉर वूमेन को 61-40 से हराया। रामजस कॉलेज की कोमल को 'प्लेयर ऑफ द मैच' का पुरस्कार दिया गया।

#### रियो डी जनेरियो 2026 फीबा 3ग3 वर्ल्ड टूर फाइनल की करेगा मेजबानी

**बीजिंग, वार्ता।** फीबा 3ग3 वर्ल्ड टूर फाइनल का 15वां संस्करण 12 से 13 दिसम्बर तक ब्राजील के रियो डी जनेरियो में आयोजित किया जाएगा। फीबा के अनुसार 25 से 26 अप्रैल तक जापान के उटसुनोमिया में शुरू होने वाला यह वर्ल्ड टूर, रियो में होने वाले फाइनल से पहले चार महाद्वीपों के शहरों का दौरा करेगा। फीबा 3ग3 के प्रबंध निदेशक एलेक्स सांचेज ने बुधवार को कहा कि हम बहुत उत्साहित हैं कि हम रियो डी जनेरियो जैसी प्रतिष्ठित और लोकप्रिय जगह पर, एक और सफल फीबा 3ग3 वर्ल्ड टूर का शानदार समापन करने की उम्मीद कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि ब्राजील में 3ग3 बास्केटबॉल के प्रति जुनून जगजाहिर है और यह सबसे जबरदस्त अनुभवों में से एक है।

# पुरुष और महिलाओं के मैच दिन की रोशनी में खेले जाएंगे: बीसीबी

**ढाका, वार्ता।** बंगलादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने बिजली बचत के लिए न्यूजीलैंड के खिलाफ आगामी पुरुष और श्रीलंका के खिलाफ महिला क्रिकेट सीरीज के मैच समय में बदलाव किया है।

इसके अब ए मुकाबले दिन की रोशनी में खेले जाएंगे। बीसीबी ने सरकार की ऊर्जा बचाने की पहल का समर्थन करने के लिए न्यूजीलैंड के साथ होने वाली पुरुषों की सफेद गेंद सीरीज और श्रीलंका के साथ होने वाली महिलाओं की टी-20 सीरीज के मैच के समय में बदलाव किया है। ढाका और चटगांव में होने वाले तीनों एकदिवसीय मैच दिन-रात्रि होने वाले थे, लेकिन अब बोर्ड ने कहा है कि वे मैच शुरू होने का समय तीन घंटे पहले कर देंगे। अब एकदिवसीय मैच स्थानीय समय के अनुसार सुबह 11 बजे शुरू होंगे, जिसका मकसद मैचों को सूरज डूबने तक खत्म करना है। बीसीबी को उम्मीद है कि इससे बिजली की खपत में कम से कम चार घंटे की बचत होगी। पुरुषों के टी-20 मैच दोपहर दो बजे शुरू होंगे, जिनका मकसद उन्हें शाम 5:10 बजे तक खत्म करना है। तीन मैचों की इस सीरीज के पहले दो टी-20 मैच पहले शाम 6 बजे शुरू होने वाले थे, जबकि तीसरा टी-20 मैच पहले से ही दोपहर 2 बजे शुरू होने वाला था।

# शुभमन गिल पर लगा 12 लाख रुपये का जुर्माना



**नई दिल्ली, वार्ता।** गुजरात टाइटन्स (जीटी) के कप्तान शुभमन गिल पर धीमे ओवर रेट के लिए जुर्माना लगाया गया है क्योंकि उनकी टीम ने अरुण जेटली स्टेडियम, दिल्ली में दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के खिलाफ टाटा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के मैच नम्बर 14 के दौरान स्लो ओवर-रेट बनाए रखा। यह आईपीएल के कोड ऑफ कंडक्ट के आर्टिकल 2-22 के तहत उनकी टीम का इस सीजन का पहला उल्लंघन था, जो मिनिमम ओवर-रेट अपराधों से संबंधित है, गिल पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया।

## गिल ने बताया प्रसिद्ध ने आखिरी गेंद स्लोअर क्यों की

**नई दिल्ली, वार्ता।** गुजरात टाइटंस (जीटी) ने आईपीएल 2026 का अपना पहला मैच पांच गेंद बाकी रहते गंवा दिया था। दूसरे मैच में वे आखिरी से पहले वाली गेंद तक मुघबले में थे। तीसरे मैच में दो गेंद बाकी रहते वे हार के ग्रीब थे, जब दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) को दो गेंदों में दो रन चाहिए थे, लेकिन डेविड मिलर ने पांचवीं गेंद पर आसान सिगल लेने से मना कर दिया। उस समय जीटी के कप्तान शुभमन गिल के मन में यही था कि उनके पास जीतने का मौका है। आखिरी गेंद पर प्रसिद्ध कृष्णा ने धीमी बाउंसर डाली, जिस पर मिलर का बल्ला चूक गया और जॉस बटलर के डायरेक्ट थ्रो ने मैच खत्म कर दिया। बाद में गिल ने बताया कि धीमी गेंद डालना एक सोचा-समझा फैसला था। उन्होंने कहा कि हम यह चर्चा कर रहे थे कि यॉर्कर डालें या धीमी गेंद। हमने तय किया कि इस पिच को देखते हुए एक अच्छी स्लोअर गेंद पर बाउंड्री लगाना मुश्किल होगा। इस जीत की नींव जीटी के बल्लेबाजों ने रखी। टॉप चार में से तीन- गिल, बटलर और वॉशिगटन सुंदर ने अर्धशतक बनाए। 16 ओवर में 168/2 के स्कोर पर वे बड़े स्कोर की ओर बढ़ रहे थे, लेकिन आखिरी चार ओवर में सिर्फ 42 रन ही बना पाए। हालांकि, इससे यह भी संकेत मिला कि डीसी के लिए लक्ष्य हासिल करना आसान नहीं होगा। गिल ने कहा कि मैं टीम की बल्लेबाजी से खुश हूं। हमें हमेशा लगा कि इस पिच पर 210 रन पार स्कोर से 10-15 रन ज्यादा है। डेथ ओवरों में भी बड़े शॉट लगाना आसान नहीं था, क्योंकि पिच धीमी थी।

# दिल्ली कैपिटल्स को कुछ अंकों का नुकसान हुआ: संजय बांगर

**नई दिल्ली, वार्ता।** गुजरात टाइटन्स ने अपने टाटा आईपीएल 2026 मैच में आखिरी गेंद तक खिचे रोमांचक मैच में दिल्ली कैपिटल्स को एक रन से हरा दिया। स्टार स्पोर्ट्स के 'अमूल क्रिकेट लाइव' पर बात करते हुए, जियोस्टार के एक्सपर्ट संजय बांगर और पीयूष चावला ने डेविड मिलर, विप्रज निगम और कुलदीप यादव के बीच हुए तनावपूर्ण आखिरी ओवर का एनालिसिस किया, साथ ही राशिद खान के अहम स्पेल, केएल राहुल की पारी और शुभमन गिल की शांत पारी पर भी बात की।

संजय बांगर ने मैच के आखिरी पलों के बारे में बताया कि आप समझ सकते थे कि जब विप्रज निगम आए तो हालात कैसे बदल गए। गेम पूरी तरह से मिलर के बारे में नहीं था, लेकिन विप्रज के आउट होने के बाद, जम्मिेदारी पूरी तरह से मिलर पर आ गई। कुलदीप यादव ने उस खास बॉल को अच्छे से हैंडल किया और पक्का किया कि मिलर स्ट्राइक पर हों। फिर मिलर ने एक शानदार शॉट मारा, लॉन्ग-ऑफ के ऊपर से 106 मीटर का छक्का। हालांकि, आखिर में थोड़ी कन्फ्यूजन



हुई। शुरू में, ऐसा लगा कि वह सेकंड-लास्ट बॉल पर रन के लिए जाएंगे लेकिन फिर उन्होंने ऐसा न करने का फैसला किया। इस हिचकिचाहट की वजह से दिल्ली कैपिटल्स को मौका गंवाना पघ, क्योंकि आखिरी बॉल पर कैसा खेला जाता, इस पर निर्भर करता था कि गेम सुपर ओवर में जा सकता था। इस कन्फ्यूजन की वजह से आखिरकार दिल्ली कैपिटल्स को कुछ पॉइंट्स का नुकसान हुआ। शुभमन गिल की पारी पर उन्होंने कहा कि शुभमन गिल की पारी को दूसरे छोर से अच्छा सपोर्ट मिला, खासकर जोस बटलर के अग्रेसिव खेलने की वजह से, जिसका मतलब था कि गिल को पावरप्ले की शुरुआत में ज्यादा स्ट्राइक नहीं मिली। वह अपनी पहली आठ गेंदों पर 8 रन बना चुके थे और उनके पास जमने का मौका था। फिर उन्होंने दो इंपॉर्टेंट पार्टनरशिप कीं और जब जरूरत पड़ी तो अहम शॉट खेले, जिसमें कुलदीप यादव को स्वीप करके छक्का लगाना भी शामिल है। वह डीप बैटिंग कर पाए और जरूरत पड़ने पर बड़े शॉट खेल पाए। इस तरह की पारी से बैटर के मन में कोई भी शक दूर हो जाता है, और गिल का टॉप ऑर्डर में पारी को संभालना बहुत बड़ा फर्क डालता है। पीयूष चावला ने राशिद खान के स्पेल के बारे में कहा कि हम सब जानते हैं कि राशिद खान अपने दिन क्या कर सकते हैं, वह किसी भी बैटिंग लाइन-अप को परेशान कर सकते हैं। गुजरात टाइटन्स को उनसे आगे आने की जरूरत थी, खासकर जब एक अच्छी बैटिंग विकेट और छोटे ग्राउंड पर इस टोटल का बचाव कर रहे थे, और उन्होंने किया। वह पहली ही बॉल से सही थे।

# आयुष क्वार्टर फाइनल में, सिंधु बाहर

**निगबो, वार्ता।** यूएस ओपन 2025 के चैंपियन आयुष शेट्टी ने अपनी जीत का सिलसिला जारी रखा, और बैडमिटन एशिया चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाले अकेले भारतीय सिगल्स खिलाड़ी बन गए। उन्होंने चीनी ताइपे के ची यू जेन को सीधे गेम में 21-16, 21-12 से हराया।

पहली बार दुनिया के 20वें नम्बर के खिलाड़ी का सामना करते हुए, शेट्टी ने शुरुआती राउंड से ही अपनी लय बनाए रखी। उन्होंने दोनों गेम में शुरुआती बढ़त बनाई, पहले गेम में थोड़ी देर के लिए एक टीम का सामना किया, फिर जीत हासिल की।

दूसरे गेम में भारतीय खिलाड़ी ने पूरा कंट्रोल दिखाया और 41 मिनट में सीधे गेम में आसान जीत हासिल की। शेट्टी को अब क्वार्टर फाइनल में इंडिया



ओपन 2026 के रनर-अप इंडोनेशिया के जोनाथन क्रिस्टी से कड़ी चुनौती मिलेगी, जिन्होंने जापान के युदाई ओकिमोटो को 21-18, 21-13 से हराया। विमेंस सिगल्स में, पीवी सिंधु चीन की वर्ल्ड नम्बर 2 वांग जी ई के खिलाफ कड़े मुकाबले के बाद बाहर हो गईं। मिक्स्ड डबल्स में, ध्रुव कपिला और तनीषा क्रैस्टो मलेशिया के वर्ल्ड नम्बर 4 चेन टैंग जी और टोह ई वेई से हार गईं। उन्नति हुड्डा और एचएस प्रणय भी टूर्नामेंट से बाहर हो गए।

# जोशी ने तीन शॉट की बढ़त बनाई

**विशाखापत्तनम, वार्ता।** खिलन जोशी ने विशाखापत्तनम के ईस्ट पॉइंट गोल्फ क्लब में 1 करोड़ रुपये के आंध्र ओपन 2026 के तीसरे राउंड में एक-अंडर 70 का कार्ड बनाकर अपनी बढ़त को तीन शॉट पहुंचा दिया। उनका तीन राउंड का स्कोर सात-अंडर 206 हो गया है। बेंगलुरु के 33 साल के खिलन (68-68-70), जो छह बार के विजेता हैं, जिन्होंने पीजीटीआई इवेंट में हफ्ते की शुरुआत 68 और 68 के राउंड के साथ की थी,

अब फाइनल राउंड में अच्छी बढ़त बनाए हुए हैं। दुबई के यश मजूमदार (71-69-69) और दिल्ली के राशिद खान (70-72-67) चार-अंडर 209 के साथ दूसरे नम्बर पर थे। मजूमदार ने 69 का स्कोर किया, जबकि राशिद ने दिन का सबसे अच्छा 67 का राउंड बनाकर मुकाबले में जगह बनाई। जोशी का राउंड एक खराब शुरुआत के बाद एक मजबूत रिकवरी से तय हुआ, जिसमें शुरुआत में तीन थ्री-पट शामिल थे। उन्होंने सातवें होल पर एक टैप-इन बर्डी के साथ वापसी की, जब उनका अप्रोच शॉट होल से कुछ इंच दूर रह गया था, और फिर पार-5 के 12वें होल पर एक जरूरी ईगल दिया, जहां उन्होंने 15-फुटर लगाया। जोशी ने कहा, ष्मेरी शुरुआत अच्छी नहीं रही, लेकिन मैंने सब्र रखा और अपनी बॉल-स्ट्राइकिंग पर भरोसा किया। मैं इसे अच्छी तरह से ड्राइव कर रहा हूं और अपने आयरन को मजबूती से मार रहा हूं, इसलिए मुझे बस पटर को चालू रखना है। मुझे गर्व है कि खराब शुरुआत के बावजूद मैंने कोर्स पर खुद को कैसे संभाला और बैक-नाइन पर वापसी की। आखिरी राउंड में जाते हुए, मैं पहले भी ऐसी स्थितियों में रहा हूं, इसलिए मुझे पता है कि मुझे बस अपने जोन में रहना है और अच्छे गोल्फ शॉट खेलने हैं और इससे बाकी सब कुछ ठीक हो जाएगा। पार-5 सातवें को 477-यार्ड पार-4 में एडजस्ट किया गया है, जिससे कोर्स पार 71 हो गया है। सैन डिएगो यूनिवर्सिटी के ग्रेजुएट मजमुदार ने अपनी अनोखी एक हाथ से चिपिग तकनीक से प्रभावित करना जारी रखा और ऐसा लग रहा था कि वह दो शॉट के अंदर पहुंच जाएंगे, लेकिन आखिरी होल पर एक बोगी ने उन्हें दूसरे स्थान के लिए वापस टाई कर दिया। दो बार के एशियन टूर विनर राशिद ने पेनल्टी राउंड में 67 का मजबूत स्कोर करके मुकाबले में वापसी की, जिसमें एक ईगल, पांच बर्डी और तीन बोगी शामिल थे। कोलकाता के विराज मडप्पा (69-71-71), जो एशियन टूर के सबसे कम उम्र के भारतीय विनर और पिछले सीजन में पीजीटीआई के विनर थे, ग्रेटर नोएडा के अर्जुन शर्मा (71-70-70) के साथ दो-अंडर 211 के स्कोर के साथ चौथे स्थान पर थे। जोशी, जो अभी पीजीटीआई ऑर्डर ऑफ मेरिट में 55वें स्थान पर हैं।

# ज्वेरेव ने 2-5 से वापसी करते हुए गारिन को हराया

**मोंटे-कार्लो, वार्ता।** एलेक्जेंडर ज्वेरेव ने बुधवार को मोंटे-कार्लो मास्टर्स में बने रहने के लिए मुश्किल से वापसी की। इस साल पहली बार क्ले पर मुकाबला करते हुए, ज्वेरेव ने आखिरी सेट में 2-5 से संघर्ष करते हुए चिली के क्वालीफायर क्रिस्टियन गारिन को 4-6, 6-4, 7-5 से हराया। एक बड़े फाइनल गेम में, वर्ल्ड नम्बर 3 ने तीन ब्रेक पॉइंट बचाए, इससे पहले कि वह आखिरकार अपने तीसरे मैच पॉइंट पर जीत पक्की कर लेता।

ज्वेरेव ने अप्रैल की धूप में कोर्ट रेनियर प्प्प पर दो घंटे और 50 मिनट के बाद आखिरकार जीत हासिल करने के बाद जोरदार आवाज लगाई। ज्वेरेव ने कहा कि ईमानदारी से कहूं तो मेरा लेवल बिल्कुल भी नहीं था। लेकिन यह 11 महीनों में मेरा पहला क्ले-कोर्ट मैच था। मेरे पास तैयारी के लिए ज्यादा समय नहीं था क्योंकि मैंने मियामी में अच्छा



खेला था। मैं जीतकर खुश हूं। यह एक मुश्किल मैच था और वह अच्छा खेल रहा है, खासकर यहां। दिन के आखिर में, कभी-कभी यह सिर्फ जीत हासिल करने के बारे में होता है। दो बार के मोंटे-कार्लो सेमीफाइनलिस्ट ज्वेरेव साल के पहले दो मास्टर्स 1000 इवेंट्स इंडियन वेल्स और मियामी के साथ-साथ ऑस्ट्रेलियन ओपन में भी आखिरी चार में पहुंचे थे। हालांकि, जर्मन खिलाड़ी गारिन के खिलाफ तीसरे सेट के बीच में सीजन के अपने पहले ओपनिग-राउंड से बाहर होने के लिए तैयार लग रहा था। फिर भी, 47 अनफोर्स्ड गलतियां करने और तीसरे सेट में 0-4 और 2-5 से पीछे होने के बावजूद, 28 साल के खिलाड़ी ने आगे बढ़ने के लिए ठीक समय पर बेसलाइन से लॉक डाउन कर दिया। ज्वेरेव का अगला मुकाबला जजिो बर्ग्स से होगा, जब बेल्जियम के खिलाड़ी ने आंद्रेई रुब्लेव को 6-4, 6-1 से हराया। इस बीच दूसरे मुकाबले में, जोआओ फोंसेका 2005 में राफेल नडाल और रिचर्ड गास्के के बाद मोंटे-कार्लो में तीसरे राउंड में पहुंचने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन गए। 19 साल के ब्राजीलियन ने फ्रेंचमैन आर्थर रिडरकनेच को 7-5, 4-6, 6-3 से हराया।

दुनिया के 40वें नम्बर के खिलाड़ी तीसरे राउंड में मैटियो बेरेटिनी से खेलेंगे। मियामी के फाइनलिस्ट जिरी लेहेका ने एलेजांद्रो टैबिलो के खिलाफ 4-6, 7-6(4), 6-3 से कड़ी टक्कर में जीत हासिल की। लेहेका का तीसरे राउंड में आठवीं सीड वाले अलेक्जेंडर बुब्लिक से मुकाबला होगा। कैस्पर रूड का तीसरे राउंड का मुकाबला फेलिक्स ऑगर-अलियासिमे से होगा। नौवीं सीड वाले रूड ने कोरेंटिन मौटेट को 7-5, 6-3 से हराया और छठी सीड वाले ऑगर-अलियासिमे ने मारिन सिलिच को 7-6(4), 6-3 से हराकर पहली बार मोंटे-कार्लो में आखिरी 16 में जगह बनाई। 2024 में मोंटे-कार्लो के फाइनलिस्ट रूड ने क्ले कोर्ट पर 12 टूर-लेवल टाइटल जीते हैं। उधर वैलेंटिन वचेरोट ने चौथी सीड लोरेंजो मुसेट्टी को 7-6(6), 7-5 से हराकर एक और जीत हासिल की - इस बार अपने घरेलू दर्शकों के सामने। इस जीत के साथ, वाचेरोट अपने कोच और सौतेले भाई, बेंजामिन बैलेरेट के बाद द प्रिसिपैलिटी में तीसरे राउंड में पहुंचने वाले पहले मोनेगास्क बन गए।

# शासनादेशों का अनुपालन सुनिश्चित करें: अशिवनी

## उत्तर प्रदेश विधान परिषद की विनियमन समीक्षा समिति ने जनपद के अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश विधान परिषद की विनियमन समीक्षा समिति के सभापति अश्विनी त्यागी के सभापतित्व में जनपद के अफसरों के साथ समीक्षा करते हुए कहा कि शासनादेशों का अनुपालन हर हाल में सुनिश्चित किया जाये।



सर्किट हाउस सभागार में समीक्षा बैठक के दौरान जिलाधिकारी मनीष बंसल एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिनंदन द्वारा समिति के सभापति एवं अन्य सदस्यों को जनपद के ओडीओपी काष्ठ निर्मित उत्पाद एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। सभापति अश्विनी त्यागी ने निर्देश दिए कि सभी अधिकारी सुनिश्चित करें कि उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों में शासनादेश का पूर्ण रूप से अनुपालन किया जा रहा है। उन्होने कहा कि शासनादेश के अनुसार जनप्रति. निधियों के प्रोटोकाल का शत-प्रतिशत अनुपालन किया जाए। जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित प्रचार-प्रसार के कार्यों में जनप्रतिनिधियों के अनुभवों का लाभ लिया जाए। शिलान्यास एवं लोकार्पण के कार्यक्रमों में शासनादेश के अनुसार जनप्रति. निधियों को आमंत्रित किया जाए। जनप्रतिनिधियों द्वारा दिये गये पत्रों का जवाब यथाशीघ्र दिया जाए। इसके साथ ही उन्हें व्यक्तिगत रूप से भी अवगत कराया जाए। उन्होने कहा कि कोई भी पात्र व्यक्ति योजनाओं के लाभ से वंचित न रहने पाए, इस बात का विशेष ध्यान दिया जाए। जनप्रतिनिधिगणों से सम्पर्क में रहते हुए उनसे निरंतर संवाद स्थापित किया जाए।

स्वास्थ्य सेवाओं के दृष्टिगत शासनादेश के अनुसार आयुष्मान कार्ड यथाशीघ्र बनाए जाएं एवं इस संबंध में जनप्रतिनिधियों को भी जानकारी उपलब्ध कराई जाए। उन्होने समस्त विभागों द्वारा संचा. लित योजनाओं एवं कार्यक्रमों की जानकारी लेते हुए प्रगति के निर्देश दिए। पुलिस विभाग को मिशन शक्ति के संबंध में पुलिस अधिकारियों को स्कूलों में जाकर जागरूक करने के लिए कहा। उन्होने बैठक में समिति के बिना अनुमति के अनुपस्थित रहने वाले अधिकारियों पर गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए स्पष्टीकरण लेने के लिए कहा। अपर जिलाधिकारी प्रशासन संतोष बहादुर सिंह ने समिति को आश्वस्त किया कि आपके द्वारा दिये गये निर्देशों का अक्षरश पालन किया जाएगा।

बैठक में सदस्य विधान परिषद एवं समिति के सदस्य वीरेन्द्र सिंह, पवन कुमार सिंह, महापौर डॉ. अजय कुमार सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष मांगेराम चौधरी, विधायक नगर राजीव गुम्बर, विधायक नकुड़ मुकेश चौधरी, विधायक गंगोह किरत सिंह, जिलाध्यक्ष भाजपा अजीत राणा, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सलिल कुमार पटेल, अनु सचिव अरूण प्रकाश शर्मा, समीक्षा अधिकारी मयंक यादव, प्रतिवेदक आशीष, सहायक समीक्षा अधिकारी अभिनव तिवारी सहित संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारीग उपस्थित रहे।

# समाजसेवी जुनैद ने विधायक आशु मलिक से की शिष्टाचार भेंट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** बहेड़ा संदल सिंह (कलां) निवासी समाज सेवक जुनैद मलिक ने देहात विधानसभा के विधायक आशु मलिक से शिष्टाचार मुलाकात कर गांव की जमीनी समस्याओं को मजबूती से उठाया लगभग 45 मिनट तक चली इस महत्वपूर्ण बैठक में सड़क बिजली पानी और नाली जैसी मूलभूत सुविधाओं पर विस्तृत चर्चा हुई।



विधायक आशु मलिक ने समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए तुरंत संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए विधायक ने बड़े ही सहज और सकारात्मक रवैये के साथ सभी मुद्दों को सुना और तत्काल समाधान की दिशा में कदम उठाए विशेष रूप से सड़क की मरम्मत के मामले पर तुरंत कार्रवाई शुरू कर दी गई मुलाकात के कुछ ही देर बाद संबंधित अधिकारी ने फोन कर सड़क मरम्मत कार्य जल्द शुरू होने की जानकारी दी।

विधायक आशु मलिक अपने क्षेत्र में विकास कार्यों और सक्रियता के लिए जाने जाते हैं। वे अखिलेश यादव के करीबी सहयोगियों में शामिल हैं पूर्व में भी उन्होंने क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण विकास कार्य कराए हैं जिससे जनता में उनके प्रति विश्वास और मजबूत हुआ है इस मुलाकात के दौरान विधायक के करीबी सहयोगी नवाब मलिक की भूमिका सराहनीय रही साथ ही महमूद हसन सहित अन्य स्थानीय लोग भी मौजूद रहे।

समाजसेवक जुनैद मलिक ने कहा मैं पहले भी विभिन्न दलों के जनप्रतिनिधियों से मिलकर गांव में विकास कार्य करा चुका हूँ। आगे भी बिना किसी भेदभाव के क्षेत्रहित में कार्य करता रहूँगा। मेरा एक मात्र उद्देश्य गांव का सर्वांगीण विकास, मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता और आम जनता की समस्याओं का समाधान कराना है। नफरत नहीं, विकास की सोच के साथ मैं लगातार गांव की आवाज को मजबूती से उठाता रहूँगा।

# भूसा व चारा दान करने की अपील

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जनपद में निराश्रित एवं बेसहारा गोवंश को संरक्षित कराये जाने हेतु समस्त विकास खण्डो में अस्थाई गोवंश आश्रय स्थलो का संचालन किया जा रहा है। गो आश्रय स्थलो पर सरंक्षित गोवंश के भरण पोषण हेतु भूसा एवं हरे चारे की आवश्यकता रहती है।

मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. एम. पी. सिंह ने कहा कि वर्तमान में भूसे के उत्पादन को दृष्टिगत रखते हुए अपेक्षा की गयी है कि जनता को निराश्रित गोवंश के प्रति जागरूक करते हुए लोगों को दान में भूसा आदि देने हेतु प्रेरित किया जाये। उन्होंने जनपदवासियों से अपील की है कि संरक्षित किये जा रहे निराश्रित गोवंश के भरण पोषण में सहयोग करते हुए अधिक से अधिक मात्रा में भूसा, हरा चारा, चोकर आदि अपने निकटतम खण्ड विकास अधिकारी, पशु चिकित्साधिकारी, गोवंश आश्रय स्थल पर सम्पर्क कर दान देने का कष्ट करें तथा गोवंश की सेवा कर पुण्य लाभ उठाएं। डॉ. एम. पी. सिंह ने जनपद के ऐसे सम्मानित, प्रतिष्ठित, पशु प्रेमी, गोवंश में आस्था रखने वाले नागरिकों से अपील की है कि गोवंश के दान में देने के लिये भूसा, हरा चारा, चोकर आदि की उपलब्धता नहीं है तो नकद धनराशि के रूप में दान कर सकते हैं।

# चोरी की बाइक के साथ पकड़ा


**गंगोह।** कोतवाली पुलिस ने लखनौती रोड पर चैकिंग के दौरान लाइन जीवनगढ़ थाना विकासनगर देहरादून निवासी आमिर पुत्र नौशाद को एक चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश किया। गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक आजाद सिंह, राहुल कुमार व विकास कुमार मौजूद रहे।

# 14 को पीएम मोदी से मिलेंगे किसान: वर्मा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** भारतीय किसान यूनियन वर्मा व पश्चिम प्रदेश मुक्ति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष भगत सिंह वर्मा ने का कि पृथक राज्य व किसानों की समस्याओं से लेकर कार्यकर्ता प्रधानमंत्री से मिलेंगे।

भगत सिंह वर्मा आज यहां पेपर मिल रोड कार्यालय पर एक बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि छोटे-छोटे राज्यों के निर्माण से ही देश की उन्नति संभव है। देश में हो रहे छोटे राज्यों के निर्माण के लिए चल रहे संघर्ष को देखते हुए प्रधानमंत्री राज्य पुनर्गठन आयोग गठित करके छोटे-छोटे राज्यों का निर्माण कराए। और उत्तर प्रदेश को चार भागों में बांटकर पश्चिमी उत्तर प्रदेश के 26 जिलों को मिलाकर पृथक पश्चिम प्रदेश का निर्माण कराए।



आज पृथक पश्चिम प्रदेश का निर्माण समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है।

बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय सलाहकार हाफिज मूर्तजा त्यागी ने की और संचालन प्रदेश सचिव डॉ परविंदर मलिक ने किया। बैठक में राष्ट्रीय सलाहकार रजत शर्मा राष्ट्रीय महासचिव रामकुमार नेता प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ मुर्तजा सलमानी प्रदेश मीडिया प्रभारी दुष्यंत सिंह प्रदेश उपाध्यक्ष पंडित नीरज कपिल प्रदेश प्रवक्ता रोहित गौतम प्रदेश सचिव रिशिपाल गुर्जर प्रदेश सचिव मास्टर रईस अहमद मंडल उपाध्यक्ष कृपाल सिंह चौधरी जिला संगठन मंत्री सुरेंद्र सिंह एडवोकेट जिला उपाध्यक्ष वसीम जहीरपुर आदि ने भाग लिया।

# महिलाओं व छात्राओं से पुलिस संवाद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** थाना कुतुबशेर की एंटी रोमियो मिशन शक्ति टीम द्वारा बाजारों में आने जाने वाली महिलाओं व ज्ञान कलश इंटरनेशनल कॉलेज में मिशन शक्ति प्रोग्राम के अंतर्गत मीटिंग का आयोजन किया गया।



बाजारों व मीटिंग में महिला स्वावलंबन हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान मिशन शक्ति फेज 5.0 के द्वितीय चरण और साइबर अपराध सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत बालिकाओं को डिजिटल एरेस्टिंग व सशक्तिकरण एवं सरकार द्वारा चलाई गयी योजनाओ और बच्चो के लिए चलाए जा रहे कार्यक्रमो के बारे मे बताया एवं उनके अधिकारो, सुरक्षा और संरक्षण के बारे मे जागरुक किया गया। सरकार द्वारा जारी की गयी हेल्पलाईन नंबर के बारे मे जानकारी दी गयी। बाल मजदूरी, बाल विवाह के दुष्परिणामों व मोबाइल व इन्टरनेट का सावधानी से प्रयोग करने के बारे मे समझाया गया व पंपलेट भी वितरित किए गए।

टीम में उप निरीक्षक सविता चौधरी, उप निरीक्षक सुमन चाहर, कांस्टेबल रिंकी व होमगार्ड गीता सक्सेना शामिल रही।

# चौ.मुजफ्फर की वालदा के इंतकाल पर शोक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष चौ. मुजफ्फर अली की वालदा के इंतकाल पर प्रद. ेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष व प्रदेश प्रभारी प्रियंका गांधी, सांसद इमरान मसूद, चौ. इकरा हसन सहित कई जिलों के राजनीतिज्ञ, विधायक, समाजसेवी व व्यापारियों ने गम का इजहार किया।

पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष एवं एआईसीसी के मैम्बर चौ.मुजफ्फर अली की 80 वर्षीय वालदा का विगत दिनों इंतकाल हो गया था। वह काफी समय से बीमार चल रही थी। इंतकाल की खबर सुनकर हजारों लोग चौ.मुजफ्फर के दिल्ली रोड स्थित आवास पर पहुंचे थे और अपनी संवेदनाएं प्रकट करते हुए मृतका की रूह को सवाब पहुंचाने की नियत से दुआएं भी की। चौ.मुजफ्फर के आवास पर सांसद इमरान मसूद, सांसद चौ.इकरा हसन, पूर्व सांसद हाजी



फजलुर्रहमान, विधायक उमर अली खान, विधायक आशु मलिक, विधायक शाहनवाज खान, विधायक नाहिद हसन, पूर्व विधायक मसूद अख्तर, सपा के राष्ट्रीय महासचिव चौ.रूद्रसेन, सपा के प्रदेश सचिव रूही अंजुम, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष चौ.इरशाद, कांग्रेस जिलाध्यक्ष संदीप राणा, महानगर अध्यक्ष मनीष त्यागी, जामा मस्जिद प्रबंधक मौलवी फरीद, शहर काजी नदीम अख्तर, वरिष्ठ अधिवक्ता चौ.जानिसार एडवोकेट, बसपा नेता फिरोज आफताब, हाजी सरफराज राईन समेत हजारों लोगों ने मिलकर चौ.मुजफ्फर को ढांढस बंधाया। कांग्रेस की राष्ट्रीय लीडर व प्रदेश प्रभारी सांसद प्रियंका गांधी, प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, राष्ट्रीय सचिव पश्चिमी उत्तर प्रदेश प्रभारी प्रदीप नरवाल ने टेलीफोन पर अपनी संवेदनाएं व्यक्त की।

# नशा तस्कर पकड़ा

**चिलकाना।** थाना पुलिस टीम ने मादक पदार्थो की तस्करी करने वाले एक आरोपी नशा तस्कर को गिरफ्तार किया। जिसके कब्जे से करीब 225000 रुपये कीमत की 11.3 ग्राम अवैध स्मैक तथा एक स्प्लेंडर बाइक बरामद की गई।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक पुलिस टीम द्वारा गस्त तथा चैकिंग के दौरान एक आरोपी नशा तस्कर निकेश पुत्र राजेश निवासी ग्राम नगला थाना चिलकाना को ग्राम नाल्हेड़ा से सलीरी की ओर जाने वाले मार्ग से अवैध स्मैक सहित साथ गिरफ्तार किया।

थाना प्रभारी एएसपी सिमरन सिंह आईपीएस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुक. दमा दर्ज किया गया।

# नन्हे मुन्नों ने निकाली स्कूल चलो अभियान रैली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** शिक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने और 6 से 14 वर्ष तक के बच्चों को नामांकित करने के उद्देश्य से कस्बा छुटमलपुर के प्राथमिक विद्यालय छुटमलपुर नंबर दो में जागरूकता रैली निकाली गई। नामांकन रैली ने पूरे क्षेत्र में एक नई ऊर्जा उत्साह का संचार कर दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा मंडल अध्यक्ष अमित सेन राष्ट्रपति सम्मान प्राप्त शिक्षक तेलु राम महेन्द्र सिंह पुर्व प्रधान नवाब सभासद का विद्यालय आगमन हुआ। प्रधानाध्यापक करण सिंह और समस्त विद्यालय स्टॉफ द्वारा सभी अतिथियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा मंडल अध्यक्ष अमित सेन ने सरस्वती वंदना के पश्चात हरी झंडी दिखाकर किया। रैली में शामिल बच्चों ने जोश और उत्साह के साथ कस्बे में घूम घूम कर अभिभावकों को शिक्षा के महत्व से अवगत कराया और 6 से 14 वर्ष तक के सभी बच्चों को नए नामांकन के लिए प्रेरित किया



बच्चों ने मम्मी पापा हमें पढ़ाओ विद्यालय जाकर नाम लिखाओ कोई न छूटे अबकी बार शिक्षा है सबका अधिकार जैसे नारों से शिक्षा के महत्व को समझाया ।इस अवसर पर विद्यालय में बच्चों को नवीन सत्र हेतु पुस्तक वितरण किया गया कक्षा 5 पास कर चुके पूरे वर्ष में अधिकतम उपस्थित पाने वाले बच्चों को मेडल पहनाकर सम्मान प्रदान किया गया जिसे पाकर बच्चे बहुत खुश हुए विद्यालय के नव नामांकित बच्चों को आगंतुकों द्वारा उपहार प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया, वहीं विद्यालय आए अभिभावकों के साथ शिक्षा के महत्व पर चर्चा की गई कार्यक्रम में मीनाक्षी कंबोज मोहम्मद नसीम सहायक अध्यापक कमलेश सोनिया रेखा सरिता सहित विद्यालय स्टाफ की सक्रिय भागीदारी रही।इस पहल ने पूरे क्षेत्र में शिक्षा के प्रति जागरूकता को नई दिशा दी। कार्यक्रम में संचालन श्रीमती अंजली आर्य सहायक अध्यापक द्वारा किया गया रिजा फलक अर्शी समद हमरा एब्यूजर अरशद अहद सहित समस्त बच्चे अति उत्साहित दिखे।

# रेल कर्मियों का मांगों के समर्थन में प्रदर्शन

**सहारनपुर।** उत्तरीय रेलवे मजदूर यूनियन, नई दिल्ली के महामंत्री के आह्वान पर मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ चल रहे रोष सप्ताह के तहत बुधवार को खलासी लाइन रेलवे इंस्टिट्यूट के पास स्थित वर्कशॉप में रोष दिवस मनाया गया। यूनियन पदाधिकारियों ने उपेंद्र गुप्ता के नेतृत्व में प्रदर्शन कर अपनी मांगों को जोरदार ढंग से उठाया।यूनियन नेताओं ने आरोप लगाया कि रेलवे के विभिन्न कार्यों का तेजी से निजीकरण किया जा रहा है, जिससे कर्मचारियों के अधिकार प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि ट्रैक सिग्नल, इंजन-कोच रिपेयर, एसी कोच मेंटेनेंस, टिकट बुकिंग व आरक्षण जैसे कार्य ठेके



पर दिए जा रहे हैं, जो कर्मचारियों के हितों के खिलाफ है। प्रदर्शन के दौरान यूनियन ने पुरानी पेंशन योजना बहाल करने, कोविड काल में रोकी गई महंगाई भत्ते की तीन किस्तों का भुगतान, ठेकेदारी प्रथा पर रोक, रिक्त पदों को भरने, कार्यभार के अनुसार नए पद सृजित करने और आठवें वेतन आयोग में 3.5 फिटमेंट फैक्टर लागू करने की मांग की। गेट मीटिंग में उपेंद्र गुप्ता, बाबूराम, रविन्द्र, सुरेन्द्र, राजेन्द्र, गुरदीप, विवेक कुमार, बालकिशन, रवि मेहरा, संजय, राजन वत्स, मनोज सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# डीएम को कार्यवाही के निर्देश

**चिलकाना।** सुल्तानपुर नगर पंचायत कार्यालय द्वारा वार्ड नम्बर 2 स्थित नजूल बताई जाने वाली भूमि पर वर्षों से अपने आवास बनाकर रहते आ रहे परिवारों द्वारा की गई भेदभाव की एक शिकायत का संज्ञान लेते हुए राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने जिलाधिकारी को उक्त प्रकरण की जांच कार्यवाही के लिए निर्देशित किया है।

बतातें चले कि नगर पंचायत सुल्तानपुर चिलकाना के वार्ड 02 के मोहल्ला कोठीवाला (किला) जिसको नगर पंचयात द्वारा नजूल की भूमि बताया जाता है। इसी भूमि को फ्री होल्ड करवाने व प्रधानमंत्री आवास योजना में शामिल किये जाने की मांग करते हुए यहां पर वर्षों से निज आवास बनाकर रहते आ रहे परिवारो ने मुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति, राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग तथा राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग को एक पत्र लिखकर बताया था कि इस भूमि पर नगर पंचायत के द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ देने से मना कर दिया जाता है। जबकि वह लोग वर्षों से यहां रहते हुए नगर पंचायत को जल कर व भवन कर भी देते चले आ रहे है।

पीड़ित परिवारों ने उन्हें उक्त भूमि पर प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलवाए जाने की मांग की थी। 7 अप्रैल को मानवाधिकार आयोग की ओर से जिलाधिकारी को निर्देशित किया गया है कि उक्त प्रकरण में अगले 2 माह के अंदर याची आकाश कुमार को साथ लेकर गहन अध्ययन किया जाये।

# पुरस्कार वितरण के साथ क्रीडा प्रतियोगिता संपन्न

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जे वी जैन कालेज में पुरस्कार वितरण के साथ वार्षिक क्रीडा प्रतियोगिता का समापन हो गया।

कालेज परिसर में आयोजित समापन कार्यक्रम में माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय के कुलसचिव कमलकृष्ण, विशिष्ट अतिथि क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी राहुल चोपड़ा तथा कॉलेज प्रबंधन समिति सदस्य देवेंद्र मित्ताल ने खिलाडियों को पुरस्कार वितरित कर आशीर्वचन दिया। कमल कृष्ण ने कहा की खेल के साथ-साथ खिलाड़ियों को भी अपनी पढ़ाई की तरफ भी ध्यान देना चाहिए और हमारा विश्वविद्यालय खेलों में नई ऊंचाई प्राप्त कर रहा है। आज के बास्केटबॉल फ्री शूट में पुरुष वर्ग में प्रथम स्थान सौरभ कुमार, द्वितिय स्थान आकाश , एवं तृतीय स्थान विनीत कुमार ने प्राप्त किया, महिला वर्ग में प्रथम स्थान श्रुति सक्सेना, द्वितीय स्थान साक्षी गोयल, एवं



तृतीय स्थान रिया ने हासिल किया।स्टैंडिंग खो- खो के महिला वर्ग में प्रथम स्थान पर नर्मदा हाउस की टीम जिसमे पायल रानी, अक्षिता देवी, कशिश पाल, खुशी पाल, नेहा एवं ज्योति रहे एवं द्वितिय स्थान पर गंगा हाउस की टीम जिसमे श्रुति सक्सेना, साक्षी गोयल, यशिका, रिया कपिल, सलोनी, वंशिका टीम में रहे। इसके साथ साथ पिछले वर्ष 2024-25 में महाविद्यालय को अन्तर्विश्वविद्यालय स्तर पर विभिन्न खेलो में प्रतिभाग करने वाले खिलाडी मोहम्मद शुऐब (जुडो), साहिल कुमार (हॉकी), अर्जुन गुप्ता, राघव अरोरा, अजय कुमार, रितिक मालिक (सभी चारों बास्केटबॉल के खिलाड़ी), अभिषेक पुंडीर एवं दिग्विजय पुंडीर( दोनों शतरंज), गायत्री एवं आकाश दोनों योगासन), अंगद सिंह (वुशु), एवं गौरव मेनन (भारोत्तोलन) खेलो में महाविद्यालय का नाम रोशन करने पर सम्मानित किए गए। निर्णायक लाल धर्मेंद्र प्रताप, योगाचार्य भीम, मनीष कुमार, रोहित पुंडीर, तेजस्वी चौहान को भी सम्मानित किया गया। आज के इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर वकुल बंसल, प्रो. पंकज गुप्ता, प्रो. हरिओम गुप्ता, डॉ. हरवीर सिंह चौधरी, प्रो. मुकेश गुप्ता उपस्थित रह। कार्यक्रम संयोजक डॉ हरवीर सिंह चौधरी व डा.संदीप गुप्ता ने अतिथियों का आभार जताया। संचालन वरिष्ठ समाजसेवी मोहम्मद यूनुस खान ने किया।

# गांव चलो अभियान चलाया

**गंगोह।** भाजपा नगर मंडल गंगोह के सैक्टर रामलीला भवन व सैक्टर कोटला में गाँव चलो अभियान चलाया गया।

कार्यकर्ताओं ओर नागरिकों से जनसंपर्क कर मोदी योगी सरकार के 2047 तक भारत को विकसित बनाने के संकल्प की पूर्ति हेतू सरकार की नीतियों ओर योजनाओं को जनजन तक पहुंच. ाने के लिए जनसंपर्क किया। अध्यक्षता मंडलाध्यक्ष राजेश गांधी शर्मा व संचालन गगन गर्ग ने किया। सैक्टर प्रभारी वीरसिंह भावुक, किसान मोर्चा अध्यक्ष चौ. राजाराम व मा. संजीव शर्मा ने विचार व्यक्त किये। विनोद शर्मा, शशांक गोयल, संजय तायल, अंकुर प्रजापति, नितिन सिंघल, अंचल गोयल, जैलसिंह भारती, दीपक सैनी, अंकित मौजूद रहे।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

शुक्रवार, 10 अप्रैल 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# टीएमसी बनाम चुनाव आयोग

यूं तो एक केंद्रशासित प्रदेश सहित पांच राज्यों में चुनाव हो रहे हैं, लेकिन इनमें सबसे अधिक चर्चा पश्चिम बंगाल में एसआईआर में हुई धांधली को लेकर हो रही है, बल्कि अगर हम यह कहें कि वहां की सत्तारूढ़ पार्टी टीएमसी और चुनाव आयोग सीधे आमने–सामने आ गए हैं, तो गलत नहीं होगा। टीएमसी के सांसद डेरेक ऑ ब्रायन ने तो बेहद तीखे शब्दों में यहां तक कह डाला कि चुनाव आयोग अपनी मनमानी पर उतारू है। उनका कहना है कि जब उनके नेतृत्व में एक टीएमसी का प्रतिनिधिमंडल बुधवार को मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार से मिला, तो उन्होंने केवल पांच मिनट में ही हमें बाहर का रास्ता दिखा दिया। अगर वास्तव में ऐसा है, तो यह बेहद खतरनाक स्थिति है। हालांकि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने अपनी सफाई में कहा है कि उन्होंने ब्रायन से केवल इतना कहा था कि आप अपनी बात को शांति के साथ रखें और दुर्व्यवहार न करें। यह कोई पहला मौका नहीं है, जब चुनाव आयोग को लेकर विपक्षी खेमे से आवाज बुलंद होती दिखाई दे रही है, क्योंकि टीएमसी ही नहीं लगभग तमाम विपक्षी दल एक स्वर में यह आरोप लगाते रहे हैं कि चुनाव आयोग केंद्र सरकार के इशारे पर काम कर रहा है। अब यह कितना सच है इसकी जांच कौन करे पर हां इतनी बात तो कहनी ही पड़ेगी कि चुनाव आयोग विशेषकर ज्ञानेश कुमार का जिस तरह का रवैया सार्वजनिक रूप से सामने आया है, उसको देखकर नहीं लगता कि वह सभी को साथ लेकर चलने में विश्वास रखते हैं। हम सभी को समझना होगा कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया में निष्पक्ष व पारदर्शी चुनाव बेहद आवश्यक होते हैं। किसी भी काम का सही होना ही काफी नहीं होता, बल्कि वह सही होता भी दिखाई देना चाहिए। यह बात इस आधार पर कही जा रही है कि मुख्य चुनाव आयुक्त बार–बार यह आश्वासन देते दिखाई देते हैं कि चुनाव में पूरी पारदर्शिता व ईमानदारी बरती जाएगी और किसी को भी उसके पात्र वोट से वंचित नहीं किया जाएगा, लेकिन उनका यह दावा वास्तविकता के धरातल पर दिखाई नहीं देता। जो लोकतंत्र को जानते हैं वह अच्छी तरह समझते हैं कि जिस तरह लोगों द्वारा सत्ता में आई सरकार की बेहद जरूरत होती है, ठीक उसी तरह विपक्ष की भी अपनी एक अहमियत होती है। लोकतांत्रिक प्रक्रिया में विपक्ष की अहमियत को नकारा नहीं जा सकता, क्योंकि विपक्ष के लोग भी आखिर जनता द्वारा चुने हुए ही प्रतिनिधि होते हैं और विपक्ष का काम यही होता है कि वह सरकार के कामकाज पर नजर रखे और जहां गलत हो उसके विरुद्ध आवाज उठाए, तो ऐसे में विपक्ष की आवाज को भी सुनना चाहिए। अगर ऐसा नहीं होता, तो चुनाव आयोग को समझना होगा कि उसकी विश्वसनीयता पर सवाल उठेंगे ही, जैसेकि पश्चिमी बंगाल में उठ भी रहे हैं। जाहिर है सभी को साथ लेकर नहीं चला जाएगा, तो चुनाव आयोग की साख पर सवाल उठेंगे।

## पटरी से उतर सकते हैं शांति के प्रयास



युद्धविराम की स्थिति सुनिश्चित करने के लिए अमेरिका को इजरायल पर लगाम कसनी चाहिए, निरंतर होते हमले पश्चिम एशिया में शांति प्रयासों को पटरी से उतार सकते हैं, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प बयानों में असंगति तथा अनुचित भाषा उनके पद की गरिमा के अनुकूल नहीं है, ईरान ने संघर्ष की शुरुआत नहीं की थी और युद्ध उस पर थोपा गया था , यदि युद्धविराम विफल होता है, तो इसकी जिम्मेदारी ईरान पर नहीं, बल्कि इजरायल पर डाली जानी चाहिए , पाकिस्तान वह करने में सफल रहा, जो दूसरे नहीं कर सके, इजरायल के साथ भारत के घनिष्ठ संबंधों ने शायद उसके राजनयिक दायरे को सीमित कर दिया है।

–उमर अब्दुल्ला, मुख्यमंत्री,जम्मू–कश्मीर

# क्या भारतीय राजनीति में अब उम्र की सीमा तय होनी चाहिए

**आज देश की राजनीति की सबसे बड़ी समस्या यह है कि कई दल कुछ पुराने चेहरों तक सिमट गए हैं। नई सोच, नए विचार और नए नेतृत्व के लिए जगह ही नहीं बची। हजारों युवा कार्यकर्ता वर्षों तक मेहनत करते हैं, लेकिन आगे बढ़ नहीं पाते, क्योंकि ऊपर की जगह खाली नहीं होती।**





प्रो. आर.के. जैन

6 अप्रैल को राज्यसभा के शपथ ग्रहण कक्ष में जो दृश्य दिखाई दिया, उसने पूरे देश को भीतर तक झकझोर दिया। 85 वर्षीय शरद पवार व्हीलचेयर पर बैठकर सदन में पहुंचे। सदन में अचानक सन्नाटा छा गया। दशकों तक महाराष्ट्र की राजनीति को अपनी रणनीति, दूरदर्शिता और प्रभाव से दिशा देने वाला यह बड़ा नेता उस दिन बेहद कमजोर और थका हुआ दिखाई दे रहा था। शपथ के शब्द बोलते समय उनकी आवाज कांप रही थी, शब्द लड़खड़ा रहे थे और चेहरा थकान से भरा हुआ था। वह केवल एक शपथ ग्रहण समारोह नहीं था वह भारतीय राजनीति के सामने खड़ा एक कठोर और असहज प्रश्न था क्या सत्ता का मोह इतना बड़ा हो सकता है कि शरीर जवाब दे देने के बाद भी नेता कुर्सी छोड़ने को तैयार न हों?

यही वह क्षण था, जिसने राजनीति में सेवानिवृत्ति की आवश्यकता पर नई बहस खड़ी कर दी। जिस प्रकार सेना, न्यायपालिका, प्रशासन और अन्य महत्वपूर्ण संस्थाओं में एक निश्चित आयु के बाद व्यक्ति को जिम्मेदारी छोड़नी पड़ती है, उसी प्रकार राजनीति में भी कोई स्पष्ट सीमा क्यों नहीं होनी चाहिए? क्या देश और राज्यों का भविष्य अनिश्चितकाल तक कुछ ही लोगों के हाथों में रहना चाहिए? क्या लोकतंत्र का अर्थ केवल यही है कि एक ही पीढ़ी लगातार सत्ता में बनी रहे? राजनीति केवल अनुभव का क्षेत्र नहीं है। यह ऊर्जा, सक्रियता, त्वरित निर्णय और बदलते समय को समझने की क्षमता का भी क्षेत्र है। यदि व्यवस्था में समय पर परिवर्तन नहीं होगा, तो राजनीति धीरे–धीरे ठहराव का शिकार हो जाएगी।

सबसे बड़ा सच यह है कि उम्र के साथ अनुभव बढ़ता है, लेकिन शरीर और मन की सीमाएं भी सामने आने लगती हैं। आज की राजनीति पहले जैसी नहीं रही। अब केवल भाषण देना या चुनाव जीतना काफी नहीं। नेता को तकनीक समझनी होती है, युवाओं की आकांक्षाएं सुननी होती हैं, बदलती अर्थव्यवस्था पर नजर रखनी होती है और तेज फैसले लेने होते हैं। ऐसे समय में यदि कोई नेता शारीरिक रूप से कमजोर हो, चलने–फिरने में कठिनाई हो या लंबे समय तक बोल न पाता हो, तो वह कितनी प्रभावी भूमिका निभा पाएगा? केवल पद पर बने रहना और सक्रिय नेतृत्व करना, दोनों अलग बातें हैं।

शरद पवार के मामले में यह सवाल इसलिए गंभीर हो जाता है, क्योंकि उन्होंने महाराष्ट्र और देश की राजनीति में लंबे समय तक अहम भूमिका निभाई है। उनके अनुभव और राजनीतिक कौशल पर कभी संदेह नहीं रहा। लेकिन राज्यसभा में शपथ के दौरान उनकी हालत ने लोगों को सोचने पर मजबूर कर दिया। कांपती आवाज और थकी हुई देह देखकर हर किसी के मन में एक ही सवाल उठाकृक्या इस अवस्था में वे राज्यसभा में प्रभावी भूमिका निभा पाएंगे? क्या वे किसानों, युवाओं, उद्योगों और विकास के मुद्दों पर पहले जैसी सक्रियता दिखा पाएंगे? जब शरीर जवाब देने लगे, तब कुर्सी पर बने रहना ताकत नहीं, विवशता लगने लगता है।

अब समय आ गया है कि राजनीति में भी सेवानिवृत्ति की एक स्पष्ट सीमा तय हो। यदि 75 या 80 वर्ष के बाद नेता सक्रिय पद छोड़कर मार्गदर्शक बनें, तो इससे राजनीति कमजोर नहीं, बल्कि अधिक मजबूत होगी। उनका अनुभव और प्रभाव खत्म नहीं होगा वे सलाहकार, संरक्षक और प्रेरणा–स्रोत बने रहेंगे, लेकिन नेतृत्व उन लोगों के हाथों में जाएगा, जिनके पास ऊर्जा, नई सोच और बदलते समय के साथ चलने की क्षमता है। लोकतंत्र की असली ताकत इसी संतुलन में है। जहां अनुभव रास्ता दिखाए और नई पीढ़ी आगे बढ़कर जिम्मेदारी संभाले।

आज देश की राजनीति की सबसे बड़ी समस्या यह है कि कई दल कुछ पुराने चेहरों तक सिमट गए हैं। नई सोच, नए विचार और नए नेतृत्व के लिए जगह ही नहीं बची। हजारों युवा कार्यकर्ता वर्षों तक मेहनत करते हैं, लेकिन आगे बढ़ नहीं पाते, क्योंकि ऊपर की जगह खाली नहीं होती। नतीजा यह होता है कि निराशा बढ़ती है, संगठन जड़ हो जाता है और जनता का भरोसा कमजोर पड़ने लगता है। जब नई पीढ़ी को मौका नहीं मिलेगा, तो युवाओं की समस्याएं कौन समझेगा? बेरोजगारी, शिक्षा, तकनीक, कृषि, स्टार्टअप और बदलती अर्थव्यवस्था को वही पीढ़ी बेहतर समझ सकती है, जो इन्हें खुद जी रही है। इसलिए अब समय है कि नई पीढ़ी के लिए रास्ता खोला जाए।

कुछ लोग यह तर्क देते हैं कि यदि कोई नेता स्वस्थ है, तो उसे राजनीति में बने रहने का अधिकार है। यह बात कुछ हद तक सही है, लेकिन केवल स्वस्थ होना काफी नहीं। राजनीति में बने रहने का फैसला केवल व्यक्ति की इच्छा नहीं, लोकतंत्र की जरूरत से तय होना चाहिए। यदि हर वरिष्ठ नेता खुद को सक्षम बताकर पद छोड़ने से इंकार करे, तो नई पीढ़ी को अवसर कब मिलेगा?

लोकतंत्र का मूल सिद्धांत है कि कोई भी पद स्थाई नहीं होता। व्यक्ति पद से बड़ा नहीं होता। उसका सम्मान तब और बढ़ता है, जब वह सही समय पर पीछे हटने का साहस दिखाए। कुर्सी छोड़ना हार नहीं, कई बार सबसे बड़ी जीत होती है। राज्यसभा में 6 अप्रैल 2026 को सामने आया वह क्षण केवल शरद पवार की निजी अवस्था का दृश्य नहीं था वह भारतीय राजनीति के लिए एक गहरी चेतावनी बनकर उभरा। उसने साफ संकेत दिया कि जब शरीर जवाब देने लगे, तब अंततः कुर्सी भी किसी नेता को सहारा नहीं दे सकती। सच्चा और महान नेता वही होता है, जो केवल सत्ता पर बने रहना नहीं जानता, बल्कि सही समय पर सम्मान के साथ उसे छोड़ने का साहस भी रखता है। आज शरद पवार जैसे वरिष्ठ नेताओं के सामने यह अवसर है कि वे स्वयं आगे बढ़कर राजनीति में सेवानिवृत्ति की नई परंपरा शुरू करें। यदि वे सम्मानपूर्वक पीछे हटकर नई पीढ़ी के लिए रास्ता खोलते हैं, तो वही उनका सबसे बड़ा, सबसे प्रेरक और सबसे ऐतिहासिक योगदान माना जाएगा।

# कैसे सुधरे भारतीय पुलिस स्टेशनों की स्थिति




रजनीश कपूर

अक्सर हम फिल्मों और वेब सीरीज में यह देखते हैं कि किस तरह भारत की पुलिस को बुनियादी सुविधाओं और लाचार पुरानी व्यवस्थाओं के चलते अक्सर कोर्ट और मीडिया का शिकार बनना पड़ता है। जबकि वास्तविक स्थिति सभी को पता है कि पुलिस वाले भी आखिर इंसान ही होते हैं। यदि पुलिस से उम्मीद की जाए कि वह कानून व्यवस्था बनाए रखे तो क्या पुलिस व पुलिस थानों में बुनियादी जरूरतों का ध्यान रखना सरकार की प्राथमिकता नहीं होनी चाहिए? इस बात को नजरंदाज नहीं किया जा सकता कि फिल्में व टीवी शो समाज का आईना होते हैं। इनमें दिखाए जाने वाली पुलिस की लाच. ारी वास्तविकता पर ही आधारित होती है। आज जब सरकार 'डिजिटल इंडिया' और 'मॉडर्न पो. लिसिंग' का नारा लगाती है, तब भी देश के अधिकांश पुलिस स्टेशन उसी औपनिवेशिक युग की इमारतों में कैद हैं। बुनियादी सुविधाओं की कमी, जर्जर इंफ्रास्ट्रक्चर और पुरानी व्यवस्था न केवल पुलिस कर्मियों के काम को बाधित कर रही है, बल्कि आम जनता के लिए भी ए स्टेशन आतंक का प्रतीक बने हुए हैं। 2025 के इंडिया जस्टिस रिपोर्ट के अनुसार, 83 प्रतिशत पुलिस स्टेशनों में कम से कम एक सीसीटीवी कैमरा जरूर लगा है, लेकिन ऐसे कई मामले हैं जिनमें सुप्रीम कोर्ट के मानकों का पालन असंगत है। 78 प्रतिशत स्टेशनों में महिला हेल्पडेस्क बनी हैं, फिर भी महिला पुलिसकर्मियों का राष्ट्रीय औसत मात्र 12 प्रतिशत है। ग्रामीण क्षेत्रों में स्टेशनों की संख्या 2017–22 के बीच 7 प्रतिशत घट गई है, जबकि शहरी क्षेत्रों में 4 प्रतिशत बढ़ी।

जनवरी 2023 के केंद्रीय गृह मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, देश में 17,849 पुलिस स्टेशन हैं, जिनमें से 58 में वाहन नहीं, 680 में लैंडलाइन फोन नहीं और 282 में मोबाइल फोन तक नहीं हैं। कई स्टेशनों में बिजली, इंटरनेट और डिजिटल साक्षरता की भारी कमी है। बीपीआरडी (ब्यूरो ऑफ पुलिस रिसर्च एंड डेवलपमेंट) ने आधुनिक पुलिस स्टेशन भवनों के लिए मानक तय किए हैं, जिनमें आगंतुकों के लिए प्रतीक्षा कक्ष, शौचालय, जांच कक्ष और रिकॉर्ड रूम शामिल हैं, लेकिन ज्यादातर राज्यों में इनका पालन नाममात्र का है। असिस्टेंस टू स्टेट्स फॉर मॉडर्नाइजेशन ऑफ पुलिस (एएसयूएमपी) योजना के तहत केंद्र ने 2025–26 में 540 करोड़ रूपए आवंटित किए, लेकिन इसमें भी उपयोगिता कम पाई गई। सवाल उठता है कि यह जर्जर इंफ्रास्ट्रक्चर पुलिस कार्य को किस तरह बाधित कर रहा है? स्टेशन हाउस ऑफिसर (एसएचओ) को 24 घंटे ड्यूटी पर रहना पड़ता है, लेकिन ज्यादातर थानों में न तो आराम कक्ष ठीक हैं, न बैरक स्वच्छ। मैनुअल पेपरवर्क, पुराने रिकॉर्ड और भीड़भाड़ के कारण जांच में देरी होती है। जनता शिकायत दर्ज कराने आती है तो प्रतीक्षा कक्ष न होने से खुले में खड़ी रहती है। महिला आगंतुकों के लिए अलग शौचालय की कमी आम है। परिणामस्वरूप, पुलिस पर भरोसा घटता है और अपराधी लाभ उठाते हैं। सबसे दर्दनाक स्थिति मालखाने (पुलिस रिकॉर्ड रूम) की है। यहां सबूत, हथियार, नशीले पदार्थ और संपत्ति रखी जाती है, लेकिन ज्यादातर स्टेशनों में यह कमरा गंदा, भीड़भाड़ वाला और असुरक्षित होता है। मैनुअल रजिस्टर, चूहों–कीड़ों का आतंक और अपर्याप्त जगह के कारण सबूत बिगड़ जाते हैं। मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने 2024 में चूहों द्वारा सबूत नष्ट होने पर डीजीपी को आदेश दिया था कि मालखाने की नियमित देखभाल हो। दिल्ली के कई स्टेशनों में एक मालखाना अधिकारी के पास हजारों एग्जिबिट्स होते हैं, लेकिन स्टाफ की कमी से घंटों खोजबीन करनी पड़ती है। इससे सबूतों में छेड़छाड़, गुम होने या अदालत में अस्वीकार होने की घटनाएं आम हैं। कुछ राज्यों में ई–मालखाना शुरू हुआ है, जहां बारकोड और डिजिटल ट्रैकिंग से पारदर्शिता आई, लेकिन यह पूरे देश में लागू नहीं हुआ। इसी तरह, जब्त वाहनों की समस्या पर्यावरणीय आपदा बन चुकी है। देश भर के पुलिस स्टेशनों में हजारों जब्त कारें, बाइकें व अन्य छोटे बड़े वाहन सड़ रहे हैं। जो कि थानों से सटी सड़कों पर खड़े रहते हैं और यातायात बाधित करते हैं। ईंधन रिसाव, जंग, बरसाती पानी से मच्छर पनपते हैं, डेंगू–मलेरिया का खतरा बढ़ता है।

आग लगने का जोखिम तो हमेशा बना ही रहता है। पंजाब सरकार ने हाल ही में आदेश दिया कि सभी जब्त वाहन शहर से बाहर स्क्रैप यार्ड में शिफ्ट किए जाएं, लेकिन अन्य राज्यों में ऐसा नहीं हुआ। ऐसे में सुधार कैसे हो? सबसे पहले, बीपीआरडी के मॉडल पुलिस स्टेशन मानकों को सख्ती से लागू किया जाए। हर स्टेशन में डिजिटल रिकॉर्ड रूम (ई–मालखाना), सीसीटीवी नाइट विजन, पर्याप्त शौचालय, प्रतीक्षा कक्ष और महिला हेल्पडेस्क अनिवार्य हों। नियम उल्लंघन के बाद जब्त वाहनों के लिए अलग–अलग डिस्पोजल यार्ड और ऑनलाइन नीलामी की व्यवस्था हो।

# होम्योपैथी सौ से अधिक देशों में अपनाई जा रही है



योगेश कुमार गोयल

प्रतिवर्ष 10 अप्रैल को 'होम्योपैथी' के जनक माने जाने वाले जर्मन मूल के चिकित्सक, महान विद्वान, शोधकर्ता, भाषाविद और उत्कृष्ट वैज्ञानिक डा। क्रिश्चियन फेडरिक सैमुअल हैनीमैन के जन्मदिवस के अवसर पर 'विश्व होम्योपैथी दिवस' मनाया जाता है। होम्योपैथी को आधार बनाने के सिद्धांत से चिकित्सा विज्ञान की एक पूरी प्रणाली को प्राप्त करने का श्रेय डा. हैनीमैन को ही जाता है। इसीलिए उनके जन्मदिवस को 'विश्व होम्योपैथी दिवस' के रूप में मनाया जाता है। इस दिवस के आयोजन का उद्देश्य चिकित्सा की इस अलग प्रणाली के बारे में लोगों में जागरूकता पैदा करने के साथ–साथ प्रत्एक व्यक्ति तक इसकी पहुंच की सफलता दर को आसानी से बेहतर बनाना है। 10 अप्रैल 1755 को जन्मे डा. हैनीमैन के पास एमडी की डिग्री थी लेकिन उन्होंने बाद में अनुवादक के रूप में कार्य करने के लिए अपनी नौकरी छोड़ दी थी। उसके बाद उन्होंने अंग्रेजी, फ्रांसीसी, इतालवी, ग्रीक, लैटिन इत्यादि कई भाषाओं में चिकित्सा, वैज्ञानिक पाठ्यपुस्तकों को सीखा। होम्योपैथी एक ऐसी चिकित्सा पद्धति है, जो औषधियों तथा उनके अनुप्रयोग पर आधारित है।

देश में प्रतिवर्ष केन्द्रीय आयुष मंत्रालय होम्योपैथी दिवस की थीम निर्धारित करता है और देशभर में यह विशेष दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस वर्ष विश्व होम्योपैथी दिवस 'सतत स्वास्थ्य के लिए होम्योपैथी' विषय के साथ मनाया जा रहा है। विश्व होम्योपैथी दिवस के अवसर पर इस वर्ष डा. हैनीमैन की 271वीं जयंती मनाई जा रही है। इस दिवस के आयोजन का प्रमुख उद्देश्य भारत सहित दुनियाभर में होम्योपैथी औषधियों की सुरक्षा, गुणवत्ता और प्रभावकारिता को मजबूत करना, होम्योपैथी को आगे ले जाने की चुनौतियों और भविष्य की रणनीतियों को समझना, राष्ट्रीय नीतियों के विकास की रणनीति तैयार करना, अंतरपद्धति एवं अंतर्राष्ट्रीय अनुसंधान सहयोग, उच्चस्तरीय गुणवत्तापरक चिकित्सा शिक्षा, प्रमाण आधारित चिकित्सा कार्य और विभिन्न देशों में होम्योपैथी को स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं में समुचित स्थान दिलाकर सार्वभौमिक स्वास्थ्य के लक्ष्य को प्राप्त करना है। विश्व स्वास्थ्य संगठन का भी मानना है कि वैकल्पिक और परम्परागत औषधियों को बढ़ावा दिए बगैर सार्वभौमिक स्वास्थ्य के लक्ष्य को प्राप्त नहीं किया जा सकता और वैकल्पिक चिकित्सा पद्धतियों में विश्व में होम्योपैथी का प्रमुख स्थान है।

अपनी कुछ अलग ही विशेषताओं के कारण होम्योपैथी आज विश्वभर में सौ से भी अधिक देशों में अपनाई जा रही है तथा भारत तो होम्योपैथी के क्षेत्र में विश्व का अग्रणी देश है। दरअसल होम्योपैथी दवाओं को विभिन्न संक्रमित और गैर संक्रमित बीमारियों के अलावा बच्चों और महिलाओं की बीमारियों में भी विशेष रूप से प्रभावी माना जाता है। हालांकि होम्योपैथिक दवाओं के बारे में धारणा है कि इन दवाओं का असर रोगी पर धीरे–धीरे होता है लेकिन इस चिकित्सा प्रणाली की सबसे बड़ी विशेषता यही है कि यह रोगों को जड़ से दूर करती है और इन दवाओं के साइड इफेक्ट भी नहीं के बराबर होते हैं। होम्योपैथी



दवाएं प्रत्एक व्यक्ति पर अलग तरीके से काम करती है और अलग–अलग व्यक्तियों पर इनका असर भी अलग ही होता है। होम्योपैथी चिकित्सकों की मानें तो डायरिया, सर्दी–जुकाम, बुखार जैसी बीमारियों में होम्योपैथी दवाएं एलोपैथी दवाओं की ही भांति तीव्रता से काम करती हैं लेकिन अस्थमा, गठिया, त्वचा रोगों इत्यादि को ठीक करने में ए दवाएं काफी समय तो लेती हैं मगर इन रोगों को जड़ से खत्म कर देती हैं। होम्योपैथी के बारे में सरदार वल्लभभाई पटेल का कहना था कि होम्योपैथी को चमत्कार के रूप में माना जाता है। केन्द्रीय होम्योपैथी अनुसंधान परिषद के अनुसार चिकित्सा का ही एक वैकल्पिक रूप है होम्योपैथी, जो 'सम: समम् शमयति' अथवा

**अपनी कुछ अलग ही विशेषताओं के कारण होम्योपैथी आज विश्वभर में सौ से भी अधिक देशों में अपनाई जा रही है तथा भारत तो होम्योपैथी के क्षेत्र में विश्व का अग्रणी देश है। होम्योपैथी दवाओं को विभिन्न संक्रमित और गैर संक्रमित बीमारियों के अलावा बच्चों की बीमारियों में भी विशेष रूप से प्रभावी माना जाता है।**

'समरूपता' दवा सिद्धांत पर आधारित है, जो दवाओं द्वारा रोगी का उपचार करने की ऐसी विधि है, जिसमें किसी स्वस्थ व्यक्ति में प्राकृतिक रोग का अनुरूपण करके समान लक्षण उत्पन्न किया जाता है, जिससे रोगग्रस्त व्यक्ति का उपचार किया जा सकता है। भारत में होम्योपैथी सबसे लोकप्रिय चिकित्सा प्रणालियों में से एक है।

देशभर में 210 से ज्यादा होम्योपैथी अस्पताल, 8 हजार से ज्यादा होम्योपैथी डिस्पेंसरी और करीब तीन लाख होम्योपैथी प्रैक्टिशनर हैं। भारत में आयुष मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में विश्व होम्योपैथी दिवस मनाया जाता है। दिखने में भले ही होम्योपैथी दवाएं एक जैसी लगती हैं किन्तु वास्तव में विश्वभर में होम्योपैथी की 4000 से भी ज्यादा तरह की दवाएं हैं। होम्योपैथी के संस्थापक माने जाने वाले सैमुअल हैनीमैन का कहना था कि इलाज का उच्चतम आदर्श सबसे भरोसेमंद और कम से कम हानिकारक तरीके से स्वास्थ्य की तेज, कोमल और स्थाई बहाली है। चूंकि होम्योपैथी की अनेक दवाओं का प्रभाव रोगी के शरीर पर अपेक्षाकृत धीमी गति से प्रकट होता है जबकि एलोपैथी त्वरित राहत देने के लिए जानी जाती है, इसलिए लोकप्रियता के पैमाने पर दोनों पद्धतियों की तुलना अक्सर की जाती है। फिर भी यह तथ्य महत्वपूर्ण है कि होम्योपैथी आज भी विश्वभर में सबसे अधिक प्रचलित वैकल्पिक चिकित्सा प्रणालियों में शामिल है। इसका कारण केवल इसकी सुलभता या कम लागत नहीं बल्कि इसकी वह विशिष्ट उपचार पद्धति है, जो शरीर को स्वयं को संतुलित और स्वस्थ करने की दिशा में प्रेरित करती है। होम्योपैथिक उपचार रोग के लक्षणों को दबाने के बजाय उसके मूल कारण तक पहुंचने का प्रयास करता है, जिससे रोग की पुनरावृत्ति की संभावना भी कम हो जाती है।

यह पद्धति व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक पहलुओं को एक साथ ध्यान में रखती है, जिससे उपचार अधिक समग्र और प्रभावी बनता है। साथ ही, प्राकृतिक स्रोतों से निर्मित और अत्यंत सूक्ष्म मात्रा में दी जाने वाली दवाएं सामान्यतः दुष्प्रभाव रहित मानी जाती हैं तथा अन्य दवाओं के साथ प्रतिकूल प्रतिक्रिया की संभावना भी न्यूनतम होती है। यही कारण है कि आज के जटिल और दुष्प्रभाव–प्रधान चिकित्सा परिवेश में होम्योपैथी एक सुरक्षित, संतुलित और दीर्घकालिक स्वास्थ्य समाधान के रूप में अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज करा रही है।



कोलकाता। बारिश के बीच जेब्रा क्रॉसिंग पार करते लोग।

## अमेरिका-ईरान के बीच युद्धविराम समझौते में लेबनान शामिल नहीं: वेंस

**वाशिंगटन।** अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वैंस ने ईरान के साथ हुए युद्धविराम पर कहा कि उनका मानना है कि ईरान को यह गलतफहमी थी कि लेबनान को भी इसमें शामिल किया गया है। वैंस बुधवार को हंगरी से रवाना होते समय पत्रकारों से बातचीत में ये बातें कही। वैंस ने कहा कि युद्धविराम हमेशा पेचीदा होते हैं और उन्होंने ईरानी संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बगेर ग़ालिबफ के इस दावे का जवाब दिया कि अमेरिका ने ईरान के साथ युद्धविराम समझौते की तीन धाराओं का उल्लंघन किया है। ईरानी संसद के अध्यक्ष ने दावा किया था कि अमेरिका युद्धविराम समझौते के तीन बिंदुओं का उल्लंघन कर रहा है।

## होर्मुज पर लगे संभावित शुल्क से नाराज तेल कंपनियां: रिपोर्ट्स

**वाशिंगटन।** तेल कंपनियों के शीर्ष अधिकारियों ने व्हाइट हाउस से संपर्क कर होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने के लिए ईरान द्वारा संभावित शुल्क लगाए जाने की चर्चाओं पर चिंता जताई है। यह जानकारी पॉलिटिको अखबार ने मामले से परिचित एक स्रोत के हवाले से दी है। रिपोर्टों के अनुसार, तेल कंपनियों के अधिकारियों ने व्हाइट हाउस, विदेश मंत्री मार्को रुबियो और उपराष्ट्रपति जेडी वेंस से अपील की है कि वे शांति वार्ता की शर्त के रूप में ईरान को इस रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण हॉर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने के लिए शुल्क लेने की अनुमति देने का विरोध करें। स्रोत के मुताबिक, तेल उद्योग के प्रतिनिधियों ने बुधवार सुबह अमेरिकी विदेश विभाग में वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक कर उन्हें अपनी चिंताओं से अवगत कराया।

# ईरान के साथ सीजफायर राजनीतिक मजबूरी

## अमेरिका के पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार ने ट्रम्प सरकार की नीतियों को बताया खतरनाक

■ अगर यह समझौता लंबे समय तक नहीं टिका, तो अमेरिका, इजरायल और ईरान के बीच संघर्ष और भी ज्यादा गहरा सकता है



**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) जान बोल्टन ने एक बड़ी चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि ईरान के साथ हुआ मौजूदा युद्धविराम केवल राजनीतिक दबाव का नतीजा है। अगर यह समझौता लंबे समय तक नहीं टिका, तो अमेरिका, इजरायल और ईरान के बीच संघर्ष और भी ज्यादा गहरा सकता है।

बोल्टन ने पीटीआई वीडियोज को दिए एक इंटरव्यू में बताया कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्पने यह कदम घरेलू राजनीति की वजह से उठाया है। अमेरिका में पेट्रोल की बढ़ती कीमतें और ट्रम्प की गिरती लोक. प्रियता इसके पीछे मुख्य कारण हैं। बोल्टन का मानना है कि ट्रम्प को डर था कि ईरान के साथ लंबा युद्ध उनकी छवि को और खराब कर सकता है। उनके अनुसार, ट्रम्प अक्सर देश के हितों से ज्यादा अपने फायदे के बारे में सोचते हैं। अगर उनकी यह सोच जारी रही, तो अमेरिका को भविष्य में भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है। बोल्टन ने रणनीतिक खतरे का जिक्र करते हुए कहा कि ईरान को हार्मुज जलडमरूमध्य पर कब्जा करने देना एक बड़ी गलती होगी। पिछले 50 वर्षों से अमेरिका की यह नीति रही है कि खाड़ी के तेल वाले रास्तों पर किसी एक देश का नियंत्रण न हो। अगर ईरान वहां सबसे ताकतवर खिलाड़ी बनता है, तो यह अमेरिका की बड़ी रणनीतिक हार होगी। इस युद्धविराम को कराने में पाकिस्तान, तुर्की और मिस्र ने भी पर्दे के पीछे से भूमिका निभाई है। बोल्टन ने कहा कि ट्रम्प और पाकिस्तान के जनरल असीम मुनीर के बीच अच्छे संबंध हैं और ट्रम्प उन्हें खुश करना चाहते थे। उन्होंने आगे कहा, अंतर्राष्ट्रीय मामलों में ट्रम्पके साथ यही दिक्कत है। उन्हें लगता है कि अगर किसी के साथ उनके अच्छे संबंध हैं, तो वह उस पर भरोसा कर सकते हैं, और वह व्यक्ति सही काम करेगा। बोल्टन ने यह भी कहा हो सकता है चीन ने भी ईरान पर दबाव बनाया होगा ताकि तेल की सप्लाई का रास्ता खुल सके। ईरान की मौजूदा स्थिति पर बोल्टन ने कहा कि अमेरिकी हमलों ने ईरान की सेना (आईआरजीसी) और वहां के नेतृत्व को काफी चोट पहुंचाई है। लेकिन खतरा अभी टला नहीं है। ईरान की सरकार अभी भी सत्ता में है। बोल्टन ने चेतावनी दी कि अगर ईरान पर से पाबंदियां हटती हैं, तो वह तेल से मिलने वाले पैसे का इस्तेमाल अपने परमाणु और मिसाइल कार्यक्रम को फिर से खड़ा करने में करेगा।

# युद्धविराम वार्ता में नया संकट पैदा हुआ

## इस्लामाबाद में ईरान के राजदूत ने अपने प्रतिनिधिमंडल के पाकिस्तान पहुंचने संबंधी पोस्ट को हटाया

**तेहरान।** ईरान और अमेरिका के बीच युद्धविराम वार्ता में नया संकट पैदा हो गया है। पाकिस्तान में ईरान के राजदूत रजा अमिरी मोघम ने गुरुवार को इस्लामाबाद में होने वाली शांति वार्ता के संदर्भ में किया गया अपना एक सोशल मीडिया पोस्ट हटा दिया है। मोघम ने पहले पोस्ट किया था कि ईरानी प्रतिनिधिमंडल गुरुवार रात (10 अप्रैल) इस्लामाबाद पहुंचेगा। पोस्ट में यह भी कहा गया था कि यह दौरा ईरानी जनता के बीच व्याप्त संदेह के बावजूद हो रहा है, क्योंकि इजरायल द्वारा लगातार युद्धविराम का उल्लंघन किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य कूटनीतिक पहल को विफल करना है।

इस पोस्ट के हटाए जाने से युद्धविराम वार्ता की सफलता को लेकर लगाई जा रहीं अटकलें और तेज हो गई हैं। गौरतलब है कि अमेरिका और ईरान के बीच युद्धविराम से शांति की उम्मीदें जगी ही थीं कि इजरायल ने लेबनान में भीषण हमले शुरू कर दिए, जिसमें कम से कम 254 लोग मारे गए। ईरानी संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बागेर गालिबाफ ने तेहरान की शांति योजना के उल्लंघन की कड़ी आलोचना की है। गालिबाफ ने कहा कि लेबनान में जारी हमलों, ईरानी हवाई क्षेत्र में ड्रोन की घुसपैठ और ईरान के परमाणु संवर्धन के अधिकार को नकारे जाने के बीच युद्धविराम और बातचीत 'तर्कहीन' है। गौरतलब है कि गालिबाफ को ईरान की ओर से शांति वार्ता का नेतृत्व सौंपा गया है। सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर गालिबाफ ने ईरान के '10-सूत्रीय प्रस्ताव' के तीन प्रमुख खंडों के उल्लंघन का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि अमेरिका के प्रति हमारा गहरा ऐतिहासिक अविश्वास उसकी बार-बार की वादाखिलाफी से उपजा है, जो दुर्भाग्य से एक बार फिर दोहराया गया है। गालिबाफ ने तीन मुख्य उल्लंघनों का उल्लेख किया। पहला, लेबनान में युद्धविराम लागू करने के पहले खंड का पालन नहीं करना। दूसरा, ईरान के फार्स प्रांत के लार शहर में एक घुसपैठिया ड्रोन का प्रवेश, जो हवाई क्षेत्र के उल्लंघन न करने की शर्त का सीधा उल्लंघन है।



■ अमेरिका और ईरान के बीच युद्धविराम से शांति की उम्मीदें जगी ही थीं कि इजरायल ने लेबनान में भीषण हमले शुरू कर दिए जिसमें कम से कम 254 लोग मारे गए

## ईरान ने युद्धविराम के लिए रखी लेबनान में इजरायली हमले रोकने की शर्त

**तेहरान।** ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान ने कहा है कि पश्चिम एशिया में युद्धविराम लागू करने के लिए लेबनान में इजरायली हमलों का तत्काल रुकना एक प्रमुख शर्त है। उन्होंने कहा कि ईरान की 10-सूत्रीय योजना के तहत प्रस्तावित युद्धविराम 'ईरानी नेतृत्व और जनता के बलिदान का परिणाम' है और अब देश कूटनीति, रक्षा तथा जनभागीदारी के स्तर पर एकजुट रहेगा। पेजेश्कियान ने कहा, ष्ईरान द्वारा अपेक्षित सामान्य सिद्धांतों की स्वीकृति के साथ, यह युद्धविराम हमारे महान शहीद नेता खामेनेई के रक्त का फल था, और यह मैदान में समस्त जनता की उपस्थिति की उपलब्धि थी। आज से हम एकजुट रहेंगे, चाहे वह कूटनीति हो, रक्षा हो, जन-लामबंदी हो, या सेवा-प्रदान हो। दूसरी ओर, ईरान की संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बाकिर गालिबफ ने वार्ता से पहले ही समझौते के उल्लंघन पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि लेबनान में हमले जारी रहने, ईरानी हवाई क्षेत्र में ड्रोन घुसपैठ और परमाणु संवर्धन के अधिकार से इनकार जैसे कदमों के बीच युद्धविराम और बातचीत 'अतार्किक' है। ग़ालिबाफ ने कहा कि अमेरिका ने ईरान की 10-सूत्री योजना को वार्ता के आधार के रूप में स्वीकार किया है।

## समझौता होने तक ईरान के आसपास तैनात रहेंगे अमेरिकी जहाज, विमान: ट्रम्प

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि ईरान के साथ अंतिम समझौते के पूरी तरह लागू होने तक उनके युद्धपोत, विमान और सैन्य बल ईरान के आसपास तैनात रहेंगे। ट्रम्प ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ पर कहा कि अमेरिका के सभी जहाज, विमान और सैन्य कर्मी, अतिरिक्त गोला-बारूद, हथियार और अन्य सभी चीजें ईरान में और उसके आसपास तब तक तैनात रहेंगे, जब तक कि वास्तविक समझौते का पूरी तरह से पालन नहीं हो जाता। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि समझौता लागू नहीं हुआ, तो संघर्ष पहले से कहीं अधिक 'बड़ा, बेहतर और अधिक ताकतवर' रूप ले सकता है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने यह भी कहा कि अमेरिका लंबे समय से इस बात पर कायम है कि ईरान परमाणु हथियार विकसित नहीं करेगा और होर्मुज जलडमरूमध्य खुला तथा सुरक्षित रहेगा। उन्होंने संकेत दिया कि अमेरिकी सेना हर स्थिति से निपटने के लिए तैयार है और आगे की कार्रवाई के लिए पूरी तरह से सतर्क है।

## ट्रम्प ने रुट्टे से व्हाइट हाउस में मुलाकात की नाटो की आलोचना

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में नाटो महासचिव मार्क रुट्टे के साथ एक निजी बैठक के बाद, ईरान युद्ध में अमेरिका का समर्थन न करने के लिए नाटो की फिर से आलोचना की। यह जानकारी बीबीसी ने गुरुवार को दी। बैठक के बाद ट्रुथ सोशल पर साझा की गई एक पोस्ट में अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि जब हमें नाटो की जरूरत थी तब वे मौजूद नहीं थे और अगर हमें उनकी फिर से जरूरत पड़ी तो वे मौजूद नहीं होंगे। इस बीच, स्पष्ट मतभेदों के बावजूद रुट्टे ने सीएनएन को ट्रम्प के साथ अपनी मुलाकात को बहुत स्पष्ट और बहुत खुला करार दिया। बुधवार को होने वाली वार्ता से पहले, ट्रम्प ने नाटो से बाहर निकलने के विचार पर गौर किया था क्योंकि कई नाटो देशों ने वैश्विक तेल की बढ़ती कीमतों को कम करने के लिए होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने में मदद करने के उनके आह्वान का विरोध किया था। हालांकि व्हाइट हाउस ने वार्ता के विवरण का खुला. सा नहीं किया। नाटो महासचिव बुधवार को दो घंटे से अधिक समय तक व्हाइट हाउस में रहे, हालांकि ट्रम्प के साथ उनकी बैठक कितने समय तक चली यह ज्ञात नहीं है। इस बैठक का उद्देश्य ट्रम्प को यह समझाना और राजी करना था कि नाटो गठबंधन में बने रहना उनके और अमेरिका दोनों के हित में है।

# ट्रम्प के टैरिफ से घबरा गया चीन!



■ ईरान से मोड़ा मुंह, सैन्य मदद देने की खबरों से किया इन्कार, चीन की भूमिका पर वैश्विक बहस शुरू

**बीजिंग।** अमेरिका और इजरायल के साथ ईरान के तनाव के बीच चीन ने बड़ा बयान दिया है। चीन ने उन खबरों को सिरे से खारिज कर दिया है, जिनमें कहा जा रहा था कि उसने युद्ध के दौरान ईरान की सैन्य मदद की। इस बयान के बाद अंतर्राष्ट्रीय राजनीति में हलचल तेज हो गई है और चीन की भूमिका पर बहस शुरू हो गई है। दरअसल, चीन के रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता झांग शियाआ. ेगांग ने साफ कहा कि चीनी कंपनियों द्वारा ईरान को सैटेलाइट तस्वीरें या चिप बनाने का उपकरण देने की खबरें पूरी तरह गलत हैं।

उन्होंने कहा कि यह सिर्फ अफवाह और भ्रामक जानकारी है, जिसका कोई आधार नहीं है। चीन ने अमेरिका के उन आरोपों को भी खारिज किया, जिनमें कहा गया था कि चीन और रूस ईरान की मदद कर रहे हैं। चीन ने साफ शब्दों में कहा कि उसने ईरान को किसी भी तरह की सैन्य सहायता नहीं दी है। रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि चीनी कंपनी ने अमे. रिकी सैन्य ठिकानों की तस्वीरें जारी की थीं और सेमीकंडक्टर उपकरण उपलब्ध कराए थे, लेकिन चीन ने इन सभी आरोपों को नकार दिया। चीन ने अमेरिका के आरोपों पर पलटवार करते हुए कहा कि कुछ देश जानबूझकर चीन के खिलाफ गलत जानकारी फैला रहे हैं। चीन ने यह भी कहा कि अंतर्राष्ट्रीय समुदाय समझता है कि कौन युद्ध को बढ़ावा दे रहा है और कौन शांति की बात कर रहा है। चीन ने कहा कि वह हमेशा से ईरान मुद्दे पर निष्पक्ष और संतुलित रुख अपनाता रहा है। उसने दावा किया कि वह लगातार शांति वार्ता को बढ़ावा देता रहा है और कभी भी हालात को भड़काने का काम नहीं किया। चीन ने खुद को शांति समर्थक देश बताया। हालांकि माना जा रहा है कि अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रम्प के सख्त रुख और टैरिफ नीति के चलते चीन पर दबाव बना हुआ है। ऐसे में चीन का यह बयान वैश्विक कूटनीति में संतुलन बनाने की कोशिश के रूप में देखा जा रहा है।

## दुनिया होर्मुज पार करने के लिए ईरान को भुगतान स्वीकार नहीं करेगी: मित्सोताकिस

**वाशिंगटन।** यूनान के प्रधानमंत्री किरियाकोस मित्सोताकिस ने कहा है कि अंतर्राष्ट्रीय समुदाय होर्मुज जलडमरूमध्य से जहाजों के गुजरने के लिए ईरान को भुगतान करना स्वीकार नहीं करेगा। मित्सोताकिस ने जोर देकर कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य को पार करने के लिए भुगतान संबंधी अमे. रिका-ईरान समझौता नौवहन की स्वतंत्रता के लिए एक खतरनाक मिसाल साबित होगा। उन्होंने कहा कि लेबनान में संघर्ष विराम, ईरान, अमेरिका और इजरायल के बीच शांति समझौते का एक हिस्सा बनना चाहिए। गौरतलब है कि ट्रम्प ने मंगलवार रात को कहा कि वह ईरान के साथ दो सप्ताह के द्विपक्षीय संघर्ष विराम पर सहमत हो गए हैं।

## ईरान के तीन-सूत्री उल्लंघन के दावों पर बोले वेंस

■ हमेशा पेचीदा होते हैं युद्धविराम

**वॉशिंगटन/तेहरान।** अमे. रिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने ईरान द्वारा युद्धविराम समझौते के तीन बिंदुओं के उल्लंघन के आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि युद्धविराम हमेशा पेचीदा होते हैं। वेंस ने हंगरी से प्रस्थान से पहले संवाददाताओं से बातचीत में ईरान की संसद के स्पीकर मोहम्मद बाकर ग़ालिबाफ के उस बयान पर टिप्पणी की, जिसमें उन्होंने वॉशिंगटन पर युद्धविराम के तीन प्रावधानों के जानबूझकर उल्लंघन का आरोप लगाया था। वेंस ने कहा कि यदि ग़ालिबाफ के पास केवल तीन असहमति के बिंदु हैं, तो इसका अर्थ है कि काफी हद तक सहमति भी है। वेंस ने कहा कि युद्धविराम हमेशा थोड़ा अव्यवस्थित होता है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा युद्धविराम की घोषणा के एक घंटे के भीतर ही ईरान ने पड़ोसी देशों पर कई मिसाइलें दागीं, जिसके बाद इजरायल और कुछ खाड़ी अरब देशों ने जवाबी कार्रवाई की। उन्होंने कहा कि यही युद्धविराम की प्रकृति है। कोई भी युद्धविराम बिना कुछ उतार-चढ़ाव के नहीं होता। हम स्पष्ट रूप से यह चाहते हैं कि बमबारी रुके। हम अपने सहयोगियों से भी बमबारी रोकने को कहते हैं और ईरान से भी यही अपेक्षा रखते हैं। हमें संकेत मिल रहे हैं कि स्थिति सही दिशा में जा रही है, लेकिन इसमें थोड़ा समय लगेगा।

## एक्टर मैथ्यू पैरी की मौत के मामले में भारतीय मूल की महिला को 15 साल की सजा

**वाशिंगटन।** हॉलीवुड के मशहूर टीवी शो 'फ्रेंड्स' के अभिनेता मैथ्यू पैरी की मौत से जुड़े ड्रग्स मामले में अदालत ने भारतीय मूल की महिला जसवीन संघा को 15 साल की जेल की सजा सुनाई है। जसवीन को 'केटामाइन क्वीन' के नाम से भी जाना जाता है। जसवीन संघा ने पिछले साल सितम्बर में पांच आरोपों को स्वीकार किया था। इनमें केटामाइन बेचने का आरोप भी शामिल था, जिसे मैथ्यू पैरी की मौत की बड़ी वजह माना गया। केटामाइन एक बेहोश करने वाली दवा है, जिसका इस्तेमाल केवल डाक्टर की निगरानी में ही किया जाता है। मैथ्यू पैरी अक्टूबर 2023 में अपने घर के हाट टब में मृत पाए गए थे।

# सऊदी अरब और तेहरान के बीच नजदीकियां बढ़ी

## सऊदी के विदेश मंत्री प्रिंस फैसल बिन फरहान और ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची के बीच टेलीफोन पर एक लंबी बातचीत हुई





■ दोनों नेताओं ने न केवल खाड़ी में तनाव घटाने पर चर्चा की, बल्कि क्षेत्रीय स्थिरता बहाल करने पर भी जोर दिया
■ यह बातचीत ऐसे समय में हुई है जब लेबनान पर इजरायली हमलों ने कोहराम मचा रखा है

**तेहरान।** पश्चिम एशिया से एक ऐसी खबर आई है, जो पूरी दुनिया को हैरान भी कर रही है और राहत भी दे रही है। ईरान, इजरायल और अमेरिका के बीच पाकिस्तान में होने वाली निर्णायक शांति वार्ता से ठीक पहले सऊदी अरब और तेहरान के बीच नजदीकियां बढ़ती दिख रही हैं।

यह इस बात का संकेत हैं कि खाड़ी में अब बुलेट नहीं, बल्कि बातचीत का दौर शुरू होने वाला है। खबर है कि सऊदी अरब के विदेश मंत्री प्रिंस फैसल बिन फरहान और ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची के बीच टेलीफोन पर एक लंबी बातचीत हुई है। दोनों नेताओं ने न केवल खाड़ी में तनाव घटाने पर चर्चा की, बल्कि क्षेत्रीय स्थिरता बहाल करने पर भी जोर दिया। पश्चिम एशिया में तनाव के बाद यह पहली बार है जब दोनों देशों के विदेश मंत्रियों के बीच बातचीत हुई है। यह बातचीत ऐसे समय में हुई है जब लेबनान पर इजरायली हमलों ने कोहराम मचा रखा है। वहीं, जवाब में ईरान ने होर्मुज की घेराबंदी कर वैश्विक व्यापार को खतरे में डाल दिया है। इस बातचीत की गहराई को समझने के लिए थोड़ा पीछे मुड़कर देखना होगा। वर्षों से ईरान और सऊदी अरब के बीच तलवारें खिंची हुई हैं। अमेरिकी सैन्य कार्रवाई के बाद ईरान ने सऊदी अरब, कतर और यूएई जैसे देशों को सीधे तौर पर निशाना बनाया है। सऊदी के तेल ठिकानों पर भी ईरान ने हमले किए। लेकिन, इस बीच ईरान को समझ आ गया है कि उसे अपने पड़ोसियों के साथ तालमेल बिठाना ही होगा। कूटनीतिक जानकारों का मानना है कि ईरान अब शांति वार्ता से पहले इन क्षेत्रीय शक्तियों के साथ मिलकर एक 'सुरक्षा कवच' तैयार कर रहा है, जिससे अमेरिका और इजरायल पर कूटनीतिक दबाव बनाया जा सके।

# इमरान खान की बहनों पर आतंकवाद का केस

## आदियाला जेल से जुड़े मामले में 1400 अन्य भी नामजद



■ इनमें इमरान खान की बहनें नूरीन नियाजी और उज्मा खानम भी शामिल हैं
■ एफआईआर में हत्या के प्रयास और सरकारी काम में बाधा डालने जैसी गंभीर धाराएं भी शामिल की गई हैं

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के रावलपिंडी में आदियाला रोड पर हुए विरोध प्रदर्शन के बाद पुलिस ने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की बहनों, कई सांसदों और करीब 1400 अज्ञात लोगों के खिलाफ आतंकवाद निरोधक कानून के तहत मामला दर्ज किया है।

स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के मुता. बिक, यह एफआईआर बुधवार को आदियाला चेकपोस्ट के प्रभारी सब-इंस्पेक्टर की शिकायत पर दर्ज की गई। पुलिस ने आरोप लगाया है कि प्रदर्शनकारियों ने कानून-व्यवस्था को चुनौती दी, पथराव किया और पुलिस पर हमला किया, जिससे कम से कम नौ पुलिसकर्मी घायल हो गए। एफआईआर में हत्या के प्रयास और सरकारी काम में बाधा डालने जैसी गंभीर धाराएं भी शामिल की गई हैं। दरअसल, इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) ने अदियाला जेल में बंद अपने नेता से मुलाकात पर लगे प्रतिबंध के खिलाफ शांतिपूर्ण प्रदर्शन का आह्वान किया था। हालांकि, प्रशासन ने पूरे जिले में धारा 144 लागू कर दी थी, जिसके तहत 15 दिनों के लिए किसी भी तरह के सार्वजनिक जमावड़े पर रोक लगा दी गई। कड़े प्रतिबंधों के बीच पुलिस ने जेल के बाहर प्रदर्शन कर रहे पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं को हिरासत में ले लिया। इनमें इमरान खान की बहनें नूरीन नियाजी और उज्मा खानम भी शामिल हैं। पुलिस का दावा है कि मौके पर 41 संदिग्धों को पकड़ा गया था, लेकिन वे बाद में फरार हो गए, जबकि कई अन्य लोग भी घटनास्थल से भाग निकले। एफआईआर में यह भी उल्लेख किया गया है कि पथराव और लाठियों के इस्तेमाल से सरकारी और निजी वाहनों को नुकसान पहुंचा। पुलिस का कहना है कि आरोपियों ने राजनीतिक लाभ के लिए जानबूझकर अशांति फैलाने की कोशिश की, ताकि पंजाब की प्रांतीय सरकार पर दबाव बनाया जा सके। वहीं अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन एमनेस्टी इंटरनेशनल ने इस कार्रवाई की कड़ी आलोचना की है। संगठन ने इसे अवैध करार देते हुए कहा कि यह पाकिस्तान में शांतिपूर्ण विरोध के अधिकार को दबाने का एक और उदाहरण है।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

श्री कृष्णा वोकेशनल एण्ड पैरामैडिकल कॉलेज
गांधी कॉलोनी, मेन पचैण्डा रोड़, निकट गऊशाला, मुजफ्फरनगर
प्रवेश सूचना-पैरामेडिकल/वोकेशनल एण्ड यूनिवर्सिटी कोर्स
10th व 12th (OPEN Board) से करें (विषय-साइंस, आर्ट, कॉमर्स etc.)
प्रवेश- 10th हेतु- 8th पास/10thफेल, 12th हेतू-10th पास/12th फेल
(Fresh, Part Admission & TOC Facility Available) (Exam-July व Oct 2026)
NIOS(शिक्षा मंत्रालय) कोर्स- DNYS, Radiology (X-Ray Tech), CCH(एलोपैथिक), CAT(आयुर्वेदिक-पंचकर्मा टैक),CHD(होम्यापैथिक), Diploma in Yoga & YTTP, ECCE-(प्री-प्राईमरी शिक्षक हेतु), CCA (कम्पयूटर),ET (इलेक्ट्रिकल टैक.) ETC.
Contact us for UGC Approved University Courses:-
Dip. in CMS&ED, Dip. in Panchkarma Therapy, OT Tech., DMLT, BMLT, BNYS, Optometry, Ophthalmic, Dental Tech & Hygiene, Radiology & Imaging Tech, Dietician and Nutritionist, Optician Dispensing, MPHW, MRT, Agriculture, Bachelor (All Paramedical) BBA, MBA, BSC, MSC, B.Com, M.Com, M.A. B.A. Polytechnic, ITI, Nursing Assitant Etc.
M.: 8505978850, 9634519104